# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 03 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 89, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 185 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के ऊपर पहुंच गया। } 10

## अमेरिका में तरजीही बाजार पहुंच चाहता है भारत

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अपने उत्पादों के लिए अमेरिका में तरजीही बाजार पहुंच चाहता है। अमेरिका के साथ व्यापार बढ़ाने के मामले में भारत बेहद अनुकूल स्थिति में है। } 12

## नागरिक प्रथम का मंत्र अपनाने की जरूरत

### नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार ही सच्चा मानदंड : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भवः है और सार्वजनिक सेवा को नागरिकों की जरूरतों के प्रति अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। मोदी ने साधना सप्ताह कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा, शासन को अब सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर एक नयी पहचान दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्यवस्था ही मानदंड होनी चाहिए और उन्होंने लोक सेवकों से प्रतिदिन कुछ नया सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हमारी शासन व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में दिन-प्रतिदिन सुधार हो। यही हमारा सच्चा मानदंड है। प्रशासनिक संस्कृति में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पेट्रो रसायन उत्पादों के आयात पर तीन माह तक छूट

### प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन कलपुर्जे, कच्चा माल व मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को मिलेगा लाभ

एजेंसी




नयी दिल्ली। सरकार ने बृहस्पतिवार को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर तीन महीने यानी 30 जून तक सीमा शुल्क से छूट देने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। पश्चिम एशिया में संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन कलपुर्जे तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। एक अधिकारी ने कहा कि इस अस्थायी और लक्षित राहत से सरकारी खजाने पर लगभग 1,800 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा, लेकिन इससे मूल्य स्थिरता, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में निरंतरता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे और प्रसंस्करण क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो तथा देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है। पश्चिम एशिया युद्ध के कारण पोत परिवहन मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंता बढ़ गई है। भारत उर्वरक एवं पेट्रोलियम का बड़ा आयातक है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्वाई के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने पिछले सप्ताह वैश्विक कच्चे तेल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### इंडोनेशिया में भूकंप 7.4 की तीव्रता से हिली धरती

इंडोनेशिया। दक्षिण-पूर्व एशिया के देश इंडोनेशिया से एक बड़ी प्राकृतिक आपदा की खबर सामने आई है, जहां गुरुवार तड़के तेज भूकंप ने लोगों में दहशत फैला दी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.4 मापी गई, जो एक शक्तिशाली और खतरनाक स्तर का भूकंप माना जाता है। भूकंप का केंद्र समुद्र के भीतर था, लेकिन इसके झटके इतने तेज थे कि आसपास के तटीय इलाकों में भी इसका असर महसूस किया गया। इस घटना के बाद सुनामी का खतरा भी मंडराने लगा, जिससे लोगों में और ज्यादा डर फैल गया। जानकारी के मुताबिक, यह भूकंप पूर्वी इंडोनेशिया के तट से दूर मोलूका सागर में आया। इसकी गहराई लगभग 35 किलोमीटर बताई गई है, जो इसे और ज्यादा प्रभावशाली बनाती है। जब समुद्र के भीतर इतने बड़े स्तर का भूकंप आता है, तो अक्सर सुनामी का खतरा भी पैदा हो जाता है।

### प्रदेश में आज बंद रहेगी बिजली की ऑनलाइन सेवा

लखनऊ। बिजली उपभोक्ता 16 घंटे तक पावर कारपोरेशन की ऑनलाइन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाएंगे। इसमें ऑनलाइन उपभोक्ता पोर्टल, बिलिंग प्रणाली, यूपीपीसीएल कंज्यूमर एप पर उपलब्ध सभी ऑनलाइन सेवाएं मसलन बिल भुगतान, स्मार्ट मीटर रिचार्ज, बिल जेनरेशन, भार वृद्धि आदि शामिल हैं। दरअसल, पावर कारपोरेशन द्वारा गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि पावर कारपोरेशन और उसके सहयोगी डिस्कॉम पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम एवं केस्को के लिए आरएमएस बिलिंग प्रणाली पर मेंटेनेंस एवं कॉन्फिगरेशन करने के कारण शुक्रवार को रात्रि 10 बजे से शनिवार को दोपहर दो बजे तक, पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

# यूपी पुलिस में 81 हजार पदों पर होगी भर्ती

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस विभाग की विभिन्न इकाइयों की व्यापक समीक्षा की



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस एक वर्ष में यूपी पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह व्यापक भर्ती अभियान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश को एक सक्षम, ऊजार्वान और आधुनिक पुलिस बल उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार देर रात पुलिस विभाग के विभिन्न इकाइयों की जारी गतिविधियों और भावी कार्ययोजना की व्यापक समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, पारदर्शी कार्यप्रणाली और सक्षम मानव संसाधन पर समान रूप से ध्यान देना होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाई जाए, ताकि आमजन को सुरक्षा का मजबूत और भरोसेमंद वातावरण मिल सके। बैठक में बताया गया कि उपनिरीक्षक, आरक्षी सिविल पुलिस, रेडियो सहायक परिचालक, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए तथा पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) सहित विभिन्न श्रेणियों में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। इनमें से कुछ की प्रक्रिया प्रारंभ भी हो गयी है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को निर्देश दिए कि सभी सीधी भर्तियां पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से संपन्न कराई जाएं। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया को तकनीक आधारित बनाते हुए निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर जोर दिया, ताकि युवाओं का विश्वास और सुदृढ़ हो सके। पीआरवी-112 सेवा की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) की रणनीतिक लोकेशन तय करने तथा इनके सतत मूवमेंट को सुनिश्चित करने के निर्देश ...शेष पृष्ठ 10 पर

## समाज को जोड़ने का मजबूत माध्यम बना आकाशवाणी




केंद्र से समाचार सुनने को मिलते थे। आकाशवाणी ने हिंदी की उप भाषाओं तथा भोजपुरी, अवधी, गढ़वाली, कुमाऊंनी समेत अलग-अलग बोलियों के जरिये स्थानीय लोगों को जोड़ने का एक माध्यम बनाया। आकाशवाणी केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि ज्ञानवर्धन, आस्था का सम्मान व स्थानीय लोकभाषाओं-लोककलाओं के लिए सशक्त मंच भी था। सीएम योगी ने कहा कि गांव हो या शहर, जहां पहले कोई नहीं पहुंच पाता था, वहां आकाशवाणी पहुंच जाता था। 1924 में कांग्रेस के अधिवेशन में मो. अली जौहर ने वंदे मातरम का विरोध किया था। 1937 में कांग्रेस ने तय किया कि इसके पहले दो छंद गाए जाने चाहिए। 1938 ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मुख्यमंत्री योगी से मिले सिंगापुर के उच्चायुक्त

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सिंगापुर गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त साइमन वोंग ने गुरुवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई। उच्चायुक्त वोंग ने गत फरवरी माह में मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा को अत्यंत सफल बताते हुए कहा कि इस दौरे ने न केवल सिंगापुर, बल्कि आस-पास के देशों के औद्योगिक जगत में भी उत्तर प्रदेश के प्रति सकारात्मक और भरोसेमंद संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक समुदाय उत्तर प्रदेश को एक नए अवसर और संभावनाओं के केंद्र के रूप में देख रहा है, जो भारत-सिंगापुर संबंधों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उच्चायुक्त ने मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में प्रदेश में कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों की प्रशंसा की। उन्होंने उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश में कार्यरत सिंगापुर की कंपनियों ने यहां के निवेश वातावरण को अनुकूल बताया है और अपने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान में जल्द काम खत्म करेगी सेना : ट्रंप

### तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी, एशियाई शेयर बाजार गिरा

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ऐसे में ट्रंप के इस भाषण से जनभावना में कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं लगती। ट्रंप के बयान का वैश्विक वित्तीय बाजारों पर तत्काल असर दिखा। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी, 2026 को पहली बार हमला किया था जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की और पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना ...शेष पृष्ठ 10 पर

## होर्मुज पर 60 देशों की हुई बड़ी बैठक

नई दिल्ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की पहल पर करीब 60 से अधिक देशों के विदेश मंत्रियों ने ऑनलाइन तरीके से होर्मुज संकट पर गुरुवार को चर्चा की। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विक्रम मिसरी ने किया और अध्यक्षता ब्रिटेन के विदेश मंत्री यवेट कूपर ने की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य की आंशिक नाकाबंदी के मद्देनजर सुरक्षित समुद्री परिवहन सुनिश्चित करना था।

मिसरी ने वर्चुअल माध्यम से चर्चा में भाग लेते हुए क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन मार्गों की सुरक्षा पर नई दिल्ली का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने दुनियाभर के देशों के सामने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर जहाजों की बेरोकटोक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उत्तराखंड पुलिस 'राष्ट्रपति पुलिस कलर' से सम्मानित

### उत्तराखंड पुलिस का सम्मानित होना गौरव का क्षण : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर से सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पुलिस बल की प्रतिबद्धता, अनुशासन और निरंतर उत्कृष्ट कार्यशैली का राष्ट्रीय स्तर पर मिला गौरव है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ सहित सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास, समर्पण और कठिन परिश्रम का परिणाम है। इससे उत्तराखंड पुलिस ने देश के अग्रणी और भरोसेमंद पुलिस बलों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। सीएम धामी ने कहा कि राष्ट्रपति पुलिस कलर जैसा सम्मान पाने के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली का व्यापक और गहन मूल्यांकन किया जाता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर नियंत्रण, आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग जैसे कई मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण उत्तराखंड में कार्य करना चुनौतीपूर्ण है, ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 23.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- लखीमपुर में बसाये गये 331 हिन्दू परिवार (पृष्ठ-02)
- छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को दूसरा मौका (पृष्ठ-02)
- रिजर्व बैंक के कदमों से रुपया 156 पैसे मजबूत (पृष्ठ-10)
- कोल इंडिया की कंपनियों के कोयला उत्पादन में गिरावट (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** रक्षा निर्यात बीते वित्त वर्ष में 62.66 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पर

# रक्षा निर्यात में सफलता की शानदार कहानी लिख रहा देश

एजेंसी





नयी दिल्ली। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच पर जानकारी देते हुए कहा कि रक्षा निर्यात में यह बड़ी छलांग भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाती है। देश रक्षा निर्यात में सफलता की शानदार कहानी लिख रहा है।

उन्होंने कहा वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 62.66 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 14,802 करोड़ रुपये की इस बड़ी वृद्धि से भारत की स्वदेशी क्षमताओं और उन्नत विनिर्माण क्षमता पर वैश्विक भरोसा झलकता है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 54.84 प्रतिशत और निजी उद्योग का योगदान 45.16 प्रतिशत रहा जो सहयोगात्मक एवं आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र की ताकत को दर्शाता है। भारत का रक्षा निर्यात 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये और 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये रहा था। रक्षा मंत्रालय ने बयान में 2025-26 में दर्ज रक्षा निर्यात को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। मंत्रालय ने कहा भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में स्थान दिलाने के लक्ष्य के अनुरूप है। इसमें कहा गया योगदान के मूल्य के संदर्भ में, निजी क्षेत्र का रक्षा निर्यात में 17,353 करोड़ रुपये का योगदान रहा जबकि रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 21,071 करोड़ रुपये रहा। गत वित्त वर्ष में इनका योगदान क्रमशः 15,233 करोड़ रुपये और 8,389 करोड़ रुपये था। मंत्रालय ने कहा कि प्रणालियों व उप-प्रणालियों का सफल वैश्विक साझेदार होने के अलावा भारत वित्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लखनऊ के गांव में धार्मिक ढांचे पर चला बुलडोजर

विशेष संवाददाता

**हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई**

लखनऊ। राजधानी के बख्शी का तालाब तहसील अंतर्गत ग्राम अस्ती में ग्राम सभा की भूमि पर अवैध रूप से बने धार्मिक ढांचे पर अंततः माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर गुरुवार तड़के प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। गुरुवार तड़के प्रशानिक अधिकारियों ने भारी पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में न्यायालय के आदेश के बाद विवादित धार्मिक ढांचे पर बुलडोजर चला दिया। जानकारी के अनुसार ग्रामसभा अस्ती ब्लॉक बीकेटी की गाटा संख्या 648 जोकि अभिलेखों में पूर्व व वर्तमान में ग्राम सभा की भूमि के रूप में दर्ज थी उक्त भूमि एक धर्म विशेष से जुड़े लोगों ने धार्मिक स्थल का निर्माण अवैध रूप से कर लिया था मसले के प्रकाश में आने पर शिकायत के आधार पर तहसीलदार व अपर जिला अधिकारी द्वारा बेदखली का आदेश पूर्व में ही जारी किया गया था जिस निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की गई थी किंतु न्यायालय ने सुनवाई के बाद 25मार्च 2026 को पूर्व में जारी किए गए आदेश को बरकरार रखते हुए अपील खारिज कर दी अदालत ने साफ कहा की विवादित भूमि ग्राम सभा की संपत्ति है इस कारण उस पर किसी प्रकार का निजी ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# डेंटल कॉन्क्लेव 2026 : दंत उत्कृष्टता के 25 वर्षों का उत्सव

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** लखनऊ बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, जो कि बीबीडी विश्वविद्यालय का एक अंग है, ने 30 मार्च 2026 को एक भव्य डेंटल कॉन्क्लेव का आयोजन किया। यह आयोजन संस्थान के 25 गौरवशाली वर्षों को समर्पित था, जिसमें दंत शिक्षा, क्लिनिकल प्रैक्टिस, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। यह अवसर संस्थान की सिल्वर जुबली का प्रतीक था, जो इसकी अकादमिक उत्कृष्टता और पेशेवर उपलब्धियों की शानदार यात्रा को दशार्ता है। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास तथा बीबीडी की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास एवं श्रीमती देवांशी दास की प्रेरणा एवं दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित किया गया।

पिछले ढाई दशकों में इस संस्थान ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देते हुए कुशल, नैतिक और दक्ष दंत चिकित्सकों की पीढ़ियों को तैयार किया है। अकादमिक गुणवत्ता, क्लिनिकल दक्षता और शोध उन्नति पर विशेष ध्यान देते हुए इस कॉलेज ने क्षेत्र में दंत शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के एक प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है।

यह कॉन्क्लेव प्रतिष्ठित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र भर से प्रख्यात शिक्षाविदों, चिकित्सकों, शोधकताओं, पूर्व छात्रों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन ज्ञान आदान-प्रदान, पेशेवर नेटवर्किंग और दंत चिकित्सा में उभरते रुझानों पर चर्चा के लिए एक सशक्त मंच साबित हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. श्री कृष्ण श्रीवास्तव, प्रो-वाईस चांसलर प्रो. (डॉ.) सतीश चंद्र शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह, डीन छात्र कल्याण प्रो. (डॉ.) एस.एम.के. रिजवी तथा प्राचार्य प्रो. (डॉ.) नीता पासरिचा सहित कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे आयोजन को सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा, कुलपति, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में दंत चिकित्सा के भविष्य को आकार देने में नवाचार, अंतर्विषयक सहयोग और तकनीकी प्रगति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सिल्वर जुबली स्मारिका का भी विमोचन किया गया, जिसमें संस्थान की 25 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया। कॉन्क्लेव में एक रोचक एलुमनाई पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें वास्तविक क्लिनिकल अनुभव और पेशेवर विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। इसके पश्चात समकालीन दंत चिकित्सा विषयों पर एक ज्ञानवर्धक मुख्य व्याख्यान हुआ। साथ ही, क्लिनिशियन्स की राउंड टेबल चर्चा में आधुनिक तकनीकों और डिजिटल प्रगति के बढ़ते प्रभाव पर विचार-विमर्श किया गया, जो रोगी देखभाल और उपचार परिणामों को बेहतर बनाने में सहायक है।

इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भव्य सम्मान समारोह रहा, जिसमें विश्वविद्यालय के टॉपर्स, उत्कृष्ट बीडीएस एवं एमडीएम विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, 25 वर्षों से सेवाएं दे रहे समर्पित फैकल्टी एवं गैर-शिक्षण स्टाफ को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जो संस्थान की उत्कृष्टता और निष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कॉन्क्लेव का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया गया। यह समारोह न केवल संस्थान के गौरवशाली अतीत का सम्मान था, बल्कि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार, शिक्षा और उत्कृष्टता के माध्यम से भविष्य को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का भी पुनः पुष्टि करता है।

# जरूरतमंद को आवास और बीमार के इलाज की होगी व्यवस्था : सीएम

## लोगों की समस्याएं सुनकर दिया भरोसा, हर समस्या का करायेंगे सन्तुष्टिपरक निस्तारण

जिला संवाददाता (vol)



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। सीएम ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 100 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद मांगने आए लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को चॉकलेट देकर सीएम योगी ने उन्हें खूब पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।

## वाराणसी में आज से प्रारंभ होगा 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ
- बाबा विश्वनाथ को समर्पित होगी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। सीएम योगी व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बीएलडब्ल्यू में सम्राट विक्रमादित्य की जीवनी पर आधारित महानाट्य का शुभारंभ करेंगे। 3 से 5 अप्रैल तक मंचन वाले इस महानाट्य का उद्देश्य देश के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत की वैज्ञानिकता और उस युग के अनुपम योगदान से जनमानस को परिचित कराना है। भारतीय काल गणना की समृद्ध विरासत को पुनर्जीवित करने के इस प्रयास के अंतर्गत वाराणसी में सर्वप्रथम बाबा विश्वनाथ को वैदिक घड़ी समर्पित की जाएगी। इस घड़ी की विशेषता न केवल इसकी पारंपरिक गणना पद्धति है, बल्कि इसका डिजिटल विस्तार भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे वाराणसी पहुंचेंगे। शाम करीब 7 बजे वह बीएलडब्ल्यू ग्राउंड पर इस महानाट्य को देखेंगे। इसके आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 4 अप्रैल (शनिवार) की सुबह काशी कोतवाल बाबा कालभैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन भी करेंगे। वाराणसी के बीएलडब्ल्यू मैदान में 3 से 5 अप्रैल तक भारत के स्वाभिमान और विकास की गाथा का भव्य उत्सव मनाया जाएगा। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' का ऐतिहासिक मंचन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही हैं। सम्राट विक्रमादित्य आधारित महानाट्य की प्रस्तुति लगभग 1.45 घंटे की होगी। मंच पर 175 से अधिक कलाकार और सहयोगी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# वाराणसी में आज से प्रारंभ होगा 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। सीएम योगी, केंद्रीय पर्यटन-संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बीएलडब्ल्यू में सम्राट विक्रमादित्य की जीवनी पर आधारित महानाट्य का शुभारंभ करेंगे। 3 से 5 अप्रैल तक मंचन वाले इस महानाट्य का उद्देश्य देश के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत की वैज्ञानिकता और उस युग के अनुपम योगदान से जनमानस को परिचित कराना है।

भारतीय काल गणना की समृद्ध विरासत को पुनर्जीवित करने के इस प्रयास के अंतर्गत वाराणसी में सर्वप्रथम बाबा विश्वनाथ को वैदिक घड़ी समर्पित की जाएगी। इस घड़ी की विशेषता न केवल इसकी पारंपरिक गणना पद्धति है, बल्कि इसका डिजिटल विस्तार भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे वाराणसी पहुंचेंगे। शाम करीब 7 बजे वह बीएलडब्ल्यू ग्राउंड पर इस महानाट्य को देखेंगे। इसके आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 4 अप्रैल (शनिवार) की सुबह काशी कोतवाल बाबा कालभैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन भी करेंगे।

वाराणसी के बीएलडब्ल्यू मैदान में 3 से 5 अप्रैल तक भारत के स्वाभिमान और विकास की गाथा का भव्य उत्सव मनाया जाएगा। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' का ऐतिहासिक मंचन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही हैं। सम्राट विक्रमादित्य आधारित महानाट्य की प्रस्तुति लगभग 1.45 घंटे की होगी। मंच पर 175 से अधिक कलाकार और सहयोगी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।




## सीएम ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और आकाशवाणी के वरिष्ठ लोक सेवा प्रसारकों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर अनेक विभूतियों को सम्मानित किया। इन विभूतियों ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित होकर उत्तर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं आकाशवाणी की सफलता में नींव के पत्थर रहे वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को भी सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि सम्मान पाने वाले लोगों का योगदान खुद के लिए नहीं, बल्कि देश-प्रदेश और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए है। सीएम ने कहा कि नींव के पत्थरों को ढूंढना व सम्मानित करना गौरव का क्षण होता है। मुख्यमंत्री ने पद्म पुरस्कार प्राप्त विभूतियों को सम्मानित किया। सीएम के हाथों मंच पर साहित्यकार विद्या बिंदु सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं. हृदय नारायण दीक्षित (उनके पुत्रों अरुण दीक्षित व दिलीप दीक्षित ने ग्रहण किया), प्रो. सोनिया नित्यानंद (कुलपति केजीएमयू), मालिनी अवस्थी (लोकगायिका), अरुणिमा सिन्हा (दिव्यांग पर्वतारोही), डॉ. अनिल रस्तोगी (रंगमंच), रामशरण वर्मा (प्रगतिशील किसान), डॉ. सुनील प्रधान (चिकित्सक), डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. केके ठकराल, प्रो. नवजीवन रस्तोगी, प्रो. शादाब मोहम्मद, सुधा सिंह (खेल), एसएस सरकार (पुरस्कार प्रमोद मिश्र ने प्राप्त किया) को सम्मान मिला। सीएम योगी ने आकाशवाणी केंद्रों को ऊंचाई देने वाले वरिष्ठ लोक सेवा प्रसारकों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सुशील राबर्ट बनर्जी, सतीश कुमार ग्रोवर, यज्ञदेव पंडित, विजय कुमार बनर्जी, रज्जन लाल, नवनीत मिश्र, भोलानाथ, केवल कुमार को सम्मान मिला।

# पूर्वांचल से पश्चिमांचल तक, अब निषाद पार्टी ही निर्णायक ताकत है : डॉ संजय निषाद

**लखनऊ।** बृहस्पतिवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मा० कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, डॉ. संजय कुमार निषाद जनपद गौतमबुद्ध नगर के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने नोएडा प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी आज देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी दल है।



देश के अन्य राज्यों, जैसे केरल और बंगाल के चुनाव में भी निषाद पार्टी के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव जिताने के लिए तन-मन-धन से लगे हुए हैं। निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन त्रेता युग में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी और महाराजा गुह्यराज निषाद जी के मिलन जैसा पवित्र है। श्री निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी द्वारा प्रदेश में 04 स्थानों (गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ एवं वाराणसी) पर बड़ी सभाएं करने का एलान किया गया था, जिसे आप पत्रकार बंधुओं ने चुनावी आगाज का भी नाम दिया था। उसी क्रम में निषाद पार्टी ने जनपद गोरखपुर एवं प्रयागराज में सफल आयोजन किया।

मछुआ समाज के हजारों लोग उन रैलियों में पहुँचे और अपने आरक्षण, ताल-घाट, खनन-बालू, श्रेणी तीन की जमीन एवं क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत मिलने वाले अधिकारों को वापस पाने की माँग सरकार के समक्ष रखी गई है।

आगामी 05 अप्रैल को निषाद पार्टी द्वारा प्रदेश के जनपद मेरठ में होने वाली प्रस्तावित रैली को जनपद गौतमबुद्ध नगर में स्थानांतरित किया गया है, क्योंकि जनपद गौतमबुद्ध नगर के दनकौर में महान धनुर्धर वीर एकलव्य का द्वापर युग में छल और प्रपंच से अंगूठा कटवा दिया गया था। प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकारों ने भी द्रोणाचार्य की तर्ज पर मछुआ/कश्यप/निषाद/तुरैहा समाज से वोट तो लिया, किंतु नाम मात्र का मंत्री पद देकर इनके अधिकारों का अंगूठा काटने का काम किया। इसी क्रम में निषाद पार्टी कोर कमेटी ने तय किया कि जनपद गोरखपुर निषाद पार्टी की जन्मभूमि है, जनपद प्रयागराज में मछुआ समाज का गौरवशाली इतिहास है और जनपद गौतमबुद्ध नगर में मछुआ/कश्यप/निषाद समाज को छल से ठगने का एक बड़ा इतिहास रहा है। उस इतिहास को मछुआ समाज दोबारा न दोहराए, इसी के चलते रैली के स्थान को जनपद मेरठ से जनपद गौतमबुद्ध नगर में बदला गया है।

# बाबू जगजीवन राम ने न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया

**लखनऊ।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, उप प्रधानमंत्री, समाज सुधारक और वरिष्ठ राजनेता रहे बाबू जगजीवन की जयंती की पूर्व संध्या पर दिनांक 04 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विशाल गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय (पूर्व मंत्री) ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबू जगजीवन राम की सुपुत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार तथा मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो० रतन लाल जी विशेष रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुसूचित जाति के वर्तमान एवं पूर्व सांसदों/विधायकों के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। अजय राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी ने अपने जीवन में सामाजिक समता, न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। समता दिवस के आयोजन का उद्देश्य उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना तथा समाज में समानता और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करना है। श्री राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी ने देश के कृषि मंत्री के रूप में हरित क्रांति को अंजाम दिया। श्री अजय राय जी ने बताया कि बाबू जगजीवन राम जी ने के रक्षा मंत्री के रूप में 1971 के युद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया। अजय राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को जननायक श्री राहुल गांधी पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अपने नेता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस मुहीम को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विजय बहादुर पाठक को पितृ शोक, भाजपा ने जताया शोक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिता एवं जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राधे श्याम पाठक आजमगढ़ से जनसंघ के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके है और उन्होंने संगठन में भी विभिन्न दायित्वों पर सक्रिय रहकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, कान्ताकर्दम, संतोष सिंह, सलिल विश्नोई, सत्यपाल सिंह सैनी, नीलम सोनकर, कमलावती सिंह, बृजबहादुर, सुनीता दयाल, दिनेश कुमार शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, पद्म सेन चौधरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, देवेश कोरी, त्रयंबक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, अमर पाल मौर्य, अनूप गुप्ता, प्रियंका सिंह रावत, संजय राय, सुभाष यदुवंश, राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, चन्द्रमोहन सिंह, मीना चौबे, अंजुला माहौर, विजय शिवहरे, शंकर लोधी, शकुन्तला चौहान, अनामिका चौधरी, पूनम बजाज, अर्चना मिश्रा, अमित वाल्मीकि, बंसत त्यागी, शिव भूषण सिंह, सुरेश पासी, अभिजात मिश्रा, डीपी भारती, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, प्रदेश सह मुख्यालय प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, अतुल अवस्थी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, धर्मेन्द्र राय, प्रियंक पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, डा. समीर सिंह, मनीष शुक्ला, हीरो बाजपेयी, आलोक अवस्थी, अशोक पाण्डेय, जुगल किशोर, अनिल सिंह, राकेश त्रिपाठी, प्रशान्त वशिष्ठ, संजय चौधरी, आनन्द दुबे, साक्षी दिवाकर, आलोक वर्मा, महामेधानागर, अवनीश त्यागी, राज कुमार , अशोक तिवारी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव तथा शिव कुमार पाठक ने भी प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# लखीमपुर में बसाये गये 331 हिन्दू परिवार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की अलग-अलग तहसीलों के गांवों में बसाया गया है। इनमें धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के ग्राम मोहनपुर ग्रन्ट में 41 और मियांपुर गांव में सर्वाधिक 156 परिवारों को बसाया गया है। इसके अलावा गोला तहसील के गांव ग्रन्ट नंबर-3 में 37 परिवारों को बसाया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास वर्षों पहले किया गया था और अब ये यहीं स्थायी रूप से रह रहे हैं।

इन विस्थापित परिवारों को बसाने के साथ ही उन्हें खेती के लिए जमीन भी आवंटित की गई। गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर-3 में बसे 37 परिवारों को प्रति परिवार औसतन 3 एकड़ कृषि भूमि दी गई है। धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 60 परिवारों को प्रति परिवार औसतन 1.620 हेक्टेयर और 37 परिवारों को प्रति परिवार करीब 0.607 हेक्टेयर जमीन मिली है। मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 15 परिवारों को प्रति परिवार 3 एकड़, 9 परिवारों को प्रति परिवार 7 एकड़ और 17 परिवारों को प्रति परिवार 5 एकड़ कृषि भूमि का पट्टा दिया गया है।

वहीं मियांपुर गांव में बसे 156 परिवारों को प्रति परिवार करीब 4.75 एकड़ जमीन दी गई है, जिससे वे खेती कर अपनी आजीविका चला रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं दी गई, बल्कि सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। पात्रता के आधार पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा और वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा राशन वितरण, टीकाकरण, मनरेगा, मिड-डे मील, समग्र शिक्षा योजना, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जरिए इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी, दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि बांग्लादेश से विस्थापित होकर उत्तर प्रदेश पहुंचे 331 हिंदू परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनपद लखीमपुर की 3 तहसीलों में बसाया गया है। इन परिवारों को न सिर्फ कृषि योग्य जमीन आवंटित की गई, बल्कि राज्य व केंद्र सरकार की सभी जन-कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया है।

# छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को दूसरा मौका, सरकार फिर खोलेगी पोर्टल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में छात्र-छात्राओं के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए योगी सरकार ने छात्रवृत्ति से वंचित रह गए छात्रों को बड़ा मौका देने का फैसला किया है। समाज कल्याण विभाग जल्द ही शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत संचालित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के छूटे हुए छात्रों के लिए पोर्टल दोबारा खोलेगा, ताकि वे पुनः आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र छात्र केवल तकनीकी या अन्य कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित न रह जाए। इस योजना का लाभ सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के विद्यार्थियों को भी मिलेगा, जो सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार, पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी इसी तरह की पहल के तहत पोर्टल खोला गया था, जिसके माध्यम से 53,041 छात्रों को कुल 81.12 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई। इनमें अनुसूचित जाति के 25,395 छात्रों को 30.65 करोड़ रुपये तथा सामान्य वर्ग के 27,646 छात्रों को 50.47 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद छात्र तक शिक्षा का लाभ पहुंचे और कोई भी छात्र आर्थिक कारणों से अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। सरकार की यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

# सपा ने पीडीए की आवाज बुलंद की : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि दादरी में समाजवादी पार्टी को मिले जनसमर्थन से भाजपा के होश उड़ गये हैं। रैली के बाद सरकार के लोगों की भाषा बदल गयी है। सरकार अब जेपीएनआईसी, गोमती रिवरफ्रंट और मेट्रो की बात करने लगी है। वह कह रहे हैं कि मेट्रो उन्होंने चलवायी है जबकि जनता सच्चाई जानती कि मेट्रो समाजवादी सरकार में चली है।

जनता पूछ रही है कि यह बात असल में कह रहे हैं या असर में कह रहे है। श्री यादव ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है एक वनस्पति का बहुत विकास हुआ है। लखनऊ में फिर 200 किलोग्राम वनस्पति पकड़ी गयी है। अभी तक हम जानते थे ओटीटी पर गांजागंज फिल्म बनेगी लेकिन अब लगता है धुंआ धुंआधार भी फिल्म बनेगी। धुंआ बहुत उड़ रहा है। अखिलेश यादव ने आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में जिला संगठनों की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कहा कि पार्टी संगठन ने 2024 में बहुत शानदार काम किया था। पीडीए की आवाज बुलंद की थी। सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए जनता का सहयोग लिया था। आज हम सबने मिलकर सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए सरकार बनाने का संकल्प लिया है।

श्री यादव ने कहा कि जैसे अन्य प्रदेशों का विधानसभा चुनाव खत्म होगा वैसे ही भाजपा की पूरी फौज, बटालियन यूपी में आ जाएगी। हम देख रहे है कि दूसरे राज्यों में जहां चुनाव चल रहा है वहां भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर क्या-क्या काम कर रहे हैं। संगठन के लोग सावधान रहकर भाजपा की साजिश और षड्यंत्र को नाकाम करेंगे। प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए जमीन पर काम करेंगे। समाजवादी सरकार बनेगी, जनता के बुरे दिन खत्म हो जाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव के दौरान राज्यों के मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारी चुनाव आयोग के निर्देश पर तैनात होते हैं। उन्हीं के निर्देश पर काम करते हैं। चुनाव के समय कोई घटना होती है तो चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।

बंगाल में जो भी घटनाएं हो रही है, उसके लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि हमारा सवाल है, पिछली बार जब यूपी का चुनाव हुआ था तो क्या इतने अधिकारी हटाए गये थे, जितने बंगाल में हटाए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने उस समय कई अधिकारियों की शिकायत की थी, अधिकारी भाजपा के एजेण्ट बनकर काम कर रहे थे लेकिन कोई अधिकारी नहीं हटाया गया। इधर हम देख रहे है भाजपा के भ्रष्टाचार से वे अधिकारी भी निराश और दुःखी है जिनसे चुनाव में भाजपा ने काम लिया था।

संक्षेप

## आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित हुई सीटीईटी परीक्षा में वांछित जालसाज को लालगंज पुलिस ने दबोचकर जेल भेज दिया। नगर के अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बीती आठ फरवरी को सीटीईटी की परीक्षा में एक आरोपी को परीक्षार्थी के स्थान पर पहचान पत्र में हेराफेरी कर परीक्षा देते विद्यालय के शिक्षकों ने पकड़ा था। विद्यालय की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने गुरूवार को आरोपी को धर दबोचा। थाने के दरोगा बनवारी लाल पाल फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने आरोपी फतेहपुर जिले के धाता थाना के खरसेण्डवा निवासी आरोपी रितेश कुमार पुत्र जगपत को राजेन्द्र नगर चौराहे से हिरासत में ले लिया। पूछतांछ के बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थिति में घर के समीप युवक की मौत हो गयी। पीएम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के पूरे पौलहा गांव निवासी पैंतालिस वर्षीय जीतलाल वर्मा पुत्र ननकू वर्मा बुधवार की रात कुछ लोगों के साथ घर से लालगंज बाजार गया था। सुबह परिवार के लोगों ने घर से कुछ दूर उसे मृत हालत में देखा। घटना संदिग्ध देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने छानबीन के बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। गुरूवार की शाम पीएम के बाद परिजनों ने शव का श्रृंगवेरपुर में अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के दो पुत्र राहुल व प्रियांशु व एक पुत्री श्रेया है। घटना के बाद पत्नी उर्मिला का रो रो कर बुराहाल हो गया। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि सूचना पर शव का पीएम कराया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शातिर बदमाश की 31 लाख की संपत्ति कुर्क

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत एक शातिर अभियुक्त की 31.10 लाख रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति कुर्क की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गैंग लीडर राज कुमार वर्मा निवासी ग्राम टिना चितरी, थाना लीलापुर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी अवैध रूप से अर्जित अचल संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया गया। कुर्क की गई संपत्ति में ग्राम भदारीकला स्थित 137.8 वर्गमीटर (करीब 1482 वर्ग फीट) आबादी भूमि शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत 31,10,350 रुपये आंकी गई है।

## पुरानी रंजिश में संघर्ष, एक की मौत, छह घायल

कौशांबी। जिले के चरवा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा छह अन्य लोग घायल हो गये। चरवा थानाक्षेत्र के बरियावां गांव में रामानंद नामक व्यक्ति खेतों की ओर जा रहा था, तभी दूसरे पक्ष के प्रेम कुमार, अजय कुमार और पुनीत ने उसे घेर कर, लाठी-डंडों एवं धारदार हथियारों से हमला कर दिया। रामानंद की चीख-पुकार सुनकर उसके साथी शिव मूरत, राम प्रकाश और सुरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और रामानंद को बचाने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दूसरे पक्ष से प्रेम कुमार, अजय कुमार और पुनीत तथा प्रथम पक्ष से शिवमूरत, राम प्रकाश, सुरेंद्र कुमार और रामानंद घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय पुनीत की रास्ते में ही मौत हो गई। प्रजापत ने बताया कि उन्होंने क्षेत्राधिकारी चायल के नेतृत्व में मामले की जांच एवं अनावरण के लिए तीन टीम का गठन किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मृतक पुनीत के परिजन की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# राजकीय गेहूं क्रय केंद्र नौगढ़ का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर**/जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राजकीय गेहूॅ क्रय केन्द्र नौगढ़ का औचक निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने क्रय केंद्रों पर किसानों के पंजीकरण, तौल व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया तथा अभिलेखों के संधारण का गहनता से निरीक्षण किया। गेहूॅ क्रय केन्द्र पर कम खरीद हुई थी जिला पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र प्रभारी का स्पष्टीकरण जारी करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुचारू एवं समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों से सम्पर्क कर गेहूॅ खरीद में प्रगति लाये। जिलाधिकारी ने केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि ई-तौल मशीनों का सही उपयोग किया जाए तथा तौल में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गेहूं के सुरक्षित भंडारण एवं समय पर उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी रमेश कुमार श्रीवास्तव, मण्डी सचिव नौगढ़, तथा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लगायी महिला जागरूकता चौपाल



श्रावस्ती। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए श्रावस्ती पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेजझ्र5 (द्वितीय चरण) के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण में संचालित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न, महिला थाना एवं शक्ति मोबाइल टीम द्वारा विद्यालयों, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। चौपाल और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याएं सुनी गईं और उन्हें निर्भीक होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम द्वारा साइबर सुरक्षा को लेकर भी जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से कैसे बचा जाए। साथ ही यह सलाह दी गई कि ओटीपी किसी से साझा न करें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

## छह स्थानों पर लगी आग : 100 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख,



सिद्धार्थनगर- इटवा तहसील में गुरुवार को आग लगने की छह घटनाओं में लगभग 100 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इन घटनाओं से किसानों को भारी क्षति हुई है। आग सिरसिया, पकड़ी, परसा, केवतली, भगोसा और कठेला गांव के पंडितडीह टोला जलीडीहवा में लगी। दिन भर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आग लगने की सूचनाएं मिलती रहीं। खेतों में अचानक भड़की आग तेज हवा और सूखी खड़ी फसल के कारण तेजी से फैल गई। कई स्थानों पर आग की लपटें ऊंची उठ रही थीं और काले धुएं का गुबार दूर से दिखाई दे रहा था। कठेला गांव के पंडितडीह टोला जलीडीहवा में आग ने सबसे अधिक विकराल रूप ले लिया। यहां आग की लपटें लगातार फैलती रहीं, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति अनियंत्रित प्रतीत हुई। ग्रामीणों में अपनी फसल बचाने के लिए बेचैनी फैल गई और वे खेतों की ओर दौड़ पड़े। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग बुझाने का मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने पंपिंग सेट के माध्यम से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत और सामूहिक प्रयासों के बाद आग बुझाई जा सकी। अन्य प्रभावित गांवों में भी ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने में मदद की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कई स्थानों पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। क्षेत्र के कुछ गांवों में खेतों के ऊपर से 33 हजार वोल्ट और 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइनें गुजरती हैं, जिनमें तकनीकी खराबी या स्पार्किंग से आग लगने की आशंका जताई गई है। हालांकि, कुछ स्थानों पर आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। टनाओं के बाद तहसील प्रशासन लगातार सक्रिय रहा। संबंधित अधिकारी प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर रहे हैं और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है। आग लगने के कारणों की जांच भी कराई जा रही है। इस भीषण आगजनी में किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। कई किसानों की पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके। फसल कटाई के समय इस प्रकार की आग की घटनाएं किसानों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं। क्षेत्र में हाईटेंशन लाइनों की स्थिति और सुरक्षा उपायों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजली विभाग इस दिशा में ठोस कदम उठाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## लालगंज के बेलहा आईटीआई में प्रशिक्षण का संसद में गूंजा मुद्दा, प्रमोद ने दागा सवाल



प्रतापगढ़। जिले के लालगंज क्षेत्र के बेलहा स्थित आईटीआई में प्रशिक्षण शुरू न होने को लेकर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संसद में सवाल दागा है। बुधवार की देर शाम राज्यसभा में शिक्षा से जुडी चर्चा में शामिल होते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज तहसील के अन्तर्गत रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के बेलहा में सरकार की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की मंजूरी दी गयी। इसके तहत छः करोड़ सत्ताईस लाख इक्यावन हजार की लागत से भवन का निर्माण कराया गया। पिछले आठ वर्षो से इस संस्थान में शिक्षकों व स्टाफ की कमी से प्रशिक्षण नही हो रहा है। उन्होने सरकार को बताया कि इस संस्थान के छात्रों का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार से पूछा कि करोड़ों रुपए की धनराशि खर्च होने के बावजूद प्रशिक्षण न होने के कारण संस्थान को खोले जाने का क्या औचित्य है। उन्होने सरकार से अविलम्ब लालगंज में ही शिक्षकों की नियुक्ति कर छात्रों के प्रशिक्षण का गुणवत्तापूर्ण प्रबन्ध सुनिश्चित कराये जाने पर जोर दिया। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में सरकार की नाकामी पर भी गुरूवार को हमला किया है। उन्होने कहा कि गैस एजेन्सियो पर लोगों की लम्बी लम्बी लाईनें एलपीजी गैस सिलेण्डर को दोगुना से लेकर तीन गुना तक ब्लैक में खरीदने की पीड़ा झेलनी पड़ रही है। उन्होने कहा कि स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि किराए के कमरो मे रहने वाले छात्र या तो एक बार खाना खा रहे हैं या फिर पैसे की कमी के कारण चार चार, पांच पांच छात्र एक साथ खाना बना रहे हैं। उन्होने कहा कि एलपीजी संकट के कारण रोजी रोटी कमाने के लिए घर छोडकर शहरों मे आये मजदूर वापस अपने घरों को लौट रहे हैं। उन्होने पीएम से सवाल दागा कि दो हजार से बाइस सौ रुपए में एक सिलेण्डर की काला बाजारी पर क्या प्रधानमंत्री इस पर रोक लगायेंगे।

## भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान का भव्य शुभारंभ



कटरा श्रावस्ती। चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज, श्रावस्ती में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विधायक पंडित राम फेरन पांडे तथा पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर दयाल पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक पंडित राम फेरन पांडे ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान संगठन को गतिशील और सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि ह्लदेश एक मंदिर है और राष्ट्र देव की पूजा में हमें स्वयं को समर्पित कर देना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि हम हमेशा राष्ट्र को राजनीति से ऊपर रखते हैं। जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब उसमें अनुशासन और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध भी आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए दिवाकर शुक्ला ने कहा कि किसी भी आर्थिक योजना और विकास का आकलन समाज के सबसे निचले स्तर पर खड़े व्यक्ति के आधार पर होना चाहिए, न कि केवल ऊपरी वर्ग के आधार पर।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम श्रावस्ती मॉडल एवं इकौना मंडल के कार्यकताओं के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज दुबे, इकौना मंडल अध्यक्ष सत्यराम, जिला महामंत्री सुनील कुमार चौधरी, अर्चना बाजपेई, पूजा पांडे तथा प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव राहुल सिंह, राकेश सिंह ,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंडितडीह में 7-8 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक



सिद्धार्थनगर जिले के कठेला समय माता थाना क्षेत्र के कठेला गर्वी स्थित पंडितडीह टोला में गुरुवार दोपहर गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण बिना देरी किए मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बिना दमकल की सहायता लिए खुद आग बुझाने का मोर्चा संभाला। पुरुष, महिलाएं और युवा सभी बाल्टियों में पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। ग्रामीणों की तत्परता से आग को फैलने से रोका जा सके इस आगजनी में शांति, रिंकू, भोला, बजरंगी और मनोज सहित कई किसानों को भारी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर लेखपाल रणबीर यादव ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होंने प्रभावित किसानों को सरकार की ओर से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। काफी मशक्कत और सूझबूझ के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। उनकी तत्परता के कारण आग को आसपास के खेतों में फैलने से रोका जा सका, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस घटना के दौरान स्थानीय लोगों में प्रशासन और अग्निशमन विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी गयी ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना की तत्काल सूचना दिए जाने के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। एक स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि उन्हें दमकल गाड़ियों के आने की उम्मीद थी, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी कोई मदद नहीं मिली। ग्रामीणों का कहना था कि यदि उन्होंने समय रहते आग बुझाने का प्रयास न किया होता, तो कई एकड़ में खड़ी फसल जलकर खाक हो जाती। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। आशंका है कि यह बिजली के शॉर्ट सर्किट या किसी चिंगारी के कारण लगी होगी। प्रधान अनिल वर्मा ने कहा कि लेखपाल रणबीर यादव दमकल को फोन किए थे, लेकिन आग बुझने के बाद पहुंची थी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ पूजन अर्चन



प्रतापगढ़। हनुमान जन्मोत्सव पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मन्दिरों व जगह जगह भगवान हनुमान जी महराज की पूजा आराधना भक्तिभाव में दिखी। लालगंज के प्रतापगढ़ रोड पर स्थित श्री हनुमत निकेतन धाम मन्दिर का फूलों से आकर्षक श्रृंगार भक्तों को मन भाया। वहीं जगह जगह हनुमान जयंती पर सामूहिक भण्डारे तथा श्रीहनुमान चालीस एवं सुन्दरकाण्ड के मनोहारी पाठ में भी बजरंगबली का जयघोष गूंजता दिखा। प्रतापगढ़ रोड पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के संयोजन में हुए भण्डारे मे राहगीरों व व्यापारियों ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। यहां विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजू द्विवेदी, ऋषि द्विवेदी, चंदन पाण्डेय आदि भी भक्तों की सेवासंगत में जुटे दिखे। सूर्य नारायण मार्केट में राजेश मिश्र के संयोजन में भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के संगम चौराहे के समीप हुए भण्डारे का संयोजन अनूप पाण्डेय, रिंकू पटवा व ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने किया। श्रीहनुमत निकेतन धाम में सदाशिव जायसवाल तथा ब्रजघोष ओझा के संयोजन में प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर के समीप विजय कौशल के संयोजन में राहगीरों को हनुमान जन्मोत्सव पर शरबत पिलाया गया। रायबरेली रोड पर परमानंद आश्रम हरिहरमंदिरम में पुजारी अशोक तिवारी के संयोजन में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे में प्रसाद चखा। तहसील परिसर स्थित हनुमान जी के मंदिर में संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह के संयोजन में भजन संकीर्तन व प्रसाद वितरण में अधिवक्ताओं व कर्मचारियों की उत्साहजनक सहभागिता दिखी। नगर के भभया नगर में हुए भण्डारे में भी देर शाम तक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते दिखे। यहां पूजन अर्चन का संयोजन राजकुमार मिश्र पहलवान, ज्ञानू तिवारी, विद्याशंकर मिश्र, छोटेलाल सरोज, हृदय पाण्डेय ने किया।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई, मेधावी हुए पुरस्कृत



**प्रतापगढ़**। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के कंपोजिट विद्यालय रामपुर बावली में गुरूवार को विदाई समारोह एवं छात्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कंपोजिट विद्यालय पूरे रामचंद्र के शिक्षक शैलेन्द्र नाथ शुक्ल व पूरे वासी की शिक्षिका सुधा मिश्रा को अंगवस्त्रम प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर उपाध्याय ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान को याद किया। उन्होने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह जीवन भर सामाजिक कार्यो में अपनी भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों को मेडल व प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाली मीनाक्षी पुष्पाकर को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सुरेन्द्र नाथ शुक्ल व संचालन शिक्षक पंकज त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक आनन्द सिंह, बृजेन्द्र पाण्डेय, देवेश त्रिपाठी, रेनू सिंह, विजय आनन्द मिश्र, राधेकृष्ण तिवारी, नवीन कुमार, अजय सिंह, दिलीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जोगिया में हनुमान जयंती पर भंडारा



सिद्धार्थनगर- जोगिया चौराहे पर हनुमान जयंती के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हुआ, जिसमें भक्तों ने समस्त क्षेत्रीय लोगों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया। भगवान हनुमान की जयंती प्रतिवर्ष चैत्र पूर्णिमा को मनाई जाती है। उन्हें भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार के रूप में पूजा जाता है। इस दिन भक्त विशेष पूजा-अर्चना करते हुए हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हैं। इसी क्रम में, जोगिया चौराहे पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूजा-अर्चना संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी भक्तों से उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर अश्वनी जायसवाल, रामलाल मौर्य, योगेश मिश्रा, सूरज जायसवाल, विष्णु जायसवाल, समाजसेवी कृष्णनाथ यादव और बृजेश यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# हक की बात डीएम के साथ कार्यक्रम सम्पन्न

## मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं को मिला सम्मान सशक्तीकरण



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। नारी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत हक की बात, जिलाधिकारी के साथह्व कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने की। इसमें महिला ग्राम प्रधान, विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत महिलाएं और पीड़ित महिलाएं शामिल हुईं।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं से सीधे संवाद कर उनके दैनिक कार्यों और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने बेहतर कार्य करने वाली महिला ग्राम प्रधानों, छात्राओं और अन्य महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी किसी भी समस्या या शिकायत को बिना झिझक प्रस्तुत करें। प्रशासन उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करेगा। इस दौरान कई महिलाओं और छात्राओं ने अपनी समस्याएं रखीं और उनके समाधान की मांग की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निस्तारण संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समय से कराया जाए और इसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान हर वर्ष चलाया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। सरकार बालिकाओं के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और विवाह तक के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिशन शक्ति के तहत संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं और बालिकाओं तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल, कॉलेज और ग्राम पंचायत स्तर पर मिशन शक्ति से जुड़ी गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही हैं, जिससे समाज में जागरूकता बढ़े और सकारात्मक बदलाव आए।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. मुमताज, महिला थाना प्रभारी पुष्पलता, सरिता त्रिपाठी, कुसुम श्रीवास्तव सहित कई महिला ग्राम प्रधान, पीड़ित महिलाएं और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनता दर्शन में एसएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



सिद्धार्थनगर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें एसएसपी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 015 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 04 भूमि विवाद, 04 मारपीट तथा 07 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# हनुमान जन्मोत्सव पर महा प्रसाद भंडारा आयोजित



चरगांवा, गोरखपुर। नगर निगम के वार्ड नंबर 21 मोहनपुर (राजस्व गांव जंगल हकीम नंबर दो) पादरी बाजार गोरखपुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना के साथ महा प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। महा प्रसाद भंडारें में भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम के पूर्व नगर निगम के वॉर्ड नम्बर 21, मोहनपुर के पार्षद राम गति निषाद द्वारा ईष्ट देव हनुमान का पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर पार्षद राम गति निषाद सहित भाजपा नेता राकेश श्रीवास्तव, राम बेलास, रोहित निषाद, रजत, अमित कुमार व शनि सहित दर्जनों वार्ड वासी मौजूद रहे।

# बजरंग गर्जना यात्रा का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में शहीद नगर चौरी चौरा में बजरंग गर्जना यात्रा काआयोजन किया गया। श्रद्धा, उत्साह और जयघोष से ओत-प्रोत यह यात्रा पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना रहा। बजरंग गर्जना यात्रा राघोपुर से चलकर भोपा बाजार, मुंडेरा बाजार, के प्रमुख सड़कों से होता हुआ मुण्डेरा बाजार के गुड पड़ाव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर पहुंच कर विधि-विधान से यात्रा का समापन किया गया। जय श्रीराम व बजरंगबली की जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अमित वर्मा ने किया। उक्त अवसर पर



समाजसेवी एस के शर्मा, नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, पूर्व चेयरमैन ज्योति प्रकाश गुप्ता, मुन्ना भुज, दीपेश प्रांत मंत्री, नागेन्द्र मंडल अध्यक्ष, तारकेश्वर जायसवाल, निखिल जिलाध्यक्ष अमरेंद्, रंजीत मातृशक्ति संयोजिका कामिनी किरन, जिला संयोजिका सुनैना, संयोजिका रिंकी, प्रखंड संयोजक रोशनी, धर्मजागरण प्रमुख जयगोविंद सूर्या, कॉलेज विद्यार्थी प्रमुख आदित्य दबगर, प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र जी, प्रखंड मंत्री अंशु जी, संयोजक सागर जी, कुनाल जी, पंडित महामना फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक सचिन गौरी वर्मा, पल्लवी जायसवाल, डॉ. सत्यप्रकाश दुबे, आनंद वर्मा, योगेंद्र जायसवाल, छोटी, सानिया, सुजीत, काजल, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निकाली गई झांकियां लोगों को मंत्रमुग्ध मुग्ध कर रही थी।

# कौशल आधारित प्रशिक्षण से नारी उत्थान सम्भव : कुलपति

## ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ, राष्ट्रीय कला मंच एवं नैन सैन ब्यूटी एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के सभागार में ह्यसमग्र जीवन कौशल एवं व्यक्तित्व विकासह्ल विषय पर एक दिवसीय ह्लनारी निपुणताः ब्यूटीशियन प्रशिक्षणह्व कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन रहीं। अपने उद्बोधन में कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर महिलाओं के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्मनिर्भरता के सशक्त माध्यम बन रहे हैं। कौशल आधारित प्रशिक्षण से नारी उत्थान सम्भव है। उन्होंने छात्राओं को अपने कौशल को निखारने एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नैन सैन ब्यूटी एकेडमी की चेयरपर्सन श्यामली जायसवाल ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि एकेडमी का उद्देश्य महिलाओं एवं युवतियों को व्यावसायिक एवं व्यवहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उनके प्रयासों से अनेक छात्राएं स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित हो रही हैं और समाज में आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ की निदेशक प्रो. सुषमा पाण्डेय ने कहा कि व्यावहारिक कौशल व्यक्ति के समग्र विकास का आधार है तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय में शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. सुनीता दुबे तथा पूर्व महापौर डॉ. सत्या पाण्डेय उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण में कौशल विकास की भूमिका को रेखांकित करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

**Notice**

Inform that my father's name is wrongly listed as B M Rai on my high school marksheet, whereas his correct name is Balmukund Rai. My father's correct name should be entered on my marksheet as well.
**Satvik Rai, S/o Balmukund Rai, R/o- 538K/394 Triveni Nagar-2, Sitapur Road, Lucknow.**

# महिला घायल

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के अतायर गांव के सामने गुरूवार की शाम एक युवती स्कूटी से मझगांवा बाजार की तरफ से हाटा बाजार की तरफ जा रही थी तभी पीछे से आयी आटो अनियंत्रित होकर स्कूटी में टक्कर मार कर सड़क पर पलट गयी थी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं.-11 विकास खंड बाँकेगंज जनपद लखीमपुर (खीरी)**

पत्रांक मेमो/निविदा प्रकाशन दिनांक 02.04.2026

अल्पकालीन निविदा

विकास कार्य/स्वीकृत कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वित्तिय वर्ष 2026-27 में निर्धारित दरों पर अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल हेतु गेंहूँ का भूसा, हरा चारा आदि पशुओं के लिये खाद्य सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर में पंजीकृत हैं, में मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापपुर अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल ग्रन्ट नं. 11 में 31.03.2027 तक के लिये आपूर्ति सहित गेंहूँ का भूसा खरीद | भूसा | 2000 कु. |
| 2 | हरा चारा आपूर्ति सहित 31.03.2025 तक के लिये | हरा चारा | आवश्यकतानुसार |

निविद फार्म/क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बोधत दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत घर/ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं. 11 से दिनांक 03.04.2026 से 06.04.2026 तक रुपए 100 रू. जमाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 07.04.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। तथा 03.00 बजे अपराहन गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

चन्द्र प्रकाश
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं. 11
वि.ख.- बाँकेगंज (खीरी)

रीतू रंजना
प्रधान
ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं. 11
वि.ख.- बाँकेगंज (खीरी)

# मारकंडेय यादव को सीएम योगी ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

गोरखपुर। गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त, वरिष्ठ समाजसेवी, पिपराइच के लुहसी गांव निवासी मारकंडेय यादव के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार सुबह लुहसी स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मारकंडेय यादव का बुधवार सुबह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनकी गोरक्षपीठ के प्रति अगाध श्रद्धा थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह करीब सवा दस बजे लुहसी स्थित मारकंडेय यादव के आवास पर पहुंचे। उन्होंने स्मृतिशेष के पार्थिव शरीर व चित्र पर पुष्प अर्पित किए और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए महायोगी गुरु गोरखनाथ से प्रार्थना की। सीएम योगी ने स्वर्गीय मारकंडेय यादव के परिजनों, पत्नी गुड्डी यादव, पुत्रद्वय संजीव यादव व विशाल यादव, भाई हरेंद्र यादव, पुत्री वंदना यादव, दामाद हिमांशु यादव आदि से आत्मीयता से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया।

इस अवसर पर गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति संतराज यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पिपराइच नगर पंचायत के चेयरमैन संजय मद्धेशिया, वरिष्ठ नेता राधेश्याम सिंह, आनंद शाही, रणविजय सिंह मुन्ना आदि भी मौजूद रहे।

# गोरखपुर में राप्तीनगर डिपो करेगा संविदा चालकों की भर्ती

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित गोरखपुर के राप्तीनगर डिपो में बस चालकों की किल्लत हो गई है। जिसे दूर करने के लिए विभाग द्वारा संविदा चालकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए 10 अप्रैल को गोला में विभाग द्वारा कैंप लगाया जाएगा। जहां प्रतिभागियों का प्रथम टेस्ट लिया जाएगा। राप्तीनगर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि गोला कस्बे के चंद चौराहे पर भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा। रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता कम से कम आठवीं पास होनी चाहिए। जबकि शारीरिक उंचाई न्यूनतम 5 फीट 3 इंच होनी चाहिए।

# आदर्श शिशु निकेतन एकेडमी में मना एनुअल प्रोग्रेस डे



चौरीचौरा, गोरखपुरचौरीचौरा थाना क्षेत्र के आदर्श शिशु निकेतन एकेडमी में 'ऐनुअल प्रोग्रेस डे मनाया गया' कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र - छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्रॉफी और अन्य पुरस्कारों से नवाजा गया 'कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर बी. एन. जायसवाल ने दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया ' सरस्वती वंदना और अतिथियों के स्वागत के बाद मेधावियों के सम्मान का सिलसिला शुरू हुआ ' इसके अतिरिक्त वार्षिक उपलब्धि के अनुरूप विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिया गया ' कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के डायरेक्टर भी एन जायसवाल ने बताया कि गायन ,नृत्य ,कविता पाठ फैंसी ड्रेस कंपटीशन ,राखी मेकिंग एस्से, निबंध लेखन ड्रॉइंग पेंटिंग गुड राइटिंग डिक्टेशन श्रुतिलेख सर्वाधिक उपस्थिति आदि में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है। तथा तथा भविष्य में और उम्दा प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं। उक्त अवसर पर विद्यालय परिवार के उमेश चंद्र, दिनेश्वर शर्मा, सविता किरन मुस्कान शानिन चांदनी तनु सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे। जिसने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# 36 करोड़ से चौरीचौरा क्षेत्र में होगा सड़कों और पर्यटन स्थल का कायाकल्प : ई. सरवन निषाद

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा विधान सभा क्षेत्र में 36 करोड़ रुपए की लागत से क्षेत्र की सड़कों का नव निर्माण और तरकुलहा मंदिर परिसर का कायाकल्प होगा। उक्त जानकारी चौरीचौरा विधायक ई सरवन निषाद ने गुरूवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होने बताया कि 35,36 करोड़ की लागत से क्षेत्र की 17 सड़कों का नव निर्माण कराया जाएगा। साथ ही तरकूलहा मंदिर श्रद्धालुओं के लिए यात्री शेड व अन्य विकास कार्य कराए जाएगा। जिससे ग्रामीणों और आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी।

उन्होंने बताया कि विधानसभा चौरीचौरा क्षेत्र में लगातार सड़कों का काया कल्प किया जा रहा है। गड्ढा मुक्त सड़कों का जो वादा था उसको साकार किया जा रहा है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का जो नारा है, उसको साकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश का समूचा विकास हो रहा है। चौरी चौरा विधानसभा की जटिल समस्याओं का निराकरण करने के लिएलगातार प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि घटुली घाट पर पक्का पुल निर्माण लंबित था उसके लिए भी बजट आवंटित हो गया है। इसविधानसभा को मॉडल विधानसभा बनाना है। तरकुलहा मंदिर परिसर में विकास कार्यों की सूचना मिलते ही पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ तथा क्षेत्र के जुझारु व कर्तव्यनिष्ठ विधायक ई0 सरवन निषाद को स्थानीय लोगों ने बधाईयां देते हुए मिठाइयां वितरित किया है।

# 108-102 एंबुलेंस कर्मी सम्मानित



उन्नाव। राष्ट्रीय ईएमटी दिवस के अवसर पर जिला उन्नाव में 102 एवं 108 एंबुलेंस सेवाओं में कार्यरत इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ईएमटी सूरज कुमार, भगवानदीन, रोहित कुमार कर्मियों को उनके उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि म्डज्कर्मी अपने धैर्य, साहस और सेवा भावना के बल पर प्रतिदिन कई लोगों की जान बचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में उनकी तत्परता और समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल उन्नाव में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ईएमटी दिवस मनाया गया। इस मौके पर ईएमटी कर्मियों के बीच मिठाई का वितरण भी किया गया और उनके योगदान की सराहना की गई।

# एक करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा, हाईकोर्ट के आदेश पर बड़ी कार्रवाई



असोहा, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र के ग्राम बरौली में गुरुवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 1 करोड़ कीमत की सरकारी बंजर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। यह भूमि आराजी संख्या 444, तहसील पुरवा में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 0.999 हेक्टेयर है। इसमें से करीब 0.120 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। जानकारी के अनुसार, इस जमीन पर मोहम्मद इस्माइल राजा एवं अन्य लोगों द्वारा अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कर कब्जा कर लिया गया था। मामले में तहसीलदार, पुरवा न्यायालय द्वारा धारा 67(1) के तहत बेदखली का आदेश पारित किया गया था, जिसे जिलाधिकारी ने भी अपील में बरकरार रखा। इसके बाद कब्जाधारियों ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या 296/2025 दाखिल की, लेकिन न्यायालय ने राज्य पक्ष के पक्ष में फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने आज मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की और भूमि को कब्जा मुक्त कराया। यह पूरी कार्रवाई नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक हरीश्याम, रमेश, तथा लेखपाल प्रेम शंकर, निशांत, सूर्यप्रताप, आकाश, नितीश, आकृति और आनया मौजूद रहे। वहीं इंस्पेक्टर फूल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो सकी।

# लक्ष्मी गैस एजेंसी संचालक तरनपाल सिंह ने जनता की सहूलियत के लिए संभाली कमान

## उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद आसानी से मिल रही गैस

**इटावा।** वर्तमान में घरेलू व कमर्शियल गैस को लेकर शहर में अफवाहों का बाजार काफी गर्म है, लोग गैस पाने के लिए काफी परेशान हैं जबकि इटावा में गैस की कोई किल्लत नहीं है। गैस एजेंसियों पर बुकिंग के बाद आसानी से गैस मिल रही है। लक्ष्मी गैस एजेंसी के संचालक तरनपाल सिंह कालरा ने उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए स्वयं कमान संभाल रखी है और वह गैस एजेंसी पर बैठकर उपभोक्ताओं को पूरी तरह सन्तुष्ट कर रहे हैं। इससे एजेंसी पर लगने वाली भीड़ काफी हद तक नियंत्रित हो गई है। जो उपभोक्ता गैस एजेंसी पर परेशान हो रहे थे अब एजेंसी के संचालक तरनपाल सिंह कालरा उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को गैस के लिए परेशान न होना पड़े। लक्ष्मी गैस एजेंसी पर संचालक तरनपाल सिंह कालरा सहित पूरी टीम उपभोक्ताओं की सेवा के लिए तैनात है। परिणाम स्वरूप लक्ष्मी गैस एजेंसी पर पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को काफी राहत मिल रही है। विदित हो कि शहर में इस बात का भ्रम जोरों पर है कि गैस की किल्लत है इसलिए लोग गैस सिलेंडरों का स्टॉक करने के चक्कर मे परेशान हो रहे हैं जबकि लक्ष्मी गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को आसानी से गैस सिलेंडर प्राप्त हो रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं की केवाईसी की समस्या है तो इसके समाधान के लिए भी लक्ष्मी गैस एजेंसी पर एक टीम सक्रिय होकर कार्य कर रही है जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिल रही है।

# हनुमान जयंती पर मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हनुमान जयंती पर मंदिर में आस्था का जनसैलाब, भव्य कन्या भोज व भंडारा आयोजित

उन्नाव। श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सिविल लाइंस स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में आयोजित चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन भव्य कन्या भोज व भंडारे के साथ हुआ। अंतिम दिवस मंदिर परिसर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, भाजपा नेता विमल द्विवेदी, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण भानू मिश्रा सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वही एडिशनल एसपी अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट, जेल अधीक्षक समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मंदिर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह 10 बजे आरती-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से कन्याओं को भोजन कराकर पुण्य अर्जित किया। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों, जयकारों और मंत्रोच्चार की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। देर रात तक भंडारे का क्रम निरंतर चलता रहा।

# मां चंद्रिका देवी तट पर लगा भक्तों का तांता



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र में स्थित सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ पावन चंद्रिका देवी मंदिर बक्सर तट पर प्रत्येक पूर्णमासी की भांति इस बार भी भव्य महागंगा आरती संपन्न हुयी। तहसील बीघापुर क्षेत्र के प्रतिष्ठित युवा समाजसेवी व शिक्षाविद अनुराग त्रिवेदी द्वारा आयोजित इस भव्य आरती में क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। आरती के दौरान समूचा तट पर शिव तांडव, वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से गुंजायमान भव्य भंडारा का भी आयोजन रहा। इस अवसर पर अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का विस्तार और गंगा की स्वच्छता व महत्ता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। स्थानीय निवासियों ने इस धार्मिक पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने वाला कदम बताया है। इस अवसर पर छन्नू त्रिवेदी भोला त्रिवेदी रानू त्रिवेदी युवा समाजसेवी अंकित पांडेय गुड्डू, राजन पंडित, अजीत, मुकेश यादव, संतोष यादव, मोना सिंह प्रधान, लाला, पप्पू सिंह प्रधान, मोहित मुन्ना सिंह, पंकज, अबरीश गुप्ता, शिवम तिवारी, रोहित शर्मा, ऋषि तिवारी, अनुज गुप्ता काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना



भरथना, इटावा। पंचकुंडीय महायज्ञ में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्तजनों ने सामूहिक रूप से पूर्णाहुति डाल सर्वकल्याण की कामना करते हुए अपने आराध्य संकटमोचन अंजनीपुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास व उमंगता के साथ श्रद्धाभाव से मनाया। साथ ही अन्य हनुमान मन्दिरों में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ हनुमान जन्मोत्सव बडे ही भव्यता के साथ मनाया गया। गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कस्बा के मुहल्ला स्टेशन रोड स्थित नरसिंह मन्दिर प्रांगण में स्थापित हनुमान मन्दिर पर पंचकुण्डीय महायज्ञ में करीब एक सैकडा से अधिक श्रद्धालु महिला-पुरूषों ने पूर्णाहुति डाल अपने आराध्य का आवाहन किया। आचार्य बृजेन्द्र नाथ शुक्ला व बण्टी शुक्ला द्वारा कराये गये वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन उपरान्त मन्दिर परिसर में बने पंचकुण्डीय महायज्ञ में सामूहिक रूप से श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति डालकर सर्वकल्याण की कामना की। साथ ही अपने आराध्य पवनसुत हनुमान जी के जन्मोत्सव की खुशियां बांटी और प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही मोती मन्दिर, दाऊजी मन्दिर, होमगंज, मिडिल स्कूल, महावीर नगर स्थित बडे हनुमान जी मन्दिर, पागल बाबा मन्दिर, आजाद रोड के दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर, स्टेशन परिसर हनुमान मन्दिर सहित नगर व क्षेत्र के समस्त हनुमान मन्दिरों पर भोर होते ही मंगल स्नान के साथ विधिविधान से पूजन अर्चन व वन्दन के श्रृंगार के साथ आकर्षक व अद्भुत साज-सज्जायुक्त मन्दिरों में श्रद्धालुओं का पूजा पाठ के लिए आवागमन शुरू हो गया। साथ ही हनुमान मन्दिरों पर हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड आदि धार्मिक अनुष्ठान व प्रसाद वितरण व भण्डारा का आयोजन किया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से दामाद घायल, ससुर की मौत

बकेवर, इटावा। थाना बकेवर क्षेत्र के कस्बा अहेरीपुर के पास टैक्टर की टक्कर से घायल ससुर दामाद में से घायल ससुर की सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान में 6 दिन बाद मौत हो गयी। जिससे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। अनुज पुत्र रिंकू निवासी निवाड़ी खुर्द अपने ससुर चंद्रकेश सक्सेना पुत्र छोटेलाल निवासी उझियानी के साथ बाइक से महेवा से अपने गांव जा रहे थे। तभी अहेरीपुर कस्बा के पास रामताल के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा लाया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी हालत बिगड़ने पर दोनों को सैफई रेफर किया गया। बताया गया कि सैफई में इलाज के दौरान 55 बर्षीय ससुर चंद्रकेश सक्सेना की मौत हो गई। जबकि दामाद अनुज का इलाज जारी है। घटना के बाद मृतक के गांव उझियानी में शोक का माहौल है। वहीं परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है।

# भाजपा नेत्री को फोन पर धमकी, आगरा निवासी पर केस दर्ज

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के मोहल्ला लुधपुरा निवासी भाजपा नेत्री दीपिका उर्फ पूजा ने गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और अवैध मोबाइल कारोबार में संलिप्तता के आरोप में आगरा निवासी एक युवक के खिलाफ थाना जसवंतनगर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता दीपिका पुत्री लाल जी ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 12 फरवरी 2026 को आगरा जिले के शमशाबाद क्षेत्र निवासी अर्जुन चक ने उन्हें फोन कर अश्लील गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने अपने नंबर के बजाय दूसरे मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर कॉल किए, जिससे पहचान छिपाने का प्रयास किया गया। दीपिका का कहना है कि कॉल की रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है, जिसे उन्होंने साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंप दिया है। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी पुराने मोबाइल फोन अवैध रूप से खरीद-बिक्री करता है और उनके आईएमईआई नंबर बदलकर बेचता है, जो कानूनन गंभीर अपराध है। पीड़िता ने आरोपी के आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से संबंध होने का भी आरोप लगाया है और अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी आरोपी की होगी। थानाध्यक्ष कमल भाटी का कहना है कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुस्लिम पड़ोसियों ने हिंदू बुजुर्ग का किया अंतिम संस्कार

इटावा। शहर के कांशीराम कॉलोनी क्षेत्र में एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने इंसानियत, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की एक मजबूत मिसाल पेश की। यहां 72 वर्षीय रिटायर्ड होमगार्ड आनंद स्वरूप की मौत के बाद जब उनके कोई परिजन सामने नहीं आए, तब उनके मुस्लिम पड़ोसियों व सामाजिक कार्यकताओं ने आगे बढ़कर न सिर्फ उनकी सेवा की बल्कि पूरे सम्मान के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से उनका अंतिम संस्कार भी किया। इस कार्य में रक्तदाता समूह संगठन ने सहयोग किया। आरटीओ आफिस के पास कांशीराम कालोनी के कमरा नंबर 18 में रहने वाले आनन्द स्वरूप पुत्र मदन गोपाल पिछले 20 वर्षों से अकेले रह रहे थे। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबियत लगातार बिगड़ रही थी। उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी और शरीर भी काफी कमजोर हो गया था। ऐसे समय में उनके पड़ोसी मोहम्मद वाजिद अहमद और रेशमा ने उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाई और हर संभव मदद की। जब उनकी हालत ज्यादा गंभीर हो गई तो मोहम्मद वाजिद ने उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड निम्न सबस्टेशनों की स्क्रैप विक्रय हेतु ई-नीलामी के लिए बोलियाँ आमंत्रित करता है :**

220 के.वी. सबस्टेशन सैफई, 132 के.वी. सबस्टेशन इटावा, 132 के.वी. सबस्टेशन जसवंतनगर, 132 के.वी. सबस्टेशन ताखा, 220 के.वी. सबस्टेशन भरथना, 132 के.वी. सबस्टेशन चकरनगर जिला-इटावा (उ.प्र.), ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथिः 07.04.2026

132 के.वी. सबस्टेशन बिधुना, 132 के.वी. सबस्टेशन दिबियापुर, 132 के.वी. सबस्टेशन औरैया, जिला-औरैया (उ0प्र0), ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 07.04.2026

220 के.वी. सबस्टेशन भरथना, जिला-इटावा (उ.प्र.), ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 16.04.2026

● ई-ऑक्शन वर्तमान दशा ('as is where is') के आधार परए विभिन्न सामग्री का अलग-अलग लॉट मे M/s M.S.T.C. के माध्यम से किया जाएगा। ● स्क्रैप का स्थल :- * 220के.वी. उपकेन्द्र, सैफई, इटावा * 132 के.वी. उपकेन्द्र, कुनैरा, इटावा * 132के.वी. उपकेन्द्र, जसवंतनगर, इटावा * 132 के.वी. उपकेन्द्र, ताखा, इटावा * 220के.वी. उपकेन्द्र, भरथना, इटावा * 132 के.वी. उपकेन्द्र, चकरनगर, इटावा * 132 के.वी. उपकेन्द्र, बिधुना, औरैया * 132 के.वी. उपकेन्द्र, दिबियापुर, औरैया * 132के.वी. उपकेन्द्र, औरैया ● ई-ऑक्शन विवरण * विभिन्न सामग्री हेतु ई-ऑक्शन सं.-MSTC/LKO/UPPTCL/1/Etawah/26-27/624 * 100एम. वी.ए. परिवर्तक हेतु ई-ऑक्शन MSTC/LKO/UPPTCL/1/Etawah/26-27/1823 * नीलामी सूची तथा अन्य नियम व शते www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है। * नीलामी से सम्बन्धित जानकारी और संशोधन (यदि कोई हो तो) केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे। ● सम्बन्धित अधिकारियों की संपर्क सूचना :- * harivir.singh@upptcl.org/Mob. No. 8874204732 * rachit.maurya@upptcl.org/ Mobile No- 8874203563 * rampal.singh@upptcl.org/ Mob. No. 8874003821 * murtaza.ali@upptcl.org/ Mob. No. 8874204731

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''
(पत्रांक : 04, दि. 02.04.2026)

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**E-TENDERING NOTICE**

Sr. Divisional Materials Manager, N. E. Railway, Varanasi for and on behalf of President of India, invites Tender through E-Procument system "Open Tender" for the supply of the following item. Complete description of the item and other terms and conditions are available on website **www.ireps.gov.in.** **Sr.No:-** 01, **E-Tender No.:-** 50265276, **Due Date:-** 04/05/26, **Description:-** सप्लाई ऑफ हाई डेंसिटी पॉलीइथाइलीन पाइप (HDPE) ऑफ 110 एमएम आउटर डाया, 10 एमएम वाल थिकनेस, अलोंग विथ वन कोप्लेर फॉर एव्री 6 मीटर्स एज पर स्पेसिफिकेशन न. IS 4984:2016 विथ लेटेस्ट अमेंडमेंट्स एंड मटेरियल ग्रेड :PE80, **Quantity:-** 13,500 Metre, **Earnest Money:-** Rs. 176330.00, **NOTE:-** The Firms, who desire to participate in e-tender are advised to electronically register themselves on the above website for which they would require to have a Class-III Digital signature Certificate Authority Licensed by CCA of India. Manual offers against e-tenders will not be considered.

**Sr. Divisional Materials Manager,**
मुजाधि / एस-01 **Varanasi**

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

संक्षेप

## 13 बच्चों की मां प्रेमी साथ फरार

मोहम्मदी खीरी। विद्यालय में कार्यरत एक महिला पति और 13 बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार होते समय की घटना विद्यालय के सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई पति ने नामित आरोपी के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। गांव तुरकहटा टप्पा गोकन निवासी अजय कुमार ने बताया उसकी पत्नी यूडीसीए स्कूल में सफाई कर्मचारी है दिन के 3:30 बजे कार्य के दौरान एक बाइक चालक कॉलेज के पास आकर रुका और उस पर उसकी पत्नी को बैठाकर ले जाने की घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई देर शाम कॉलेज पहुंचकर पत्नी के न मिलने पर विद्यालय प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें बाइक पर ले जाने की घटना का खुलासा हुआ गाड़ी के नंबर से आरोपी की पहचान लोहिया हेड थाना खटीमा जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड निवासी के रूप में पहचान होने पर पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## युवक को जहरीले जीव ने काटा उपचार के दौरान हुई मौत

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गन्ना छीलने के दौरान युवक को जहरीले जीव के काटने से अचेत हो गया आनन फानन में परिजन सी एच सी रमियाबेहड़ ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रिफर किया वहां उपचार के दौरान 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत हीकना मटेरा के मजरा रानी पुरवा निवासी ज्ञान प्रकाश 20 वर्ष पुत्र गौरीशंकर निषाद कोटेदार प्रसादी के खेत में गुरुवार को गन्ना छीलने गया था कि दोपहर में खेत में किसी जहरीले जीव के काटने से अचेत हो गया आनन फानन में परिजन सी एच सी रमियाबेहड़ ले गए जहां चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय भेज दिया वहां उपचार के दौरान ज्ञान प्रकाश की मौत हो गई।दिन दहाड़े घटी घटना से परिजनों व गांव में हाहाकार मच गया।

## हादसों में 6 जख्मी

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर तीन अलग-अलग जगह पर सड़क दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें इलाज के लिए समाजसेवी शिवम्‌राठौर स्वयं जानकी एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया है डॉक्टर ने जांच के दौरान जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया है। गुरुवार को दोपहर मंडी गेट के पास सर बलिया निवासी उपदेश अपनी बाइक पर मां कमला देवी को पीछे बैठकर मोहम्मदी आ रहे थे मंडी गेट के पास पहुंचते ही ट्रक चालक ने टक्कर मार कर भाग निकला सूचना पर घायलों को इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया उपचार के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर किया गया है। दूसरी घटना धरमपुर निवासी राजपाल गांव से बाहर मोहम्मदी को निकले तभी भी सामने से आ रहे हैं ढखिया निवासी सावान ने बाइक से जाते समय अनियंत्रित होकर साइकिल से टकरा गए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए शाहजहांपुर जिला अस्पताल भेजा गया है। तीसरी घटना मछली का निवासी मंजेश अपनी बाइक पर पीछे पुत्र तेज प्रताप को बैठक मोहम्मदी आ रहे थे तभी विपरीत दिशा से जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर जख्मी कर दिया हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने पिता पुत्र को इलाज के लिए शाहजहांपुर रेफर किया है।

# पदयात्रा में गूंजा जय हनुमान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को नगर में भव्य पदयात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 6 बजे संकट मोचन हनुमान मंदिर, मिल डाइवर्जन रोड से प्रारंभ हुई पदयात्रा मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा स्थान तक पहुंची और पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। संकट मोचन श्री हनुमान प्रकटोत्सव के तहत आयोजित इस पदयात्रा में क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू भी श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया। पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों व कीर्तन के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा नगर धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट व स्थानीय भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आयोजन में आनंद त्रिवेदी, अंजनी शरण, धर्मेंद्र गिरी मोंटी, द्वारिका प्रसाद, विनोद वर्मा, मुनेंद्र, अमित, रवि सक्सेना, सुभाष, हरीशल, आदेश, पिंटू बाजपेई सहित बड़ी संख्या में हनुमान भक्त मौजूद रहे।

# नव सत्र का भव्य आगाज, तिलक व पुष्प वर्षा से छात्रों का अभिनंदन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में नवीन शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस पर सत्रारंभ कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल रहा और नवागंतुक छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार कनौजिया द्वारा मुख्य द्वार पर लगाए गए लाल रिबन को काटकर किया गया। इसके साथ ही नए सत्र की औपचारिक शुरुआत हुई। तत्पश्चात विद्यालय की आचार्या प्रियंका तिवारी, बन्धन कश्यप एवं वशिका ने नवागंतुक भैया-बहनों का पारंपरिक रीति से स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की तथा रोली-अक्षत से तिलक वंदन किया। इस आत्मीय स्वागत से नए विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय परिवार की ओर से नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को उपहार स्वरूप कलम भेंट की गई, जिससे उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य बाल चन्द्र रावत ने स्वस्ति वाचन कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया और सभी के मंगलमय भविष्य की कामना की। इसके पश्चात आयोजित वंदना बेला कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राज कुमार कनौजिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नया सत्र नए संकल्पों और लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन और संस्कारों को अपनाते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर नव सत्र के सफल संचालन का संकल्प लिया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली पदयात्रा



लखीमपुर खीरी। गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर धूम धाम से पद यात्रा निकाली गई। लखीमपुर सहर से करीब 25 वर्ष पहले शुरू हुई विराट कीर्तनमय पदयात्रा इस बार भी भव्य स्वरूप में नजर आई। कभी मात्र 50 लोगों से शुरू हुई यह यात्रा आज आस्था के जनसैलाब में बदल चुकी है। बृहस्पतिवार को निकाली गई पदयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। हर कोई भक्ति से सराबोर दिखाई दिए। पदयात्रा में बुलडोजर पर बजरंगबली के स्वरूप निकले तो जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। पदयात्रा लखीमपुर शहर के सुभाष पार्क से शुरू हुई लखीमपुर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सीतापुर रोड गुलरी पुरवा हनुमान मंदिर तक पदयात्रा निकल गई। यात्रा में शामिल सुंदर सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विधयाक, नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डाक्टर ईरा श्रीवास्तव आदि भाजपा नेता पदयात्रा पर पुष्प वर्षा करते नजर आए।

## पाइप पेयजल योजना में तेजी




लखीमपुर खीरी। पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित ग्रामों के अतिरिक्त जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत अवशेष 1553 राजस्व ग्रामों को संतृप्त करने हेतु फर्म मेसर्स एन०सी०सी० लि० को 1069 ग्राम एवं विन्ध्या-गाजा को 484 राजस्व ग्राम आवंटित है। इस सन्दर्भ में मनोज कुमार मौर्य अधिशासी अभियंता निर्माण खंड जल निगम ने बताया कि ग्रामीण मेसर्स एन०सी०सी० लि० के आवटिंत 1069 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 650 राजस्व ग्रामों में मेसर्स विन्ध्या-गाजा के 484 राजस्व ग्रामों में 314 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति हो रही है। जनपद में जल सेवा आंकलन कार्यक्रम में लक्षित 458 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 450 ग्राम पंचायतों का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। जनपद में जल अर्पण कार्यक्रम में लक्षित 04 योजनाओं के सापेक्ष 04 योजना पर जलार्पण कर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले की जिन पंचायत में पाइपलाइन पेयजल योजना का काम रह गया है, वहां पर अवर अभियंता को भेज कर पेयजल का काम पूर्ण कराया जाएगा।

## बीडीओ व बीईओ ने स्कूल चलो अभियान के तहत हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



पसगवां खीरी। खंड विकास अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान की रैली को रवाना किया है। बता दे कि जनपद लखीमपुर के पसगवां में 2 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली को खंड विकास अधिकारी मोहित कौशिक और खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार भारती ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में उच्च प्राथमिक विद्यालय पसगवां, कन्या विद्यालय पसगवां, कस्तूरबा गांधी विद्यालय पसगवां, और प्राथमिक विद्यालय पसगवां के बच्चों ने बढ़चढकर भाग लिया इस रैली में बच्चे बैनर पोस्टर साथ लेकर चले यह रैली विद्यालय से निकलने के बाद बाजार व विभिन्न चौराहे से होते हुए वापस विद्यालय आकर समाप्त हुई बीडीओ मोहित कौशिक ने बताया इस रैली का लक्ष्य गांव के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार भारती ने अभिभावकों से अपील की कि वो अपने बच्चों का स्कूल के दाखिला अवश्य कराए इस दौरान नोडल अधिकारी संजय गुप्ता, सत्येंद्र बहादुरसिंह,विवेक शर्मा ने रैली का संचालन किया इस अवसर पर नरेंद्र श्रीवास्तव, शमीनानाज, पूजा देवी, राघवेंद्र प्रताप, अस्मिता सिंह,रजनीश कुमारी, मीरा देवी, गीता देवी, सदफ खान, काजिमखान, विशाल कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे है।

## स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारंभ

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। स्कूल चलो अभियान के तहत बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदापुरे में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिससे विद्यालय परिसर में ज्ञान और संस्कार का वातावरण बना रहा। इसके बाद मुख्य अतिथि ग्राम ग्रंट साहबगंज के प्रधान सुदेश कुमार व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अमरजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली के दौरान बच्चों ने हर घर से एक ही पुकार, हर बच्चा स्कूल जाए जैसे नारों के माध्यम से शिक्षा का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सुदेश कुमार ने कहा कि केवल नामांकन बढ़ाना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई पर ध्यान दें। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक राजीव कुमार विमल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में अनुदेशक नरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार चैधरी, वार्ड सदस्य रामनरेश सहित गांव के सम्मानित नागरिक व अभिभावक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## चोरी का मंगलसूत्र बरामद होने पर चार महिलाएं गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना शारदानगर पुलिस द्वारा 31 मार्च को बालाजी मन्दिर शारदानगर में चोरी हुए मंगलसूत्र को बरामद कर घटना का शारदा नगर पुलिस ने खुलसा कर दिया। पवन कुमार पुत्र सुरेश कुमार बरसोला कलां थाना तिकुनियां की लिखित तहरीर पर मु0अ0सं0 78/2026 धारा 303(2) बीएनएस का मुकदमा दर्ज किया गया। शारदा नगर पुलिस ने चोरी हुए मंगलसूत्र की बरामदगी कर घटना कारित करने वाली 05 महिलाओ को बाला जी मंदिर व निघासन लखीमपुर मार्ग कस्बा शारदानगर से गिरफ्तार किया। चोरी करने वाली महिलाओ के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो इनके विरूद्ध जनपद लखनऊ, सीतापुर, हरदोई आदि जनपदो मे चोरी व गैंगेस्टर से सम्बन्धित कई मुकदमे पंजीकृत पाये गये है। गिरफ्तार महिलाओ में शैलकुमारी पत्नी कपिल उर्फ राजकुमार पासी निवासी भगवन्तपुर थाना रामपुर कलां जिला सीतापुर, रेखा उर्फ संध्या पत्नी भानू उर्फ उमेश पासी नि0 भगवन्तपुर थाना रामपुर कलां सीतापुर, फुतीर्ला उर्फ कमला देवी पत्नी स्व0 विनोद कुमार पासी नि0 कादीपुर सरय्या थाना रामपुर, रूबी पत्नी स्व0 रामू निवासी भगवन्तपुर थाना रामपुर कलां जनपद सीतापुर हाल पता कब्रिस्तान के पास कस्बा व थाना मानपुर जिला सीतापुर, मोहिनी पत्नी श्यामू पासी निवासी भगवन्तपुर थाना रामपुर कलां जिला सीतापुर शामिल है। सीओ सदर संदीप तिवारी ने बताया कि शैल कुमारी पत्नी कपिल उर्फ राजकुमार पासी पर जिला सीतापुर लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमा दर्ज हैं। रूबी पत्नी स्व0 रामू पर भी विभिन्न थानों में लगभग सात मुकदमे दर्ज हैं। रेखा उर्फ संध्या पत्नी भानू उर्फ उमेश पर का भी अपराधिक इतिहास रहा है। मोहिनी पत्नी श्यामू पासी निवासी भगवन्तपुर थाना रामपुर पर पहले से लखीमपुर सीतापुर के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। महिलाओ से एक चोरी का मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बृजमोहन थाना शारदानगर, नि0अ0 इन्साफ अली, उ0नि0 राजीव कुमार थाना शारदानगर, उ0नि0 मोनिका यादव, का0 अरुण कुमार, म0का0 सीमा पटेल शारदानगर शामिल रहे।



# चैती मेले में बाल कवियों ने लूटी महफिल




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के पांचवें दिन सांस्कृतिक मंच पर आयोजित बाल कवि सम्मेलन में नन्हे कवियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत कविताओं ने जहां भावनाओं को झकझोरा, वहीं हास्य और देशभक्ति से माहौल भी गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद पालिकाध्यक्ष ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह व पुष्पमालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुजीता कुमारी ने कहा कि चैती मेला अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पौराणिक परंपराओं के साथ भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। उन्होंने मेले की भव्यता के लिए नगर पालिका की सराहना की। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी ने मेले के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डाला। बाल कवि सम्मेलन की शुरूआत कौस्तुभ त्रिपाठी की ओजपूर्ण कविता से हुई। इसके बाद अंशिका देवी, अक्षत अरविंद, सिमरन अंसारी, नव्या गुप्ता, आदर्श राठौर, स्वाती बंदनी, जयंत श्रीवास्तव, सनाया चैधरी, दिव्यांशी चैधरी, आराध्या मिश्रा, मयंक शर्मा, समर्थ श्रीवास्तव, सार्थक गुप्ता, इला मिश्रा, जेबा बरकाती, सृष्टि मिश्रा, दिव्यांश वर्मा, अर्पिता कश्यप, पुष्कर राठौर, आर्यन वर्मा, अमोल शुक्ला, काव्या सक्सेना, गुरलीन कौर, नव्या वर्मा, उन्नति गुप्ता, अपेक्षा राकेश, आराध्या शुक्ला, सौम्या पटेल, साक्षी वर्मा, शाम्भवी वर्मा, प्रिया मिश्रा, निमृत चैधरी, अर्पित गुप्ता, सौन्या सिरोही, आर्यमान दीक्षित सहित अनेक बाल कवियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कविताओं में देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक रिश्ते और हास्य-व्यंग्य जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विशेष रूप से उन्नति गुप्ता द्वारा चैती मेले का वर्णन करते हुए प्रस्तुत पंक्तियांकृ चिंकी, मिंकी, पप्पू, गोलू सबके मन हर्षाए हैं, मेले में देखो कितने बड़े-बड़े झूले आए हैं।,दर्शकों को खूब पसंद आईं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की मासूम अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास ने सभी का दिल जीत लिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर शैलेन्द्र सक्सेना, शिप्रा खरे, लोकेश गुप्ता, मधु त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चैती मेले में आज

3 अप्रैल 2026 को चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर सायं 7 बजे से जूनियर गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## रानी लक्ष्मी बाई की मेधावी छात्राओं ने रचा इतिहास



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज के वार्षिक परीक्षाफल में 99.77 प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुख्य अतिथि लखनऊ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुशील कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल जानकारी का संग्रह नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और इच्छाशक्ति के विकास का माध्यम है। विद्यालय के प्रबंधक संजय वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए छात्राओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। वहीं प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली साधन है, जिससे समाज और देश का निर्माण होता है। उन्होंने परीक्षाफल को आत्ममूल्यांकन का आधार बताते हुए निरंतर मेहनत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुम्भी चीनी मिल के जीएम चंद्रहास एवं लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने नए सत्र 2026-27 के लिए विजन 2027 की घोषणा करते हुए स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सुरक्षित परिवहन व्यवस्था एवं योग-खेलकूद सुविधाओं को और मजबूत करने की बात कही। नए सत्र की कक्षाएं 1 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी हैं और प्रवेश प्रक्रिया जारी है। मेधावी छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति एवं विशेष कक्षाओं की व्यवस्था भी की गई है। अंत में प्रबंधक संजय वर्मा, एमडी संदीप वर्मा और प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने सभी सफल छात्राओं व अभिभावकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

## मेधावी बच्चों को मेडल,ट्रॉफी,गिफ्ट देकर किया गया सम्मानित




तंबौर/सीतापुर। कंपोजिट विद्यालय तंबौर देहात विकास क्षेत्र बेहटा जनपद सीतापुर में परीक्षाफल वितरण,कक्षा 8 के बच्चों की विदाई और वार्षिकवोत्सव का कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया।साथ ही साथ नवीन नामांकन पर जोर देते हुये विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस.पी.सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि नवीन नामांकन शुरू हो गये है सभी अभिभावक 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य कराए।सरकार के द्वारा बच्चों को डी.बी.टी.के माध्यम से दी जाने वाली 1200 रुपया निःशुल्क धनराशि के बारे में बताया और विद्यालय में गुणवत्तायुक्त पठन पाठन पर प्रकाश डाला।कक्षा एक से आठ तक सभी मेघावी प्रथम,द्वितीय,तृतीय छात्र/छात्राओं को मेडल,ट्राफी, और गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया।साथ ही साथ कक्षा 8 के बच्चों की विदाई समारोह किया गया और वार्षिकवोत्सव में गीत संगीत के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए कक्षा 8 के बच्चों को आशीर्वाद देकर विदाई दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रामवती,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष आशाराम विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अवध नरेश सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस.पी.सिंह सहायक अध्यापक कमलाकांत, अरविंद कुमार,रमेश चंद्र,कुलदीप दिनकर,शिक्षा मित्र आराधना सिंह अनुदेशक जीनत,मुकेश कुमार वर्मा,शराफत ग्राम वाशी, अभिभावक,रसोइया सहित कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

# अवैध संबंध बना हत्या की वजह

## देवर-भाभी ने मिलकर की युवक की हत्या, 2 गिरफ्तार




रेउसा/सीतापुर। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रेउसा पुलिस ने हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में अवैध संबंधों के चलते की गई हत्या का पदार्फाश हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के नेतृत्व में थाना रेउसा पुलिस टीम ने बीएनएस के तहत दर्ज मामले की जांच के दौरान ग्राम खरौहा निवासी रोजअली पुत्र हबीब और रेशमा पत्नी अनीस को बहराइच रोड स्थित शेखनपुरवा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू और घटना के समय पहने कपड़े भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त रोजअली और उसकी भाभी रेशमा के बीच पिछले करीब पांच वर्षों से प्रेम संबंध चल रहे थे। मृतक हसीन, जो रोजअली का चचेरा भाई था, मुंबई में उसके साथ काम करता था और ईद मनाने गांव आया था। इसी दौरान उसे दोनों के अवैध संबंधों की जानकारी हो गई थी। हसीन ने इसका विरोध किया और दोनों को अलग रहने की सलाह दी थी। परिवार और समाज में बदनामी के डर से रोजअली और रेशमा ने मिलकर हसीन की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दे दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हरगांव से निकली भव्य शोभायात्रा

हरगांव/सीतापुर। स्थित सूर्यकुंड तीर्थ स्थल के हनुमान मंदिर से हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बृहस्पतिवार को एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालु पैदल चलकर लखीमपुर खीरी के ओयल गुलेरी पुरवा स्थित हनुमान मंदिर के लिए रवाना हुए। सुबह करीब सात बजे शोभायात्रा शुरू होने से पहले पंडित हिमांशु अवस्थी ने हनुमान जी महाराज की मूर्ति का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया। यात्रा में गौरीशंकर बाबा, बालाजी महाराज, रामदरबार और राधा-कृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। अवध शुगर मिल के सामने अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव पर निकली यह शोभायात्रा अयोध्या जैसा आध्यात्मिक वातावरण प्रस्तुत कर रही है। वहीं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक महंत सुरेश दास ने कहा कि कलियुग में हनुमान जी ही ऐसे देवता हैं, जो श्रीराम के स्मरण मात्र से भक्तों की सहायता करते हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ममता वर्मा सहित नीरज भार्गव, उदित बाजपेई, सुनील मिश्रा, अरुणेश त्रिपाठी, सिम्मू मिश्रा, अशोक मिश्रा, दिनेश मिश्रा, कप्तान सिंह समेत हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एक माह तक चलने वाला मेला शुरू

सीतापुर। चैत्र मास की पूर्णिमा पर मां महोठे रानी देवी के दरबार में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति रंग में रंग दिया। देवी-देवताओं के प्रति अटूट विश्वास की पगडंडी पर बूढ़े, बच्चे और जवान दण्डवत करते हुए आगे बढ़ते नजर आए, तो उनके पीछे ढोलक की थाप पर मां का गुणगान करती महिलाओं के समूह भक्ति भाव को और भी प्रगाढ़ कर रहे थे। गुरुवार को मंदिर परिसर में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो देर रात तक लगातार जारी रहीं। ह्लजय माता दीह्व के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। भक्त मिट्टी की मटकी में हलवा-पूड़ी और मालपुआ का भोग चढ़ाकर मां से अपनी मनोकामनाएं मांगते दिखे। कई श्रद्धालु परिक्रमा करते, दीपदान करते और आरती में शामिल होकर भक्ति में लीन नजर आए। चैत्र पूर्णिमा से शुरू होने वाला यह एक माह का मेला क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रमुख केंद्र है। दूर-दराज के जिलों और गांवों से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचकर मटकी चढ़ाते हैं और विधि-विधान से पूजन-अर्चन करते हैं।

## पुलिस अभिरक्षा से आरोपी फरार, दो सिपाही निलंबित

सीतापुर। जिले के सकरन थाना क्षेत्र में पुलिस अभिरक्षा से अभियुक्त के फरार होने के मामले ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल शिवम मंझारिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच बिसवां के क्षेत्राधिकारी को सौंप दी गई है। घटना बुधवार की बताई जा रही है, जब सुकेठा गांव निवासी इस्तियाक (22), पुत्र निसार, को जेल भेजने से पहले चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी सांडा लाया गया था। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस को चकमा देते हुए भीड़ का फायदा उठाया और अस्पताल परिसर की दीवार फांदकर फरार हो गया। आरोपी के फरार होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने 29 मार्च की रात एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा लिया था। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में पुलिस ने 30 मार्च को लखनऊ से दोनों को बरामद कर लिया था और आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही थी।

संक्षेप

## रेलवे ट्रैक पर मिली किशोरी की शिनाख्त

**जौनपुर**। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के केवटली कला गांव में बुधवार की रात रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात किशोरी की लाश की पहचान हो गई है। किशोरी प्रतापगढ़ जनपद के थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के ग्राम नगर ढकवा गांव की रहने वाले राम प्रसाद गुप्ता की पुत्री श्रद्धा गुप्ता के रूप में हुई है। परिवार जनों के अनुसार श्रद्धा के सिर में लगभग 10 दिन पूर्व में चोट लगी हुई थी तभी से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और उसने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दिया था। फिलहाल पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गई।

## चाकू घोंपने से युवक मरणासन्न, 5 गिरफ्तार

**जौनपुर**। खेता सराय थाना क्षेत्र के अमरेथुवा गांव में षराब पीने से मना करने पर दबंगों ने चाकू मारकर युवक को मरणासन्न कर दिया। बताया गया है कि उक्त गांव निवासी 30 वर्षीय संदीप कुमार राजभर पुत्र स्व0 राम अधार गांव में ही अपने साथियों के साथ बैठा था कि उसी समय बात बात पर कहासुनी हो गई। इतने में उसके साथ रहे युवक ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर उसके पेट के दाहिने तरफ मार दिया दिया। इतने में वहां अफरातफरी और भगदड़ मच गया के पर पहुंचे कुछ लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंच गए। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसकी बिगड़ती हालत को देखकर बेहतर उपचार के लिए वाराणसी बीएचयू रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महज 24 घंटे के भीतर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2 अप्रैल को सोंगर पुलिया के पास से पांचों नामजद आरोपियोंकृसचिन राजभर, विकास राजभर उर्फ भोलू, विकास राजभर उर्फ विकेश, आदित्य राजभर व अमर राजभर उर्फ गोरेलालकृको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

## नोडल की छापेमारी में दो सील सहित कई क्लिनिक संचालकों को नोटिस

**दुद्धी, सोनभद्र**। झोलाछाप क्लिनिक एवं अस्पतालों के नोडल डॉ जीएस यादव की टीम ने गुरुवार को दुद्धी क्षेत्र के अस्पतालों तथा क्लिनिक सेंटरो पर अचानक छापेमारी की जिसमें कई अवैध अस्पताल संचालक अस्पताल बंद करके फरार हो गए। विंढमगंज में एक क्लिनिक सील की गई तथा दुद्धी में एक अमवार रोड एवं एक रेलवे स्टेशन रोड संचालित अस्पताल सील किया तथा बीड़र गांव में क्लिनिक के नाम मरीज भर्ती करके इलाज करने की शिकायत पर नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगी है। दुद्धी क्षेत्र में नोडल के आने से अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मची रही और लोग अपना -अपना अस्पताल क्लिनिक बंद करके फरार हो गए। नोडल डॉ गुलाब शंकर यादव ने बताया कि गुरुवार को विंढमगंज और दुद्धी में छापेमारी करते हुए दो अस्पतालों को सील कर दी गई तथा करीब तीन क्लिनिक ध्अस्पताल को नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन के क्लिनिक या अस्पताल संचालित मिले तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएचसी अधीक्षक को भी अवैध अस्पतालों के जाँच करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क निर्माण में सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी

## कलवारी-खलियारी स्टेट हाईवे का किया जा रहा चौड़ीकरण



**शाहगंज (सोनभद्र)**। सड़क चैड़ीकरण निर्माण में सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी किए जाने की शिकायत राहगीरो द्वारा मिल रही है। बताया जाता है कि कलवारी ऋखलियारी स्टेट हाईवे का चैड़ीकारण कार्यदायी संस्था द्वारा कराया जा रहा है इसके लिए मार्ग की पटरी की खुदाई मशीनों से की जा रही है लेकिन उकत खोदे गए गड्ढे के किनारे सड़क की छोर पर सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की गई है इससे हादसे का भय लोगों में बना हुआ है कुछ जगहो को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर स्थानों पर खोदे गए इस गड्ढे से बचने के लिए सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया गया है ना तो संकेतक और ना ही मिटटी भरी-बोरी ही रखी गई है ऐसे में वाहनों को ओवरटेक के दौरान गड्ढे में चले जाने की अशका बनी रहती है।

मालूम हो कि कलवारी-खलियारी स्टेट हाईवे घोषित होने के बाद इस मार्ग के चैड़ीकरण की कवायद शुरू हो गई थी। स्टेट हाईवे के मानक के अनुसार इस मार्ग की चैड़ाई 10 मीटर होनी चाहिए जबकि वर्तमान में यह मार्ग 7 मीटर ही चैड़ा है। ऐसे में शासन द्वारा स्टेट हाईवे के चैड़ीकारण हेतु संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद धुरकर से रावटसगंज धर्मशाला चैक तक करीब 40 किलोमीटर सड़क को चैड़ा किया जा रहा है। इसके लिए सड़क की पटरी की खुदाई कर इसमें सोलिंग भी भरी जा रही है लेकिन उक्त खोदे गए गड्ढे से बचने हेतु ज्यादातर स्थानों पर सुरक्षा का प्रबंध नहीं किया गया है जिससे वाहन चालक दुर्घटना की आशंका से भयभीत है। ऐसी स्थिति में लोगों ने खोदे गए गड्ढे के पास पक्कके मार्ग के किनारे सुरक्षा की व्यवस्था तत्काल किए जाने की मांग संबंधितो से की है।

## पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति बाधित

नमामि गंगे के तहत हर घर नल जल योजना के माध्यम से लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के मकसद से सड़क की पटरी से पाइपलाइन बिछाई गई है जो सड़क चैड़ीकरण पटरी की खुदाई के दौरान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यह जलापूर्ति अवरोध हो गई है। इससे गर्मी में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हालांकि संबंधित विभाग के लोग इसे दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं।

## जलपान बजट में 12 लाख की हेराफेरी

**जौनपुर**। यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों के जलपान बजट में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। माध्यमिक शिक्षक संघ की शिकायत के बाद जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने मुख्य कोषाधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) डॉ. राकेश कुमार ने भी एक तीन सदस्यीय टीम गठित की है। इस टीम में एडीआईओएस राजेश कुमार यादव, अभिषेक कुमार सिंह और एक वित्त एवं लेखाधिकारी शामिल हैं। टीम को दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।डीआईओएस ने सभी उपनियंत्रकों से तीन बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें मूल्यांकन कार्य में लगे परीक्षकों की तिथिवार उपस्थिति, जलपान व्यवस्था का तिथिवार विवरण और इस पर हुए व्यय की तिथिवार रिपोर्ट शामिल है। शिक्षक नेताओं ने बीते 30 मार्च को डीएम से मुलाकात कर इस मामले में शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मूल्यांकन केंद्रों पर जलपान और शुद्ध पेयजल के नाम पर 12 दिनों में लगभग 12 लाख रुपये की हेराफेरी की गई है। डीआईओएस डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि परीक्षकों के जलपान की राशि का दुरुपयोग पाया जाता है, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भी दो दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने की बात दोहराई।

## ससुराल में युवक की मौत, हत्या का आरोप

**जौनपुर**। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के दूहावर गांव में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। भदोही जनपद के फूलपुर निवासी करीब 30 वर्षीय जितेंद्र कुमार चैहान अपनी ससुराल दूहावर गांव आए हुए थे, जहां उनकी साली की शादी की तैयारियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि ससुराल पक्ष की मांग पर उन्होंने एक लाख रुपये की व्यवस्था कर दी थी।बुधवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने की बात कहकर ससुराल पक्ष के लोग उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों को शव पर चोट के निशान मिलने के बाद मामला संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता और भाई ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

## घायल की हुई मौत, आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़**। थाना तरवां क्षेत्र में मारपीट के बाद घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को हिरासत में लिया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। घटना 08 मार्च 2026 की है, जब थाना तरवां क्षेत्र की एक महिला के पुत्र को गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीट दिया था। पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में महिला की तहरीर पर थाना तरवां में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। इलाज के दौरान 1 अप्रैल 2026 को बीएचयू वाराणसी में युवक की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले को गैर इरादतन हत्या में परिवर्तित करते हुए संबंधित धारा बढ़ा दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 1 अप्रैल 2026 को चतुरगंज बाजार से मुख्य आरोपी शिवानन्द पुत्र जगतनारायण, निवासी मुरारपुर (थाना तरवां) को सुबह करीब 06:45 बजे हिरासत में ले लिया। साथ ही एक बाल अपचारी को भी पुलिस संरक्षण में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले में थाना तरवां पर धारा 105, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में पुलिस उपनिरीक्षक घायल

**जौनपुर**। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मातापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक पुलिस उपनिरीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। जफराबाद थाने में तैनात 48 वर्षीय एसआई संतोष कुमार दुबे पुत्र मकसूदन दुबे, निवासी ग्राम काझा थाना रानीपुर जनपद मऊ, गुरुवार सुबह ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन जा रहे थे।बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10 बजे जैसे ही वह मातापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचे, तभी अचानक सामने एक साइकिल सवार आ गया। उसको बचाने के प्रयास में एसआई की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल एसआई को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

# हाइवे पर आग का गोला बना ट्रक, लपट देख मचा हड़कंप



**मीरजापुर**। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी-रीवा हाईवे के ओवर ब्रिज पर गुरुवार को सुबह छह बजे तुलसी गांव में एक ट्रक में बियरिंग घिसने से आग लग गया। देखते ही देखते पूरे ट्रक को आग ने चपेट में ले लिया और ट्रक धूं-धूं कर जल ने लगा।सूचना पर विलंब से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने में जुट गई, तब तक ट्रक का काफी हिस्सा जल चुका था। फायर ब्रिगेड टीम ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पुलिस ट्रक को अनलोड के बाद क्रेन से जले ट्रक को हाईवे पर से हटाने की व्यवस्था में जुटी रही।

लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी रीवा हाईवे पर स्थित तुलसी गांव के ओवर ब्रिज पर हैदराबाद से वाराणसी गोरखपुर के लिए जा रहे ट्रक में वायरिंग घिसने के कारण आग लग गया और देखते ही देखते पूरा ट्रक धूं-धूं कर जलने लगा। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को देते हुए फायर ब्रिगेड बुलाया। हमराहियों के साथ पहुंचे लहंगपुर चौकी प्रभारी ने फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया। फायर ब्रिगेड के आने तक ट्रक बुरी तरह से आग की चपेट में आ गया था फिलहाल मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रतापगढ़ जनपद के जेठवारा थाना अंतर्गत रायसेन भीमसेन का ट्रक स्वामी 32 वर्षीय एजाज अहमद स्वयं ट्रक चला रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रक के बेयरिंग घिसने के कारण आग लगी थी। ट्रक पर धान लोड था जिसे वाराणसी और गोरखपुर में अनलोड करना था। आग की चपेट में आने से ट्रक के टायर जल गए बॉडी भी जल गई काफी नुकसान हुआ है। ट्रक पर लोड धान का हिस्सा भी कुछ जल चुका है। फिलहाल दूसरे ट्रक पर धान अनलोड करने के बाद ट्रक को क्रेन के सहयोग से हाईवे से हटाया जा सकेगा। लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ ने बताया कि क्रेन की मदद से ट्रक को वहां से हटा कर रास्ता साफ कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाईवे पर ट्रक खड़ी कर चालक ट्रक स्वामी वहीं पर सो गया था। अज्ञात कारणों से ट्रक में आग लग गई जिसे फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझा दिया गया है।

# मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को



**आजमगढ़**। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के दृष्टिगत जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जनपद आजमगढ़ में 6 जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशन के समय 3147652 मतदाता थे। आलेख्य मतदाता सूची में 1719537 पुरुष, 1428063 महिला एवं 52 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। 2 अप्रैल 2026 की स्थिति के अनुसार कुल 3362770 मतदाता दर्ज है, जिसमें 1829710 पुरुष मतदाता, 1533011 महिला एवं 49 अन्य श्रेणी के मतदाता है।

डीएमने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के दौरान 27 अक्टूबर 2025 से 2 अप्रैल 2026 तक कुल 235833 फार्म-6 प्राप्त हुए है, जिसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए 231576 फार्म स्वीकृत किये, 1213 फार्म 6 अस्वीकृत किये गये। वर्तमान में 3044 फार्म-6 नियत समयावधि में लम्बित है। इसी प्रकार इस अवधि में कुल 12867 फार्म-7 प्राप्त हुए। अन्य जनपदों व प्रदेशों में निवासरत मतदाताओं द्वारा शिफ्टिंग के फार्म भरे गये थे, जिनके सापेक्ष जनपद-आजमगढ़ की विधान सभाओं में फार्म-7 ऑटो जनरेट हुए, जिनको लेकर 20021 फार्म 7 स्वीकृत हुए, 844 फार्म 7 अस्वीकृत किये गये। वर्तमान में 128 फार्म-7 नियत समयावधि में लम्बित है। इसी दौरान 59573 फार्म-8 प्राप्त हुए है, जिसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए 57246 फार्म स्वीकृत किये, 1010 फार्म-8 अस्वीकृत किये गये। वर्तमान में 1317 फार्म 8 नियत समयावधि में लम्बित है। डीएम ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में स्वयं या अपने माता/पिता/दादा/दादी/नाना/ नानी/ अभिभावक से डाटा मैपिंग नहीं कराने के 158627 प्रकरण तथा 609920 लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी श्रेणी के प्रकरण आये। इस प्रकार कुल 768547 नोटिस सुनवाई के लिए जारी किये गये। संबंधित विधान सभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा इन सभी प्रकरणों पर सुनवाई करके इनका शत-प्रतिशत निस्तारण कर दिया गया। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद आजमगढ़ के सभी सम्मानित मतदाताओ से अपील किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के क्रम में परिवर्द्धन, अपमार्जन एवं संशोधन हेतु क्रमशः फार्म 6, 7 एवं 8 भरकर संबंधित विधान सभा के निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारियों को उपलब्ध करायें। उन्होने बताया कि मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को होगा।

## निलंबन के बाद भी महकमा मेहरबान

**मीरजापुर**। बेसिक शिक्षा विभाग में नारायणपुर ब्लॉक का मामला एक बार फिर चर्चा में है। जांच अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यशैली को लेकर सवाल उठ रहे है, कि आखिरकार कैसे निलंबित अध्यापक धीरज सिंह जो पिछले १० माह से निलंबित चल रहे होने के बावजूद ब्लॉक संसाधन केंद्र शिवशंकरी धाम पर सम्बद्ध होकर पूर्व की भांति विभागीय कार्यो को पूर्ण कर रहे है। उनके खिलाफ लगाये गए आरोप की जांच हेतु नियुक्त विभागीय जांच अधिकारी विगत १० माह के बीत जाने के बाद भी जांच आख्या नहीं दे पा रहे है या जांच आख्या प्राप्त होने के बाद भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई ठोस कार्यवाही जानबूझ के नहीं की जा रही है। चर्चा है कि इस मामले की लीपापोती करने के बाद उन्हें नारायणपुर ब्लॉक में ही उनके घर के पास किसी स्कूल में तैनाती देने की तैयारी चल रही है।

# श्रद्धा के साथ मनायी गयी हनुमत जयंती



**जौनपुर**। भगवान शिव के ग्यारवें रुद्र अवतार एवं भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना के साथ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, बजरंग बाण व हनुमाष्टक का पाठ किया गया। ह्यजय हनुमान ज्ञान गुन सागरह्व के जयकारे से समूचा माहौल गूंज रहा था। मंदिरों पर हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया एवं भंडारों का आयोजन हुआ। बड़े हनुमान जी सिपाह, कोतवाली चैराहा स्थित हनुमान मन्दिर, बीआरपी इण्टर कालेज के पास हनुमान मन्दिर, मारूति मन्दिर टीडी कालेज आदि स्थानों पर सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा श्री हनुमान का पूजन अर्चन किया गया और श्री हनुमान को 56 भोग लगाए गए। इसके अलावा शहर भर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजन अर्चन का आयोजन हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शहर भर में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसाद ग्रहण करने को दिन भर पंक्तियां लगी श्री हनुमान को पूड़ी, सब्जी व हलुआ का भोग लगाने के बाद भंडारे की शरु आत की गई।

## 50 हजार का इनामी हरियाणा से गिरफ्तार

**आजमगढ़**। गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में एसटीएफ उत्तर प्रदेश को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को हरियाणा के फरीदाबाद से दबोचा गया। एसटीएफ टीम ने 1 अप्रैल 2026 को थाना देवगांव, जनपद आजमगढ़ में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त राहुल यादव पुत्र प्रकाश यादव, निवासी सिसरेडी थाना बरदह को गिरफ्तार किया। आरोपी को थाना डीएलएफ क्राइम ब्रांच क्षेत्र, फरीदाबाद (हरियाणा) के पास से पकड़ा गया। एसटीएफ को निर्देश दिए गए थे कि फरार व इनामी अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश कुमार शुक्ल के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक जावेद आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में टीम फरीदाबाद में सक्रिय थी। सूचना मिलने पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेरकर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि राहुल यादव वर्ष 2018 से लूट, चोरी, डकैती, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों में शामिल रहा है। उसने अपने गिरोह के साथ मिलकर आजमगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्रों बरदह, कोतवाली और देवगांव में कई वारदातों को अंजाम दिया। देवगांव थाना क्षेत्र में लूट व चोरी की घटनाओं के बाद उसके खिलाफ वर्ष 2023 में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा वर्ष 2024 में दर्ज किया गया तभी से वह फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित था। उसके गिरोह के अन्य सदस्य पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। एसटीएफ की इस कार्रवाई को अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है और जल्द ही आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अपराधिक प्रवृत्ति के शस्त्र लाइसेंस धारकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**आजमगढ़**। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आपराधिक प्रवृत्ति के शस्त्र लाइसेंस धारकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 70 शस्त्र लाइसेंस निरस्त अथवा निलंबित किए जा चुके हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार की संस्तुति पर जिला मजिस्ट्रेट रविन्द्र कुमार के अनुमोदन के बाद की गई है। अभियान के तहत ऐसे लाइसेंस धारकों की पहचान की गई जो विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए थे और जिनके पास शस्त्र होना जनसुरक्षा के दृष्टिकोण से खतरा माना गया। पुलिस के अनुसार, इन व्यक्तियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और इनके कृत्यों से आमजन में भय का वातावरण बन रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह कड़ा कदम उठाया है। हालिया कार्रवाई में बरदह थाना क्षेत्र के बरसवां निवासी शशिकांत राय पुत्र जयप्रकाश राय का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। उनके पास मौजूद राइफल गन को भी जब्त करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि जनपद में अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के पास शस्त्र होने से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है, उनके खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव



**जौनपुर**। विकासखंड करंजकला क्षेत्र के लाडलेपुर गांव स्थित प्रा.विद्यालय में गुरूवार को वाषि आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।मुख्य अतिथि के आगमन पर बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव होती है। उन्होंने अभिभावकों व शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराएं और विद्यालय की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षकगण गांव के मजरे-मुजरों में जाकर लोगों से मिलें और नामांकन अभियान को सफल बनाएं। वार्षिक उत्सव के साथ-साथ 20 नए बच्चों का नामांकन भी किया गया, जो विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। मुख्य अतिथि सुनील कुमार यादव उपस्थित रहे। संचालन सम्मानित अध्यापक अतुल प्रकाश यादव द्वारा किया गया। श्रीमती नीलम यादव दिनेश कुमार बृजेश कुमार पाण्डेय के साथ-साथ विंध्यवासिनी उपाध्याय, श्री प्रकाश मौर्य, शैलेंद्र पाल, मोहम्मद हाशिम, संदीप सिंह, श्रीपाल सहित समस्त हेडमास्टर, अध्यापकगण, गांव के अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## थ्रेसर में फंसने मूक बधिक महिला की मौत

**जौनपुर**। केराकत क्षेत्र के तेजपुर गांव में बुधवार की रात एक दर्दनाक हादसे में विवाहिता की मौत हो गई। बताया गया कि अपने खेत में गेहू की मड़ाई के दौरान 48 वर्षीय मूकबधिर बिन्दू देवी पत्नी सुरेन्द्र राम थ्रेसर में फंस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही बिन्दू देवी ने दम तोड़ दिया।बताया जा रहा है कि मड़ाई के दौरान थ्रेसर ट्रैक्टर से चल रहा था, जिसे राजकुमार यादव चला रहा था। चर्चा का विषय है कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक मौके पर मौजूद था। यदि चालक वहां सतर्क रहता, तो संभवतः हादसा टल सकता था। मृतका अपने पीछे दो पुत्र और एक नाबालिग पुत्री स्नेहा को छोड़ गई हैं। वहीं पति सुरेन्द्र राम पैर से दिव्यांग हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

## प्रधानाध्यापक मौलाना हिफाजत हुसैन का विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन

**करमा/सोनभद्र**। उच्च प्राथमिक विद्यालय पगिया में गुरुवार को अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक मौलाना हिफाजत हुसैन का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र/छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि ए, बीएसए बृजेश कुमार सिंह ने कहा मौलाना हिफाजत हुसैन कुशल वक्ता, मृदुभाषी, एवं कर्त्तव्य निष्ट थे। इनके अंदर विभिन्न परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता थी। पूर्व शिक्षक संघ के मण्डल अध्यक्ष रवि भूषण सिंह ने कहा कि मौलाना हिफाजत हुसैन 6जनवरी 1995 से 31मार्च 2026 तक के सफर में दर्जनों विद्यालयों का निर्माण करवाने में सहयोग किया। 31साल में शिक्षा, खेल, को आगे बढ़ाने में मदद की।

अवकाश प्राप्त शिक्षक बाबू राम सिंह ने कहा कि हर शिक्षक को अपनी गरिमा बनाकर रखना चाहिए जिससे उन्हें समाज में सम्मान मिल सके। मो, आरिफ ने शायरी पेश करते हुए कहा कि भूल न जाना हमें आप याद बनाए रखना। सैयद अनवर हुसैन ने शायरी पेश करते हुए कहा कि दुनिया उदास लगने लगी तेरे बगैर, दर्जन भर शिक्षकों एवं एबीएसएने अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। वर्तमान प्रधानाध्यापक धनंजय मिश्रा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर धीरेन्द्र पति तिवारी, रविभूषण सिंह, राजनरायन मिश्र, रविंद्र बहादुर सिंह, संतोष कुमार सिंह, एस, एन, वर्मा, वकील अहमद, सुशील यादव आशीष निरंजन, शरीफ अहमद, ज्ञान देवी, समेत दर्जनों शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# बीमार, कमजोर पशुओं का कैंप लगाकर करायें स्वास्थ्य परीक्षण



**मीरजापुर**। मंडलायुक्त विंध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने कहा गौशालाओं में संरक्षित किए जा रहे गौवंशो का जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओ को भी पकड़कर गौशाला में रखा जाए तथा उनका भी जियो टैगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशालाओ में पर्याप्त मात्रा में भूषा, हरा चारा, चोकर आदि की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भूषा बैंक बनाते हुए भूषे संग्रहीत किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो, गौवंशो को लू न लगे इसका भी उचित प्रबंध किया जाए। बीमार, कमजोर पशुओ का तत्काल उनका नियमानुसार कराया जाए तथा समय-समय पर कैम्प लगाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाए। सभी गौ आश्रय स्थलों पर पशु आहार, जियो टैगिंग, मूवमेंट रजिस्टर, पशु टीकाकरण आदि का रजिस्टर बनाकर रखा जाए। उन्होंने कहा कि गोचर जमीनो पर गौवंशो हेतु लगाए गए हरे चारे की भी जियो टैगिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि बनकर तैयार हो गए गौ आश्रय स्थलों की हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बड़े गौ आश्रय स्थलों पर भरण पोषण हेतु कम से कम तीन माह का अतिरिक्त भंडारण रखा जाए। उन्होंने कहा कि एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाए उसमें पशुपालन विभाग क मण्डलीय अधिकारी, तीनो जनपदो के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं तीनो जनपदो के सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी जोड़ा जाए तथा रोस्टर बनाते हुए उसके अनुसार अधिकारी गौ आश्रय स्थलो का नियमित निरीक्षण करे व निरीक्षण के दौरान यदि कोई पाई जाती है तो उसे तत्काल ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार तीनों जनपदों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी भी व्हाट्सएप ग्रुप बनाते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को ग्रुप में जोड़े व उनके द्वारा किए जा रहे की फोटोग्राफ ग्रुप पर भेजना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित जनपद के पशु चिकित्साधिकारी पाई गई कमियों का नियमानुसार निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गौ संरक्षण के प्रति काफी संवेदनशील है अतएव सभी अधिकारी पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्यो का निर्वहन करे इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही क्षम्य नही होंगी। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, संयुक्त निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय, अपर निदेशक लघु पशु निदेशालय लखनऊ डॉ संजय कुमार श्रीवास्तव, अपर निदेशक पशुपालन डॉ हेमलता शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, उप निदेशक कृषि विकेश पटेल एवं तीनो जनपदों मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री ने निर्माणाधीन कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही द्वारा गुरुवार को निमार्णाधीन महात्मा गौतम बुद्ध कृषि एवं कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कराई जा सके।

मंत्री ने अब तक प्राप्त बजट एवं व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि माह सितम्बर तक आवश्यकता अनुसार एकेडमिक ब्लॉक, छात्रावास (होस्टल), मुख्य द्वार (मेन गेट), कक्षाओं (क्लासरूम) सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषकों की सुविधा एवं उन्नति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विश्वविद्यालय के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भी किसानों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने मिट्टी की गुणवत्ता (सॉयल कंडीशन) के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि माह अप्रैल में विशेष अभियान चलाकर किसानों को मिट्टी परीक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा, जिससे खेती की उत्पादकता बढ़ाई जा सके। मंत्री ने फॉर्मर रजिस्ट्री का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी ग्राम सभाओं में शिविर आयोजित कर कृषकों के मोबाइल नंबर एवं आधार नंबर को पंजीकृत किया जाएगा।उन्होंने बताया कि अब तक 3 करोड़ 12 लाख किसान भाई किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। जिन किसानों द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं कराई गई है, उन्हें योजना का लाभ फॉर्मर रजिस्ट्री पूर्ण होने के बाद ही प्रदान किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि कृषि से संबंधित सभी प्रकार के अनुदानों को भी फॉर्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है, इसलिए सभी किसान अपना फॉर्मर रजिस्ट्री अवश्य कराएं। निरीक्षण के अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पारंपरिक विधि विधान से नवागत प्रधानाचार्य ने ग्रहण किया पदभार



**देवरिया।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान नर्वदेश्वर सिंह सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के नवागत प्रधानाचार्य श्री मान बहादुर सिंह जी ने पारंपरिक विधि विधान से प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री बैकुंठनाथ कुशवाहा जी ने माला पहनाकर स्वागत किया।इसी के साथ नवीन शिक्षण सत्र के शुभारंभ के अवसर पर सामुहिक सुंदरकांड पाठ और हवन पूजन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ने प्रधानाचार्य श्री मान बहादुर सिंह के यशस्वी कार्यकाल की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि सिद्धार्थनगर के बांसी क्षेत्र के रहने श्री मान बहादुर सिंह जी ने प्रारंभिक शिक्षा बांसी तथा समाजशास्त्र से परास्नातक की शिक्षा अवध विश्वविद्यालय व शिक्षण स्नातक की डिग्री जम्मू विश्वविद्यालय से ग्रहण की है।विगत चौतीस साल से विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न सरस्वती विद्या मंदिरों के अध्यापन कार्य का अनुभव रहा है।अपने प्रथम संबोधन में आचार्य परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय सभी का अपना प्रांगण है जिसकी गरिमा और लक्ष्य के लिए सभी को उद्धत रहना होगा इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य मौजूद रहे।

# गैस न मिलने से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने किया सड़क जाम, आपूर्ति व्यवस्था पर उठे सवाल

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय गैस एजेंसी पर रसोई गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं का आक्रोश गुरुवार को फूट पड़ा। उपभोक्ताओं ने भरथरी-भटनी-नूरीगंज बाजार मार्ग पर खाली सिलेंडर रखकर करीब ढाई घंटे तक सड़क जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि गैस बुकिंग के बावजूद एक सप्ताह से उन्हें अनावश्यक रूप से दौड़ाया जा रहा है और डिलीवरी नहीं दी जा रही। इसी नाराजगी के चलते सुबह करीब 6 बजे से ही लोग सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन शुरू कर दिया।सड़क जाम की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और एक दर्जन से अधिक लोगों के नाम, गांव और मोबाइल नंबर नोट कर उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया।जाम हटने के बाद पूर्ति विभाग की टीम, नायब तहसीलदार गोपाल जी और उपजिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव गैस एजेंसी पहुंचीं। अधिकारियों ने गैस आपूर्ति व वितरण व्यवस्था की जांच की। इस दौरान खाली व भरे सिलेंडरों की गणना, होम डिलीवरी में लगी गाड़ियों की संख्या और लंबित (बैकलॉग) की स्थिति का आकलन किया गया।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ उपभोक्ताओं को कागजों में गैस डिलीवर दिखा दी गई, जबकि उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। इस पर अधिकारियों ने संबंधित उपभोक्ताओं को तत्काल गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।पूर्ति विभाग ने एजेंसी संचालक को निर्देशित किया कि उपलब्ध गैस के अनुसार ही उपभोक्ताओं को बुलाया जाए, ताकि अनावश्यक भीड़ और परेशानी से बचा जा सके।

# हनुमान जयंती पर किया गया हनुमान चालीसा का पाठ, शोभा यात्रा निकाली



**देवरिया।** बैतालपुर क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने समाजसेवी सुशील श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा धर्म ध्वजा के साथ शोभा यात्रा भी निकाली तत्पश्चात विशाल भंडारा भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने हनुमान जयंती पर शोभा यात्रा में शामिल होकर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, संकटमोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व की समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। हनुमान जी से प्रार्थना है कि वे सभी के जीवन से संकट दूर कर सुख, शांति, बल, बुद्धि और आरोग्य प्रदान करें।इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मीडिया संपर्क प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, यशवंत शाही, अजय सिंह, घनश्याम मणि, दुर्गेश, अमित, मोनू, जितेंद्र सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

# फसलों को आगजनी से बचाने को डीएम की विशेष अपील



**देवरिया।** जनपद में गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी है और कई स्थानों पर कटाई कार्य शुरू हो गया है। बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने किसानों, कंबाइन मशीन संचालकों एवं ग्राम प्रधानों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कंबाइन व भूसा मशीनों पर फायर एक्सटिंग्विशर, पानी और बालू की अनिवार्य व्यवस्था रहे तथा बिना सुरक्षा संसाधनों के मशीनों का संचालन न किया जाए।डीएम ने कहा कि आग लगने की स्थिति में तत्काल ट्रैक्टर से जुताई कर उसके फैलाव को रोका जा सकता है। ग्राम प्रधानों को गांव स्तर पर पानी व ट्रैक्टर की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने किसानों को सलाह दी कि तेज धूप और तेज हवाओं के दौरान भूसा मशीन का संचालन न करें तथा कटाई के समय खेतों में धूम्रपान से बचें। साथ ही मशीनों की नियमित जांच करें और पास में पानी की व्यवस्था रखें।डीएम ने पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें। उन्होंने कहा कि समय रहते सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

# गेहूं की फसल जलकर राख, किसानों को भारी नुकसान



जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सिंगही डीह और ग्राम दुबौली के बीच अज्ञात कारणों से दिन में करीब 11:30 बजे अचानक आग लगने से दर्जनों एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से क्षेत्र के किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते आसपास के कई खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही समय में बड़े क्षेत्र की फसल जलकर नष्ट हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। अग्निशमन कर्मियों और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।थानाप्रभारी ने बताया कि आग पर नियंत्रण पा लिया गया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, पीड़ित किसानों ने सरकार से अपनी जली हुई फसलों के मुआवजे की मांग की है।

## आग में लाखों का सामान जलकर राख

भटनी (देवरिया)।नगर के चूड़ा गली वार्ड के प्रताप रोड पर बुधवार देर रात एक बड़ी घटना सामने आई, जहां लक्ष्मी ट्रेडर्स नामक दुकान में अचानक आग लगने से लगभग 15 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।बताया जाता है कि देर रात पड़ोसियों ने दुकान से धुआं निकलता देखा। उन्होंने तुरंत दुकान मालिक प्रिंस जायसवाल को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रिंस मौके पर पहुंचे और किसी तरह दुकान का शटर खोलकर अंदर देखा तो पूरा सामान आग की चपेट में आ चुका था।आग लगने से दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह जल गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।दुकान मालिक प्रिंस जायसवाल के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# मनरेगा से बन रहे आरसीसी निर्माण में अनियमितता का आरोप

**कुशीनगर।** मथौली विकासखंड मोतीचक के ग्राम पंचायत बेलवा सुदामा में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे आरसीसी निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का मामला सामने आया है। गांव निवासी अमरजीत यादव ने खंड विकास अधिकारी मोतीचक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत में लाखों रुपये की लागत से आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जो अजय सिंह के घर से स्माइल के घर तक कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है और मोरंग बालू की जगह लाल मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि ग्राम सभा में कराए गए सभी निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार सामने आ सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मोतीचक श्वेता मिश्रा ने कहा कि शिकायत मिली थी, जांच कराई जा रही है, अगर ऐसा हुआ होगा तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपा, वरिष्ठता का ध्यान दिलाया



**देवरिया।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जनपद देवरिया का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी / प्रधान जनगखना अधिकारी, से जनगणना 2027 में पर्यवेक्षक पद पर शिक्षकों को नियुक्त करने के सम्बंध में मिलकर ज्ञापन दिया।उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ देवरिया सादर निवेदन के साथ अवगत कराना चाहता है कि जनगणना नियमावली 1990 के अनुसार पर्यवेक्षक व प्रगणक पद पर शिक्षकों की वरिष्ठता के अनुसार कार्य दायित्व सौंपने का उल्लेख है। इसके पूर्व वर्ष 2011 की जनगणना में वेतन ?क्रम तथा वरिष्ठता का ध्यान रखते हुए पर्यवेक्षक व प्रगणक का कार्य दायित्व सौंपा गया था।जबकि जनगणना 2027 के कार्य सम्पन्न करने हेतु शिक्षकों को दिये गये कार्य दायित्व में ऐसा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संगठन के संज्ञान में आया है कि निम्न ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को पर्यवेक्षक बनाया जा रहा है तथा उच्च ग्रेड पे व वरिष्ठ शिक्षकों को प्रगणक बनाने का कार्ययोजना बनाया गया है। जनगणना नियमावली 1990 के अनुसार प्रगणक से उच्च पद के कर्मचारी पर्यवेक्षक होना चाहिये।अतः आप महोदया जी से संगठन निवेदन करता है कि जनगणना 2027 के कार्य दायित्व में यदि त्रुटियाँ हुई है तो उसे सुधार करते हुए पुनः कार्य दायित्व सौंपने का कृपा करें। एमडीएम के सफल संचालन हेतु गैस की उपलब्धता न होने की दशा में जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि विकास खंड पथरदेवा के समस्त विद्यालयों का गैस का कनेक्शन शोभा गैस एजेंसी देवरिया (भारत गैस) से संचालित है परंतु 2012 से ही किसी भी विद्यालय का गैस का आवंटन नहीं होता है। कई बार प्रयास करने के बाद भी शोभा गैस एजेंसी द्वारा गैस की आपूर्ति नहीं की जा रही है जिस संबंध में जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि जल्द ही समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा इसके साथ ही देवरिया सदर, बैतालपुर सहित समस्त ब्लॉकों के सभी विद्यालय में एम डी एम के सफल संचालन हेतु सभी गैस एजेंसी को जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से तथा जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से आदेशित कर दिया गया है कि गैस की आपूर्ति निश्चित रूप से की जाए ताकि एमडीएम का संचालन सुचारु रूप से होता रहे।प्रतिनिधिमंडल में मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह मंडल महामंत्री अशरफ अली खान, प्रांतीय ऑडिटर अमरनाथ वर्मा ,जिला महामंत्री नंदलाल प्रांतीय संयुक्त मंत्री नरेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह ,रईस अहमद, शफीक अहमद खान, कृपा नारायण सिंह, रामनिवास सिंह,रशीद अहमद आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत हक की बात, डीएम के साथ मेगा इवेन्ट का हुआ आयोजन

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मेगा इवेन्ट) का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया, जहां बेटियों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को अपने मन की बात कही और समाज में सुधार हेतु अपने-अपने सुझाव दिये।

जिलाधिकारी ने बेटियों को सम्बोधित करते हुए आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा या बोर्ड परीक्षा में बेटियां टॉप करती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बेटी के शिक्षा में आर्थिक स्थिति बाधा नहीं बनेगी, इसके लिए जिले में कस्तूरबा बालिका विद्यालय संचालित हैं, यहां रहना, खाना सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।जिन बच्चियों का परिवार आर्थिक रुप से कमजोर है, वे बच्चियां कभी भी हम से सम्पर्क करें, उन्हें इन आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाएगा, इसके साथ ही यदि उन्हें कोई समस्या है, तो दैनिक जनसुनवाई में हमें या पुलिस अधीक्षक को अपनी बात बिना डरे बतायें, आपकी तत्काल मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के अलावा जीवन को बेहतर बनाने का और कोई तरीका नहीं है, इसलिए पढ़ाई पर फोकस करें।शिक्षा के लिए आपको छात्रवृत्ति सहित अनेकों योजनाओं का लाभ मिल सकता है, जिसकी जानकारी आज आपको दी जा रही है। उन्होंने छात्राओं को साईबर अपराध, महिला अपराध के प्रति जागरुक करते हुए विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने बालिकाओं को बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए अनेकों कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं, जिनमें उन्हें उनके अधिकार व कर्तव्यों के बारे में बताया जा रहा है।

# स्वतंत्रता सेनानी रामधारी शास्त्री की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



**कुशीनगर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद रामधारी शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा एवं सम्मान के साथ याद किया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम का नेतृत्व हीरोज मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर एवं शास्त्री जी के पौत्र आनंद शेखर सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता मिनी सिंह ने अपने संबोधन में शास्त्री जी के जीवन और कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि ह्लबाबा जी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ डटकर संघर्ष किया, कई बार जेल गए और समाज में अपनी एक विशिष्ट एवं प्रेरणादायक पहचान बनाई। उनका जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है।ह्वउन्होंने आगे कहा कि शास्त्री जी की राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं थी, बल्कि देशहित, जनसेवा और नैतिक मूल्यों की स्थापना का सशक्त माध्यम थी। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों की आवाज को प्राथमिकता दी और संसद में जनसमस्याओं को मजबूती से उठाया। उनकी राजनीति में ईमानदारी, सादगी और जनकल्याण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती थी, जो आज भी अनुकरणीय है। इस अवसर पर वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि हीरोज मेमोरियल स्कूल की स्थापना स्वयं रामधारी शास्त्री जी द्वारा की गई थी, जो उनकी शिक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता और समाज निर्माण की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। उन्होंने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम माना और इसी उद्देश्य से इस विद्यालय की नींव रखी। कार्यक्रम में आदित्य जायसवाल, शालिनी मिश्रा, रेनू मिश्रा, तनु मद्देशिया, अन्नू मद्देशिया, आश्मिता मिश्रा एवं बेचू प्रसाद सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव के समापन अवसर पर शांति, करुणा और अहिंसा के सिद्धांतों की चर्चा




**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय बुद्धिष्ठ कॉन्क्लेव कुशीनगर में तृतीय दिवस पर महापरिनिर्वाण मुख्य मंदिर परिसर में श्युद्ध के समय में बुद्ध की प्रासंगिकता विषय पर एक महत्वपूर्ण चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमे देश-विदेश से आए विद्वानों, बौद्ध भिक्षुओं, शोधकताओं एवं चिंतकों ने

**● दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध के उपदेश की जरूरत: कृषि मंत्री**

सहभागिता करते हुए वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भगवान बुद्ध के शांति, करुणा एवं अहिंसा के सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि बुद्ध के उपदेश पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। कुशीनगर की पहचान पूरी दुनिया में बुद्ध से है। उन्होंने भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत विश्व को शांति का संदेश दे रहा है। दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध के उपदेश की जरूरत है और इसी में सबका कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की डबल इंजन सरकार कुशीनगर का चतुर्दिक विकास करा रही है। कृषि मंत्री ने सफल बुद्धिस्ट कांक्लेव के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की। विधायक फाजिलनगर सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने ने कहा कि आज जब विश्व विभिन्न प्रकार के संघर्षों एवं युद्धों की परिस्थितियों से गुजर रहा है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध का मध्यम मार्ग, सहिष्णुता तथा संवाद की भावना मानवता को नई दिशा प्रदान कर सकती है। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह ने आह्वान किया कि वे भगवान बुद्ध के शांति, करुणा एवं अहिंसा के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। डॉ वांगचुक दोर जी, डॉ आशा सिंह, मलेशिया भिक्षु संघ की अध्यक्ष लोह पाई लिंग, भिक्षु महेंद्र,भिक्षु नन्द रतन, डॉ चकमा, डॉ ज्ञान आदित्य शाक्य ने प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कुशीनगर को वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में सड़क, हवाई एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। चिकित्सक योगेश्वर मद्धेशिया, डॉ जीपी राय, डॉ अशोक सिंह आदि ने कुशीनगर के विकास पर चर्चा की।कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम कुशीनगर महेन्द्र सिंह तवर ने किया। सफल संचालन रोमा बच्चानी ने किया।इस दौरान अन्य देशो से आएं वक्ताओ सहित एसपी कुशीनगर केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी संतराज सिंह, सीओ कुंदन सिंह, तहसीलदार धर्मवीर सिंह सहित जिले और तहसील के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोटेरियन डॉ विपिन बिहारी को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 जोन 11 का एक वर्ष के लिए असिस्टेंट गवर्नर मनोनीत किया गया



जिला संवाददाता

**देवरिया।** गत दिवस लखनऊ के होटल होलीडे इन में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. विपिन बिहारी शर्मा को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पूनम गुलाटी जी के हाथों असिस्टेंट गवर्नर का प्रमाण पत्र प्रदान की गई

असिस्टेंट गवर्नर की उनके रोटरी के उत्कृष्ट नेतृत्व,सेवा भावना और रोटरी के प्रति समर्पण भरी जिम्मेदारी को देखते हुए प्रदान की गई इस डिग्री से गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त हुआ ' दो दिवसीय विजन 2026 में रोटरी अंतरराष्ट्रीय से आये अतिथियों द्वारा असिस्टेंट गवर्नर, अध्यक्ष,सचिव को उनकी जिम्मेदारी के प्रति प्रशिक्षण दिया गया इस प्रशिक्षण में डॉक्टर विपिन शर्मा और उनके जोन 11 सभी अध्यक्ष सचिव ने अपने प्रशिक्षण को अच्छे तरीके से प्राप्त किया '

डॉ शर्मा ने कहा कि विजन 2026 में अपने जोन के क्लबो को समय समय पर क्लब से संबंधित सभी सूचना को प्रदान करते हुए सभी अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर उनसे काम में सहयोग करते हुए क्लब को आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा '

इस उपलब्धि पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष आशीष कंसल, राकेश धर द्विवेदी,एस एन चतुवेर्दी, इमरान लारी, हिमांशु सिंह,मनोज सेठ, अविनाश मिश्रा, डॉ ओंकार मिश्रा,अमित त्रिपाठी संदीप गुप्ता मिथिलेश जी ने बधाई दी '

# कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.एस.के.पाठक का स्वागत

देवरिया।प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ उसके पाठक के प्रथम देवरिया आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के अगुआई में पार्टी कार्यालय में जनपद के कांग्रेस जनों के साथ उनका भव्य स्वागत करते हुये फूल मालाओं से लाद दिया। इसके पूर्व नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.एस.के.पाठक ने सुभाष चौक पर सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जनपद आगमन पर डाक्टर एस.के.पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई उसे पूरा करने की कोशिश करुंगा।हर कांग्रेस जनों का सम्मान करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस स्वागत से अभिभूत हूं और जिलाध्यक्ष जी को धन्यवाद देता हूं और जिला कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त करता हूं। स्वागत में मुख्य रूप से नागेंद्र शुक्ला, शहनाज जफर, उत्तेज मिश्रा, मिर्जा खुर्शीद, संजीव कुमार मिश्रा, चन्दन वर्मा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, सत्यप्रकाश मणि, विनोद दुबे, अब्दुल जब्बार, सुभाष राय, धनंजय यादव, जवाहरलाल बरनवाल, महेंद्र अम्बेडकर, रीता देवी, निर्मला वर्मा, डॉ.राजीव राय, अजय वर्मा, नौशाद खान एपी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रांसजेंडर अधिकार विधेयक पर विवाद क्यों


विजय कपूर

लगभग चार साल पहले अहमदाबाद की क्षमा बिंदु राष्ट्रीय सुर्खियों में थीं। लाल लहंगे में वह एकदम परम्परागत भारतीय दुल्हन लग रही थीं। लेकिन इस कहानी में एक ट्विस्ट था। वह खुद से ही शादी कर रही थीं ताकि लैंगिक प्रथा व पितृसत्तात्मकता से मुक्ति पा सकें। भारत में सोलोगेमी का यह पहला केस था। तब से अब तक बिंदु के लिए बहुत कुछ बदल गया है। अब वह ट्रांस-पुल्लिंग व्यक्ति हैं और उनका नाम मुकुंद है। वर्षों तक अपनी मर्दानगी को दबाने के बाद, आखिरकार उन्होंने साहस किया हॉरमोन रिप्लेसमेंट थैरेपी कराने का और अपनी पहचान कागजात पर लिंग बदलने का- पुरुष। लेकिन इस सब पर अचानक भयावह विराम लग गया है, संसद में ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों की सुरक्षा) संशोधन विधेयक, 2026 के पारित होने की वजह से। मुझे कई दिन से नींद नहीं आयी है। इतना अधिक डर है... अपने अस्तित्व को ही खतरा महसूस होने लगा है, ऐसा 28-वर्षीय मुकुंद का कहना है।

इस विधेयक के पारित होने के कुछ मिनट बाद ही एक्स पर एक ट्वीट वायरल हुआ- मैं हर समय हिम्मत प्रदर्शित नहीं कर सकता। आज मैं जो हूं, वह बनने में मुझे वर्षों लगे हैं ...और अब मुझे महसूस हो रहा है कि मुझसे सब कुछ छीना जा रहा है, मेरे अधिकार, मेरा सम्मान, मेरी निजता। किस्मत से इस व्यक्ति को लोकेट करके काउंसिल किया गया। संकट टल गया, फिलहाल के लिए। लेकिन यह एंग्जायटी व बेचैनी अकेले इस व्यक्ति की नहीं है। तीन सौ से अधिक मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स ने हस्ताक्षर किये हैं कि जो ट्रांसजेंडर तनाव, अकेलेपन व अवसाद में हैं, उन्हें रियायती दरों पर काउंसिलिंग सत्र उपलब्ध कराये जायेंगे। क्योंकि जी जा रही सच्चाइयों और आत्म-पहचान को अमान्य करके, यह विधेयक एंग्जायटी उत्पन्न कर रहा है और लोगों में आत्महत्या करने के विचार पनपने लगे हैं। लोग इसके आकांक्षित कुप्रभावों को लेकर चिंतित हैं। क्या सड़क पर चलते हुए मैं सुरक्षित रहूंगा? यह अति वास्तविक प्रश्न हैं। दरअसल, यह विधेयक 2019 के कानून से सबसे महत्वपूर्ण पहलू को हटा देता है- आत्म-

> यह संशोधन सिर्फ एक समुदाय (ट्रांसजेंडर) के विरुद्ध ही नहीं है बल्कि इसके भी खिलाफ है कि एक नागरिक के रूप में हम क्या हैं? हालांकि इस संशोधन को अदालत में चुनौती दी जा सकती है, लेकिन सरकारी 'यू-टर्न' से मालूम होता है कि जो अधिकार कड़े संघर्ष के बाद अर्जित किये जाते हैं, उन पर भी सरकार अपनी मर्जी से जब जी चाहे विराम लगा देती है।



पहचान का अधिकार। ट्रांसजेंडरों को सामाजिक-सांस्कृतिक समूह- हिजड़ा, किन्नर, अरावानी व जोगता, तक सीमित करके यह अनेक सवाल खड़े कर देता है। उनका क्या जो इन समूह में नहीं आते? नॉन-बाइनरी व्यक्तियों का क्या? उनका क्या जो परिवर्तन में लगे हुए हैं, लेकिन प्रक्रिया अभी पूर्ण नहीं हुई है? उन 35,000 पहचान सर्टिफिकेट्स का क्या होगा, जो जारी हो चुके हैं? इन प्रश्नों का उत्तर कहीं से नहीं मिल रहा है। आगे बहस करने से पहले आवश्यक है कि इस विषय से संबंधित लैंगिक पहचान के कुछ शब्दों को संक्षेप में समझा दिया जाये। ट्रांसजेंडर शब्द हर उस व्यक्ति के लिए बोला जाता है, जिसकी लैंगिक पहचान उसके जन्म के लिंग से भिन्न हो। ट्रांस-सेक्सुअल वह व्यक्ति होते हैं, जो अपने शरीर को हॉरमोन थैरेपी व अन्य मेडिकल हस्तक्षेपों के माध्यम से बदलते हैं।

**ट्रांसजेंडर संशोधन विधेयक-2026**

इंटरसेक्स वह व्यक्ति होते हैं, जो उन जैविक सेक्स गुणों के साथ जन्म लेते हैं, जो पुरुष या महिला की बाइनरी (द्विचर) परिभाषा में फिट नहीं बैठते। नॉन-बाइनरी एक ऐसी लैंगिक पहचान है, जो स्थिर नहीं है कि व्यक्ति खुद को पूरी तरह पुरुष या महिला के रूप में नहीं पहचानता है। इनमें से कुछ अपने आपको ट्रांसजेंडर समझते हैं, लेकिन सभी ऐसा नहीं सोचते हैं। यहां यह बताना भी जरूरी है कि पिछली जनगणना में 4,87,803 ट्रांसजेंडर व्यक्ति रिकॉर्ड किये गये थे, जिनमें से सिर्फ 32,500 के पास सरकारी पहचान पत्र हैं। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए प्रशासनिक सेवाओं में 1 प्रतिशत क्षितिज आरक्षण केवल कर्नाटक में लागू किया है। बहरहाल, यह विधेयक अचानक आया, न कोई पूर्व सूचना और न ही संबंधित समुदाय से कोई वार्ता। हद तो यह है कि नेशनल काउंसिल ऑफ ट्रांस पीपल से भी कोई मशविरा नहीं किया गया। रिटायर्ड न्यायाधीश आशा मेनन के नेतृत्व में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों पर जो सुप्रीम कोर्ट की कमेटी है, उसने सरकार से आग्रह किया है कि इस संशोधन को वापस ले लिया जाये, क्योंकि यह उन व्यक्तियों के अस्तित्व अधिकारों का इंकार है, जो जन्म के समय दी गई लिंग पहचान के अनुसार अपनी पहचान नहीं करते हैं।

इस संशोधन में अन्य कमियां भी हैं। मेडिकल बोर्ड (यह तय करने के लिए कि कौन ट्रांसजेंडर है) को आवश्यक करने से सम्मान, गरिमा, स्वायत्तता व निजता के जो संवैधानिक सिद्धांत हैं, उनका कोई अर्थ नहीं रह जाता है। साथ ही इससे मेडिकल नौकरशाही की एक अतार्किक परत उत्पन्न होती है। डॉक्टर वास्तव में किस चीज की जांच करेगा, अगर लिंग का सवाल एनाटोमी की बजाय पहचान का है? कांग्रेस की सांसद रेणुका चैधरी ने एकदम सही कहा, 'अगर पुरुष व महिला को अपने लिंग के बारे में मेडिकल बोर्ड को संतुष्ट नहीं करना पड़ता है, तो अन्यों को ऐसा क्यों करना चाहिए?' सरकार का दावा है कि संशोधन से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सुरक्षा होगी। इसके बावजूद वह मूल परिवार की हिंसा के बारे में कुछ नहीं कहती है, जोकि विशेषरूप से कुईर व ट्रांस व्यक्तियों के विरुद्ध हिंसक व व्याप्त है, जैसा कि अनेक रिपोर्ट्स से साबित है, जिनमें '2023 की अपनों का बहुत लगता है' भी शामिल है। मद्रास हाईकोर्ट ने 2015 में 'चुने गये परिवार' को मान्यता दी थी, उसका क्या हुआ? वैसे सबसे चिंताजनक है राज्य का रेंगता हुआ हस्तक्षेप, जो अक्सर पैरेंट्स व समाज के स्वयंभू ठेकेदारों से सांठगांठ कर लेता है और उन व्यक्तियों के निजी जीवन को बर्बाद करने पर तुल जाता है जो 'अच्छे नागरिक' की बहुसंख्यावादी परिभाषा पर खरे नहीं उतरते। भारत के 14 राज्य तो ऐसे हैं जिनमें व्यक्ति को सरकारी अधिकारी के समक्ष आस्था से संबंधित अपनी व्यक्तिगत पसंद को उचित ठहराना पड़ता है। इन राज्यों में गुजरात भी शामिल है, जिसकी विधानसभा ने आवश्यक कर दिया है कि आपस में सहमत वयस्कों को अपना विवाह पंजीकृत कराने के लिए अपने पैरेंट्स की मंजूरी लेना जरूरी होगा। उत्तराखंड में तो साथ रह रहे वयस्कों को भी सरकारी दफ्तर में पंजीकरण कराना आवश्यक है। ह्यसुरक्षाह्ल के नाम पर राज्य सर्टिफिकेशन की जरूरतों में वृद्धि कर दी गई है और हमारी अति आत्मीय चिंताओं में सरकारी अधिकारियों की शक्तियों का विस्तार कर दिया गया है।

यह एक-एक करके लिए गये निर्णय नहीं हैं बल्कि शासन का विस्तृत पैटर्न है। सरकार का फैसला यह है कि हम तय नहीं करेंगे कि हम कौन हैं बल्कि सरकार बतायेगी कि हम कौन हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकार नागरिकों को स्वायत्त प्राणियों के रूप में नहीं देखती है बल्कि उन्हें अपना ऐसा 'दास' समझती हैं, जिन्हें रेगुलेट व सर्टिफाई किया जाना चाहिए। यह संशोधन सिर्फ एक समुदाय (ट्रांसजेंडर) के विरुद्ध ही नहीं है बल्कि इसके भी खिलाफ है कि एक नागरिक के रूप में हम क्या हैं? इसे तो वापस लिया ही जाना चाहिए। हालांकि इस संशोधन को अदालत में चुनौती दी जा सकती है, लेकिन सरकारी 'यू-टर्न' से मालूम होता है कि जो अधिकार कड़े संघर्ष के बाद अर्जित किये जाते हैं, उन पर भी सरकार अपनी मर्जी से जब जी चाहे विराम लगा देती है।

## जनगणना की शुरुआत

देर से ही सही लेकिन अब देश में जनगणना शुरू हो गयी है। नयी जनगणना से जो सामाजिक-आर्थिक आंकड़े प्राप्त होंगे उनके आधार पर सरकार नीति नियोजन करेगी। हर एक दशक में होने वाली जनगणना 2020 में होनी थी लेकिन कोविड-19 के कारण यह उस समय नहीं हो सकी। परंतु आर्थिक गतिविधियां सामान्य होने के बाद भी इसे क्यों अंजाम नहीं दिया गया इस बारे में कोई स्पष्टीकरण मौजूद नहीं है। खैर जो भी हो, इस तथ्य का स्वागत किया जाना चाहिए कि जनगणना की प्रक्रिया अब शुरू हो गई है। नियमित जनगणना की आवश्यकता को कम करके नहीं आंका जा सकता, विशेष रूप से भारत जैसे देश के लिए जो तेजी से बढ़ और बदल रहा है। उदाहरण के लिए, सर्वेक्षण डेटा और विश्लेषणात्मक मॉडल बताते हैं कि भारत में जन्म दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है, और कुछ राज्यों में यह प्रतिस्थापन दर से भी नीचे चली गई है। वास्तविक जनगणना डेटा वास्तविक स्थिति की पुष्टि करेगा। इसके अलावा, यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि भारत का शहरीकरण पहले के आधिकारिक आंकड़ों की तुलना में कहीं तेजी से हुआ है। नई जनगणना इस पर और अधिक प्रकाश डाल सकेगी।




> देश की 16वीं जनगणना शुरू हो गयी है। नयी जनगणना के आंकड़े देश के सामाजिक-आर्थिक विकास, नियोजन और राजनीतिक परिवर्तन में महती भूमिका निभायेंगे।

जनगणना का काम दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण होगा मकानों की सूची बनाना और आवास जनगणना, जिसे अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिनों की अवधि में किया जाएगा। यह हर राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन की प्राथमिकता पर निर्भर करेगा। दूसरा चरण होगा जनसंख्या गणना, जिसे फरवरी 2027 में पूरा किया जाएगा। पहाड़ी और बर्फ से ढके क्षेत्रों जैसे लद्दाख, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में यह चरण सितंबर 2026 में पूरा किया जाएगा। जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 होगी। इस बार दो बातें एकदम खास होंगी। पहली बार एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से स्वयं गणना की इजाजत दी जाएगी। दूसरे, यह काम डिजिटल प्रारूप में किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे संकलन की गति बहुत तेज हो जाएगी। उन्होंने यह भी दोहराया है कि डेटा सुरक्षित रहेगा और किसी अन्य सरकारी इकाई के साथ उसे साझा नहीं किया जाएगा। जनगणना का परिणाम जब भी जारी होगा उस पर गहन नजर रखी जाएगी लेकिन दो संबंधित बाते हैं जिन्हें सावधानीपूर्वक संभालना होगा। पहला, 2027 की जनगणना में 1931 के बाद पहली बार जाति की गणना भी की जाएगी। जाति भारत की सामाजिक संरचना का एक अहम पहलू है और इसका बहुत अधिक राजनीतिक महत्व है। इस पहले से जुड़े प्रश्नों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। जनगणना के जाति संबंधी पहलू को शुरू से ही बहुत सावधानी से संभालना होगा। यानी पूछे जाने वाले सवालों और उत्तर दर्ज करने के तरीके पर ध्यान देना होगा। इस चरण से आपत्तियां सामने आ सकती हैं। इसके अलावा, अंतिम परिणाम को कैसे संभाला जाता है, यह भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण होगा। संभावना है कि इसका उपयोग विभिन्न मांगों के साथ राजनीतिक वजहों के लिए किया जाएगा। यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि कहीं इसका नतीजा देश की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना को अस्थिर करने के रूप में न आए। दूसरा, 2027 की जनगणना लोक सभा में सीटों के परिसीमन का आधार भी बन सकती है। इससे विधायिका में महिलाओं के आरक्षण को लागू करना भी संभव होगा। यह भी राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा है, जिसका भारत की संघीय संरचना पर प्रभाव पड़ेगा। दक्षिण भारत के राज्य तर्क देते हैं कि लोक सभा में उनका प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा क्योंकि उनकी जनसंख्या वृद्धि उत्तरी भारत के राज्यों की तुलना में धीमी रही है। यह तर्क उचित है और इसलिए बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि परिसीमन का कार्य कैसे किया जाता है। सैद्धांतिक रूप से देखें तो संतुलन बनाये रखना आवश्यक होगा और राज्यों को जनसंख्या वृद्धि को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने और जीवन स्तर सुधारने के लिए बेहतर कार्य करने का नुकसान नहीं होना चाहिए।

### विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।
–महात्मा बुद्ध.

यदि कोई काम नहीं करता तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।
–बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने का प्रयास मत करो।
–स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।
–कालिदास.

जो कायरता से शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अत: जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।
–मुनि गणेशवर्णी.

### सोशल मीडिया

अस्सिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक जी ने नक्सली मुठभेड़ में आई ईडी ब्लास्ट में अपना एक पैर खो दिया, देश की रक्षा में दांव पर लगा दिया, उन्हें बदले में क्या मिला? राहुल गांधी.



सच से सपा बहादुर की घबराहट अब उजागर हो चुकी है। आस्था का सवाल आते ही आपकी चुप्पी और वोट बैंक की सियासत की मजबूरी दोनों साफ दिखाई देने लगती है। केशव प्र. मौर्य.



भाजपा विकास मॉडल तो उद्घाटन के फूल सूखने के पहले धंसने वाले ग्रीन कॉरिडोर में दिख ही गया, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के गड्ढों को देख चांद मुंह छिपा लेते हैं। अखिलेश यादव.



## पुरुषार्थ को चुनौती

**अंतर्दृष्टि**

आत्मिक प्रगति का मार्ग हमेशा इंसान को आध्यात्मिक चरम की ओर ले जाता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का काराण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है।

कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गति से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।


## तो आप बोरिया विस्तर बांधिये

**व्यंग्यलोक**


पूरन सरमा

हमारे देश को विकास की बीमारी आजादी के बाद ही लग गई थी। जो भी सत्ता में आया उसने विकास का नारा दिया। सो विकास की मारामारी ऐसी चली कि विकास चल निकला। हम विकासशील हो गये। यही विकास एक दिन मेरे गाँव भी आ गया। नये चंद सिरफिरों को पसन्द भी आ गया। उन्हें लगा कि विकास की यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है इसलिए वे भी विकासशील हो गये। इसे अपनाने वाले वे लोग थे जो बेकार थे, जिनके हाथ खाली थे। उन्होंने विकास को आजीविका के रूप में अपना लिया। वह विकास ही किस काम का जिसे अपनाने से सर्व प्रथम स्वयं का कल्याण न हो। बस दनादन पुख्ता मकानों की नींव धरी जाने लगी। अकाल अलग हो गया-इसलिए नेताजी ने जो राहत भेजी उसका खून गाँव के विकासशीलों के पृथक् से मुँह लग गया। इस तरह वे आबाद हो गये। गाँव के विकास के लिये 'नवयुवक मण्डल नाम से एक संस्था का गठन किया गया। जो चंद लोग शहर में विकास की चकाचौंध देख आये थे-वे तमाम उसके सदस्य थे। मण्डल की पहली बैठक हुई तो उसके एजेण्डा में-मेरा नाम स्थानान्तरित कराये जाने वाले लोगों में शामिल था। मैं घबरा गया कि यह नवयुवक मण्डल का गठन क्या मेरे लिए ही किया गया है। दौड़कर मैं विकासशीलों के अध्यक्ष से मिला और बोला- 'अमां यार तुम हमारे गाँव के हो और हमारा ही तबादला करवा रहे हो। गाँव में पड़े हैं। अपने बच्चों का लालन-पालन कर रहे हैं, यदि तबादला हो गया तो सारा घर अव्यवस्थित हो जायेगा। अध्यक्ष जी तो विकास की लहर के शिकार थे सो बोले- 'गाँव के विकास के लिए आपका इस गाँव से स्थानान्तरण अत्यावश्यक है। मण्डल की बैठक में भी यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हो गया है, इसलिए अब कुछ नहीं किया जा सकता। 'लेकिन मैं विकास में आड़े कहाँ आ रहा हूँ और मैंने बिगाड़ा क्या है? मैंने पूछा। वे बोले- 'विकास में तुम ही तो सबसे बड़ी बाधा हो। दरअसल आपने ईमानदारी का प्रमाण-पत्र ले रखा है और हमें ईमानदारों से डर लगता है। स्कूल में जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसका सारा हिसाब-किताब आपके पास है। आप पूरी ईमानदारी से उसे निपटाते हैं। तीन वर्ष से कोई घपले के चांसेज नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में आपके खिलाफ चार्जेज लगाकर तबादला करवाने के अलावा हमारे पास और क्या विकल्प रह जाता है? 'लेकिन इसमें मैं बाधा कहाँ उत्पन्न कर रहा हूँ। यदि मैं हिसाब-किताब सही रखता हूँ तो इसमें विकास को बल ही मिलेगा। पूरा पैसा विकास में लगेगा। मैंने कहा। 'इसका मतलब आप विकास का अर्थ ही नहीं जानते। 'मैं तो विकास का अर्थ यही जानता हूँ कि जन-कल्याण अधिक-से-अधिक हो तथा लोगों को सभी प्रकार की सुख-सुविधाएँ मिले। मैंने कहा। इस पर वे दाँत पीस कर बोले- 'तो फिर आप अपने इस गाँव से बोरिया-बिस्तर बाँध लीजिए।

## आस्था, पुनर्जन्म और बहुलता का उत्सव


ईस्टर संडे

धीरज बसाक

आगामी 5 अप्रैल 2026 को पूरी दुनिया में ईस्टर संडे मनाया जायेगा। आज की तारीख में भारत जैसे देश में यह सिर्फ ईसाईयों का धार्मिक पर्व नहीं है बल्कि भारत की बहुलतावादी संस्कृति के कारण लाखों-करोड़ों हिंदू, जैन, बौद्ध और दूसरे भारतीय धर्मों के अनुयायी भी इस दिन के प्रति अपनी-अपनी तरह की आस्था रखते हैं। क्योंकि यह दिन सिर्फ एक धार्मिक क्रियाकलाप का दिनभर नहीं है बल्कि आस्था, पुनर्जन्म और मानवीय एकता का भी प्रतीक है। दरअसल इस दिन ईसा मसीह सूली पर चढ़ाये जाने के बाद फिर से जीवित हुए थे, इसलिए इसे तीसरा पवित्र दिन कहते हैं। शुक्रवार को उन्हें सूली पर चढ़ाया गया था और इतवार के दिन वह पुनर्जीवित हो गये थे। ईसाई मान्यता के मुताबिक इस दिन को मृत्यु पर जीवन की विजय के रूप में देखा जाता है। आज के दौर में जब हर जगह जंग का माहौल है, आर्थिक अस्थिरता का वातावरण है और हर तरफ सामाजिक विभाजन मौजूद है, तब ईस्टर का संदेश अंधकार में प्रकाश की तरह पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हो गया है।

**ईस्टर: एक मानवीय उत्सव**

दुनियाभर में ईस्टर संडे एक धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। यूरोप में यह पारिवारिक पुनर्मिलन और कौटुंबकीय भोज का दिन होता है यानी इस दिन तमाम लोग अपने परिवार के बड़े-बूढ़ों के साथ बैठकर भोजन करते हैं। अमेरिका में यह दिन 'ईस्टर बन्नी' के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन बच्चों को लुभाने वाली खाने की चीजों को कृत्रिम अंडों के भीतर भरकर उन्हें छुपा दिया जाता है, जो छोटे बच्चों के लिए उपहार होते हैं। छोटे बच्चे इसे 'एग हंट' यानी अंडों की खोज के साथ मनाते हैं। परिवार के लोग इस दिन घर के बच्चों के लिए उपहार से भरे अंडे घर में छुपा देते हैं, जिन्हें बच्चे खोजते हैं और वे इस दिन को अपने लिए इन्हीं मजेदार अंडे की खोज में खुशी-खुशी मनाते हैं। दक्षिण यानी लैटिन अमेरिका में इस दिन धार्मिक जुलूस और जगह-जगह नाटकीय प्रस्तुतियां लोगों का मनोरंजन करती हैं। मगर इन विविध परंपराओं के बावजूद हर जगह इस दिन को एक नये आरंभ की सकारात्मकता के उत्सव के रूप में मनाते हैं। इस तरह ईस्टर का वैश्विक स्वरूप इस बात का उदाहरण है कि कैसे कोई धार्मिक पर्व मानवता की साझी सांस्कृतिक विरासत में बदलता है।

**भारत का बहुलतावादी उत्सव**

दुनिया के अनेक देशों की तरह भारत में भी ईस्टर का उत्सव मनाया जाता है। विशेषकर गोवा, केरल, नागालैंड और मिजोरम में तो लोग महीनों से इस उत्सव का इंतजार करते हैं। यहां यह उत्सव सिर्फ ईसाई समुदाय तक सीमित नहीं रहता, बहुत बड़ी तादाद में स्थानीय लोग भी इस उत्सव में शिरकत करते हैं यानी ईसाईयों के साथ भारत के अन्य धर्मों के लोग भी ईस्टर उत्सव मनाते हैं। क्योंकि यह धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है और भारत की हमेशा से सोच 'वसुधैव कुटुंबकम्' की रही है। इसलिए इस दिन जब चर्च में विशेष प्रार्थनाएं होती हैं, तो ईसाईयों के इतर वहां दूसरे समुदायों के लोग भी मौजूद होते हैं। इस दिन सामुदायिक भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। गोवा और केरल जैसे राज्यों में तो ईस्टर पर्यटन भी विशेष मायने रखता है। ईस्टर पर्यटन में हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों में खास रौनक रहती है। युवा लोग इस दिन को विशेष पॉजिटीविटी और सेल्फ रिन्यूवल के प्रतीक के रूप में देखते हैं जैसे लोग साल के पहले दिन को नये संकल्प लेने वाले दिन के तौरपर देखते हैं।

**साल 2026 में क्यों है ये खास**

यूं तो हर साल ईस्टर का पर्व शांति, भाईचारा और मानवतावादी संदेश देता है, लेकिन साल 2026 में यह बाकी सालों से अलग महत्व रखता है। क्योंकि इस साल जब ईस्टर का पर्व मनाया जायेगा, तब पूरी दुनिया युद्ध के वैश्विक तनाव से गुजर रही होगी। दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव अपने चरम पर होगा। वहीं दूसरी ओर समाज में मानसिक, स्वास्थ्य और संतुलन की चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। ऐसे में ईस्टर का संदेश कई स्तरों पर महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसे- वैश्विक स्तर पर यह शांति और पुनर्निर्माण का प्रतीक बन जाता है, सामाजिक स्तर पर यह बहुलतावादी आस्था का प्रतीक बन जाता है और निजी स्तर पर यह निराशा से बाहर आने की प्रेरणा का स्त्रोत हो जाता है।

## आपकी बात

### समावेशी समाज

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**मधुकर वर्मा, लखनऊ.**

### गरीबों का कल्याण

देश में सबसे अधिक मदद की जरूरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को है। इनसे काम तो कई गुना लिया जाता है लेकिन इनके सुख-दुख और भविष्य का ख्याल कोई नहीं रखता है। इसलिए सरकार को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सभी संस्थान अपने लिए इस्तेमाल करते हैं। उनके श्रम का लाभ उठाते हैं लेकिन उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा आदि का कोई प्रबंध नहीं रहता है। सरकार अपने कर्मियों के लिए सारी सुविधाएं देती हैं। यही बात जब गरीब श्रमिकों को देनी की आती है, तो सबकी जेब तंग हो जाती है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवती के लापता होने पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, युवक पर शक

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला से एक युवती के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी करीब 18 वर्षीय पुत्री 31 मार्च 2026 की सुबह लगभग 10 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई और काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने रिश्तेदारों एवं आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका।

तहरीर में एक युवक पर संदेह व्यक्त किया गया है, जो पूर्व में युवती के संपर्क में था और उसे लेकर पहले भी परिजनों द्वारा समझाइश दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शराब के पैसे न देने पर युवक से मारपीट, भर्ती

**ललितपुर।** अमरपुर मंडी चैकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोडा में शराब के लिए पैसे मांगने को लेकर विवाद में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।

घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम रोडा निवासी मिठ्ठन पत्नी काशीराम अहिरवार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 31 मार्च 2026 को सुबह करीब 8 बजे उनका पुत्र अमर अपने बड़े भाई की पुत्री को छोड़कर पुराने घर से वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में रविदास मंदिर के सामने राजेंद्र पुत्र सुरेश अहिरवार ने अमर से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। अमर द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोप है कि राजेंद्र ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने भाई सोहन पुत्र सुरेश अहिरवार तथा पिता सुरेश पुत्र गयासी अहिरवार के साथ मिलकर अमर के साथ लात-घूसों और सरियों से मारपीट कर दी। इस हमले में अमर को गंभीर चोटें आई और उसके सिर से खून बहने लगा। घटना की सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार जारी है।

पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## तहसील मड़ावरा में जनशिकायतें सुनेंगे डीएम

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने जाने के उद्देश्य से 04 अप्रैल 2026 शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान आयोजित किया जायेगा, जिसके क्रम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक तहसील मड़ावरा में जनशिकायतें सुनेंगे, अपर जिलाधिकारी तहसील महरौनी व सम्बंधित उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण करायेंगे। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें।

# फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले लेखपाल सहित 4 गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**बांदा।** थाना मटौंध पुलिस ने फर्जी गवाहों एवं विक्रेताओं के जरिए कूट रचित दस्तावेजों का प्रयोग कर जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 25-25 हजार रुपए के इनामी 2 वांछित आरोपियों, लेखपाल सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के खुटला निवासी देबिया पुत्र चैतुवा ने बीती 12 फरवरी को थाना मटौंध में सूचना दी थी कि 6 अगस्त 2025 को उसकी जमीन को कुछ लोगों ने योजना बनाकर कूटरचित दस्तावेजों व आधार कार्ड का प्रयोग कर हटेटी पुरवा की लगभग 34 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री बिजली खेड़ा निवासी आजम खान के नाम कर दी है।

● जमीन खरीद फरोख्त का चलाते थे गिरोह

इस मामले पर थाना मटौंध में अभियोग पंजीकृत करते हुए पूर्व में घटना में शामिल कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य की गिरफ्तारी के तहत गुरूवार को थाना मटौंध पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बताते चलें कि इस मामले में मुख्य आरोपी राजेश पुत्र मोहनलाल निवासी खाईपार हाल पता बिजली खेड़ा थाना कोतवाली नगर अपने साथियों हरीकरन, अनिल, रज्जू, खेमराज, केदार के साथ मिलकर फर्जी जमीनों की रजिस्ट्री, खरीद-बिक्री कराने का गिरोह चलाता है। यह फर्जी, कूट रचित दस्तावेज तैयार कराने, पैसे का लेन-देन व मध्यस्थता आदि कराने के साथ-साथ फर्जी गवाह, फर्जी जमीन विक्रेता बनाने, व्यवस्था कराने का कार्य करता था।

इसमें इसकी मदद चकबंदी लेखपाल विजय प्रकाश पुत्र धर्मनारायण निवासी पियरा थाना मऊ जनपद चित्रकूट जमीनों की जानकारी देता था, कौन सी जमीनों का वारिस कोई नहीं है या आर्थिक रुप से कमजोर है या जिसको कानून की जानकारी कम है, कौन से जमीन के मालिक की मृत्यु हो चुकी है आदि जानकारी देने के साथ-साथ जमीनों के कागजात उपलब्ध कराता था। इस मामले में आजम खान पुत्र अयूब खान जमीन का खरीददार है वह यह जानते हुए भी कि यह फर्जी रजिस्ट्री है फिर भी उसने जमीन को खरीदा। कूट रचित दस्तावेज तैयार कराने का कार्य श्रीराम पुत्र राजकुमार निवासी करछा थाना मटौंध करता था। यह कार्य शहर के क्योटरा के पास स्थित श्रीराम मोबाइल प्वाइंट नामक दूकान से किया जाता था। आरोपियों के पास से फर्जी आधार कार्ड बनाने के उपकरण, 2 लैपटाप, 1 सीपीयू, 1 कलर प्रिंटर, 6 चेक 38 लाख रुपये, 2 सेट जमीन रजिट्री की छायाप्रति, 1 आधार कार्ड, 1 ई-श्रम कार्ड, 1 वोटर कार्ड, 1 पैन कार्ड बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी राजेश पुत्र मोहनलाल निवासी खाईपार हाल पता बिजली खेड़ा थाना कोतवाली नगर, विजय प्रकाश पुत्र धर्मनारायण निवासी पियरा थाना मऊ जनपद चित्रकूट चकबंदी लेखपाल, श्रीराम पुत्र राजकुमार, हरीकरन पुत्र नत्थू निवासी करछा थाना मटौंध हैं। गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह व टीम रही।

## वार्ड बॉय की सीएमएस से शिकायत

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में इमरजेंसी ओपीडी में हड़कंप मच गया है। वार्ड बॉय रितेश यादव अपनी ड्यूटी से गायब मिले। उनकी ड्यूटी सुबह 8 बजे से निर्धारित थी, लेकिन वह अस्पताल नहीं पहुंचे। फार्मासिस्ट विजय वर्मा ने बताया कि फोन करने पर रितेश ने अपनी तबीयत खराब बताई, लेकिन उन्होंने छुट्टी की कोई औपचारिक जानकारी मैट्रन को नहीं दी। इस मामले की शिकायत प्रमुख अधीक्षक को की गई है। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर ने भी रितेश यादव के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है। सूत्रों के अनुसार, रितेश यादव मृतक आश्रित कोटे से लगभग 8 वर्ष पहले नौकरी में आए थे। इस पूरे समय में उन्होंने स्वयं ड्यूटी करने की बजाय केवल हाजिरी लगाने का सिलसिला जारी रखा।

अस्पताल के अधिकारी इसकी जानकारी रखते हुए भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाए। बताया जाता है कि रितेश यादव जनाना अस्पताल रोड पर एक निजी क्लीनिक भी चलाते हैं, जहां वे अपना अधिकांश समय बिताते हैं। इमरजेंसी विभाग में स्टाफ की अनुपस्थिति से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में यह घटना चर्चा का विषय बन गई है। अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गुंडागर्दी के बल पर युवक पर हमला करने वाले चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**नगीना, बिजनौर।** घर बाहर बैठे युवक पर हमला करने के मांमले में नगीना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के मोहल्ला खुर्रमअली सराय निवासी मौ0 सैफ पुत्र जुल्फिकार ने थाना नगीना पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह बीती 26 मार्च की रात्रि लगभग दस बजे अपने घर पर बैठा था। गुंडई दिखाते हुए अचानक उसके पडोस में रहने वाले दिलशाद पुत्र अ0 रहीम, दिलशाद के साले नजीबाबाद निवासी मौ0 फैजान पुत्र मौ0 कदीर इसका बड़ा भाई व शादाब चारों ने मिलकर कर उसके साथ गाली गलौच व मार पीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों की मारपीट से सैफ के सिर में गंभीर चोट आयी। नगीना पुलिस ने पीडित मौ0 सैफ का डॉक्टरी मुआयना कराने के बाद पीडित मौ0 सैफ की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## सदर विधायक के प्रयास से पर्यटन विकास हेतु एक करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत



**महोबा।** सदर विधायक राकेश गोस्वामी के प्रस्ताव पर नगर के नयापुरा नैकाना स्थित सिद्ध पीठ मां महेश्वरी देवी मंदिर के पर्यटन विकास हेतु सरकार ने 1 करोड़ 14 लाख से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। जोकि सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना के अंतर्गत यात्री हालए सोलर स्ट्रीट लाइटए आरसीसी बेंचए डस्टबिनए साइनजए पाथवे एवं सौंदर्यीकरण जैसे विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगेए जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति हेतु सदर विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सदर विधायक प्रतिनिधि रोहित शर्मा ने दी।

## शैक्षिक सत्र आरंभ होने पर विद्यालय परिवार ने मनाया प्रवेश उत्सव



**महोबा।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में शैक्षिक सत्र आरंभ होने पर विद्यालय पहुंची सभी पुरानी एवं नवीन छात्राओं का विद्यालय परिवार ने तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया तथा प्रधानाचार्या सरगम खरे ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें उपहार स्वरूप ज्योमेट्री बॉक्स देकर अपना आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्या ने पीएमश्री विद्यालय में अधिक से अधिक छात्राओं से प्रवेश लेने की अपील की। इस अवसर पर नीलम सोनीए प्रियंका गुप्ताए शबानाए वंदना शुक्लाए संतोष कुमारए शशिकांतए आसारामए सतचरन हरकुंवरए वंदना शुक्लाए रंजना श्रीवास्तवए शांति रैकवारए प्रियंका गुप्ताए रश्मि श्रीवास्तवए रेखा त्रिपाठीए शांति रैकवार आदि शिक्षकए शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## रजिस्ट्री कार्यालय नहीं खुलने से अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत



**बांदा।** शासन से स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक पैलानी तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय नहीं खोला गया। इस मामले को लेकर अधिवक्ता संघ पैलानी के महासचिव गया प्रसाद निषाद की अगुवाई में एक दर्जन से ज्यादा अधिवक्ताओं ने 1 अप्रैल को रजिस्ट्री कार्यालय खोलने को अधिकारियों ने आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक रजिस्ट्री कार्यालय नहीं खोला गया है। इस कारण न्यायिक कार्य नहीं करेंगे तथा आगे की रणनीति संघ की मीटिंग के बाद तय होगी। इस दौरान न्यायालय तहसीलदार, न्यायालय नायब तहसीलदार पैलानी, न्यायालय नायब तहसीलदार जसपुरा को भी सूचित किया गया है। महासचिव गयाप्रसाद निषाद, पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने बताया कि लगातार जनपद के अधिकारी रजिस्ट्री कार्यालय संचालित करने को लेकर अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। ऐसे में यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में अधिवक्ता संघ न्यायलयों के कार्यों का बहिष्कार करेगा। वहीं तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह ने अधिवक्ताओं से कहा कि वह उनकी बात को उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। इस दौरान कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र निषाद, सामान्य अध्ययन राजू प्रसाद वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु दत्त द्विवेदी, पूर्व महासचिव अशोक सिंह चैहान, पूर्व महासचिव हनुमान दास एडवोकेट व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बाबा सदनशाह के दर पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**ललितपुर।** सांप्रदायिक सौहार्द और कौमी एकता के प्रतीक महान सूफी संत हजरत बाबा सदनशाह रहमतुल्लाह अलैह का 108वां सालाना उर्स अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। उर्स के दूसरे दिन हजारों की संख्या में जायरीन ने बाबा के आस्ताने पर हाजिरी दी और मखमली चादर पेश कर मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। बुधवार की रात पूरी तरह सूफियाना कलामों के नाम रही। कार्यक्रम की शुरूआत उर्स कमेटी के संरक्षक गुडडू राजा बुंदेला और शशिभूषण सिंह बुंदेला द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ परंपरागत चादर पोशी से हुई। इसके बाद महफिल-ए-कव्वाली का आगाज हुआ, जिसमें मशहूर कव्वाल जुनैद सुल्तानी ने

● जुनैद सुल्तानी की कव्वाली ने बांधा समां

अपनी मखमली आवाज से जायरीनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महफिल-ए-कव्वाली का रूहानी सफर जुनैद सुल्तानी ने कार्यक्रम का आरंभ अल्लाह की शान में हम्द से किया, जिसके बोल कुछ इस तरह थे।

तेरी महफिल में जो भी आता है खाली नहीं जाता, तेरा जलवा कहीं भी नजरों से टाली नहीं जाता। दो आलम का तू मालिक है, तू ही सबका सहारा है, तेरे दर के सिवा कोई कहीं सुवाली नहीं जाता।

इसके बाद उन्होंने नबी की शान में खूबसूरत नाते पाक पेश की। नूर से अपने खुदा ने है बनाया तुमको, ताज सरवर का सर पे सजाया तुमको। सारी मखलूक तरसती है जिसे देखने को, अर्श पर रब्ब ने अपने पास बुलाया तुमको।

सिलसिला आगे बढ़ा और मौला अली व वलियों की शान में मनकवत का दौर शुरू हुआ, अल्लाह की रहमत का पता मिलता है इनसे, ईमान का रोशन हर दीया मिलता है इनसे। दर-दर भटकने की भला क्या जरूरत है, मुश्किल में जो चाहो वो खुदा मिलता है इनसे।

जैसे-जैसे रात परवान चढ़ी, माहौल रूहानी होता गया। अंत में जुनैद सुल्तानी ने अपनी मशहूर गजल से समां बांध दिया। नजर नजर का फर्क है, नजर को पहचानो तुम, किसी की याद में जलने को इबादत मानो तुम। मोहब्बत की राहों में सलीका बहुत जरूरी है, झुकना जहां पड़े उसे बंदगी जानो तुम।

## एक साथ तीन बच्चियों का जन्म बना चर्चा का विषय



**बांदा।** अमलोर गांव निवासी कामता उर्फ गेंदा सिंह की पत्नी रोशनी 28 ने बीती 31 मार्च को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में तीन नन्ही बच्चियों को साधारण प्रशव में जन्म दिया है। तीन बच्चियों का एक साथ जन्म लेना व इनका जीवित रहना चर्चा का विषय बना हुआ है। इन्हें लोगों ने गंगा, जमुना व सरस्वती का नाम दिया है। पैलानी तहसील के अमलोर गांव निवासी कामता सिंह की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। वह मजदूरी का कार्य कर रहा है और छह भाइयों में तीसरे नंबर का है। भाइयों ने डेढ़ वर्ष पहले उसे घर से निकाल दिया था। तब से वह दूसरे के घर में रहकर जीवन-यापन कर रहा है। उसके पास खुद रहने के लिए घर नहीं है। गरीबी में तीन-तीन बच्चियों का जन्म देखकर पिता कामता बेहद परेशान है कि वह तीन बच्चियों का भरण-पोषण किस तरह कर सकेगा। गांव के कुछ लोगों ने कामता सिंह को इस बात का भरोसा दिया है, कि वह उसकी हर संभव मदद करेंगे।

# डीएम जसजीत कौर का नाम उपलब्धि पुरस्कार विजेताओं की सूची में शामिल



**बिजनौर।** नीति आयोग भारत सरकार नीति आयोग राज्य सहायता मिशन द्वारा नीति फार स्टेटस यूज कैस चैलेंज के विजेताओं में जिलाधिकारी जसजीत कौर का चयन करते हुए उनका नाम उपलब्धि पुरस्कारों की सूची में शामिल किया गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने 23 दिसंबर 2024 को आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के जिला मजिस्ट्रेटों/कलेक्टरों को जमीनी चुनौतियों और उनके समाधानों से उभरने वाले उपयोग के मामलों को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए नीति फॉर स्टेट्स (एनएफएस) यूज केस चैलेंज का शुभारंभ किया था। इस चैलेंज को साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने को मजबूत करने के लिए एक प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन तंत्र के रूप में तैयार किया गया था, जिसमें जिलों को डेटा जिलों को डेटा विश्लेषण के माध्यम से समस्या विवरण तैयार करने, विभिन्न संकेतकों में कमियों की पहचान करने और अनुकरणीय हस्तक्षेपों का प्रस्ताव देने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। एडीपी/एबीपी के छह विषयों, जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, शिक्षा, बुनियादी ढांचा ढांचा, सामाजिक विकास और वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास के अंतर्गत 17 फरवरी 2025 तक प्रस्तुतियाँ आमंत्रित की गई। एनएफएस यूज केस चैलेंज के विजेताओं की सूची जिला बिजनौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि विकास खंड नजीबाबाद स्वास्थ्य एवं पोषण तथा विकास खंड कोतवाली के अंतर्गत सामाजिक विकास के सूचकांक में जिलाधिकारी बिजनौर को पुरस्कार दिया गया है, जिसके अंतर्गत प्रति इंडिकेटर एक-एक लाख रुपए की धनराशि भी शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा कि आकाशी ब्लॉकों में प्राप्त होने वाली यह उपलब्धि जिला बिजनौर के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अंतर्विभागीय समन्वय एवं टीमवर्क के रूप में किए जाने वाले प्रयासों का सुपरिणाम है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

## वृद्धाश्रम में लगा टीवी कैम्प, जांच व दवाएं वितरित




**बांदा।** टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरूवार को शहर के नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम में टीवी स्क्रीनिंग कैम्मा, जनरल हेल्थ कैम्प का आयोजन हुआ। 100 दिवसीय अभियान के तहत कैम्प में वृद्धजनों को टीवी के लक्षण जैसे 2 हफ्ते से खासी आना, मुह से खून आना, बुखार आना, थकान होना, सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ होना, रात में पसीना आना, गर्दन में गिल्टी, गांठ, बांझपन आदि लक्षणों के बारें में बताया गया। संदिग्ध टीवी मरीज चिन्हित किये गये और आवश्कता अनुसार बलगम की जांच अथवा हैन्ड हेल्ड, पोर्टबल एक्सरे मशीन से वृद्धजनों का एक्सरे भी किया गया। जनरल हैल्थ कैम्प में वृद्धजनों का बी०पी०, शुगर, वजन, हीमोग्लोबिन, नेत्र परीक्षण भी किया गया और दवायें वितरित की गईं। कैम्प मे जिला क्षय रोग अधिकारी डा० अजय कुमार, ए० सी०एमओ० डा० विजय केसरवानी के अलावा पी०एच०सी० बड़ोखर से आर०वी०एस० के० से डा० उपासना खरे, फार्मासिस्ट, नेत्र परीक्षक, अर्थन से एल०टी० रितेश कुमार, हरवंश कुमार सिंह एक्सरे टेक्नीशियन, गनेश प्रसाद डीपीपीएमसी एन टी ई.पी., इन्द्र कुमार साहू एस०टी०एल०एस०, अनिल यादव टी०वी०एच०वी०, सी०एच०ओ० मौजूद रहें।

## हनुमान जयंती पर कई कार्यक्रम श्रद्धालुओं की रही भीड़



**बांदा।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरूवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। शहर के संकट मोचन मंदिर व महावीरन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा के पाठ के अलावा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये। पैलानी तहसील के बालाजी महाराज महाविद्यालय में विराजमान आंजनेय बालाजी महाराज के दर्शन एवं पूजा पाठ के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अखंड हनुमान चालीसा पाठ के पश्चातप्रसाद वितरण हुआ। जिसमें आस-पास के क्षेत्र से श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के चरणों में मत्था टेका तथा भजन कीर्तन के साथ हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया। तहसील अतर्रा व नरैनी में भी हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जगह-जगह हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। जगह-जगह भण्डारे का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अशोक मिश्रा, विद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 9.78 किलो अवैध गांजा के साथ महिला गिरफ्तार




**ललितपुर।** जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 9.783 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के दौरान कस्बा तालबेहट से वार्ड नंबर 01 मोहल्ला चैबयाना निवासी 48 वर्षीय शिवकुमारी पत्नी हरिशंकर बरार को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना तालबेहट में मु.अ.सं. 96/2026 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि उसका पुत्र राजा गांजा लाकर देता था और वह दोनों मिलकर उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में इसकी बिक्री कर मोटा मुनाफा कमाते थे। इसी आय से वह अपने घरेलू खर्च पूरे करते थे। गिरफ्तार महिला को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेजा जा रहा है। अभियुक्ता के विरुद्ध पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत तीन मामले दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा थाना तालबेहट अपनी टीम के साथ इस कार्रवाई में शामिल रहे।

## शिक्षक समाज की आधारशिलाः अनुज कुमार सिंह



**गोसाईगंज-अयोध्या।** शिक्षक समाज की आधारशिला है। शिक्षक ही है जो अपने विद्यार्थी का जीवन गढता है और अपने जीवन के अंत तक मार्गदर्शक की भूमिका अदा करता है। इसीलिए शिक्षक को समाज में विशेष दर्जा प्राप्त है। उक्त बातें पूर्व माध्यमिक विद्यालय वीरशाहपुर मया पर वरिष्ठ शिक्षक रामकृष्ण वर्मा के सेवानिवृत होने पर आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कही। समारोह की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष नन्हू प्रसाद वर्मा ने व संचालन शिक्षक सुनील कुमार बर्मा नें किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अंजू गुप्ता नें श्री वर्मा के अनुशासन बच्चों के प्रति समर्पण की भावना व सरल स्वभाव की सराहना की। श्री वर्मा को अंग वस्त्र राम दरबार व रामचरितमानस भेंट कर विदाई दी गई। भावुक श्री वर्मा ने कहा आप लोगों से मिला स्नेह कभी भूल नहीं पाऊंगा। उक्त अवसर पर शिक्षक संघ मंत्री ओमप्रकाश यादव ,कृपा शंकर वर्मा, शशी तिवारी ,राजेश तिवारी ,राजेश दूबे, शिवानंद तिवारी ,अनुराग वर्मा ,के के पांडे , महेंद्र वर्मा,कविता सिंह, रुचि वर्मा, विनीता वर्मा मौजूद रहे।

# लापरवाही बरतने पर एबीएसए सहित कई अधिकारियों का जवाब तलब



**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने आकांक्षात्मक विकास खंडों में स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद कायाकल्प कार्यक्रम पोषण वितरण तथा शौचालय निर्माण एवं मरम्मत के कार्य में लापरवाही बरतने पर विकासखंड कोतवाली एवं नजीबाबाद के खण्ड शिक्षा अधिकारियों, एडीओ पंचायत तथा सीडीपीओ का स्पष्टीकरण तलब करने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह गुरुवार को विकास भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आकांक्षात्मक विकास खण्डों का अनुश्रवण करने के लिए नीति आयोग एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित विषयागत क्षेत्रों चिकित्सा, कुपोषण, शिक्षा, स्वच्छता सहित वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास,आधारभूत अवसंरचना के अंतर्गत इण्डीकेटर्स निर्धारित किये गये हैं।

उन्होंने चयनित विकास खण्डों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ निर्धारित मानव को के अनुरूप पहुंचने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 10 अप्रैल,2026 तक शासन द्वारा निर्धारित इंडिकेटर के अनुसार सभी कार्य पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उक्त संबंध में आगामी 11 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक में किसी भी इंडिकेटर के मानक के अनुरूप कार्य न पाए जाने पर संबंधित विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए भारत सरकार द्वारा चयनित कोतवाली एवं नजीबाबाद विकास खण्डों को आकांक्षात्मक जनपदों के भांति विकसित किया जाना है तथा विभागीय अधिकारी आकांक्षात्मक विकास खण्ड से सम्बंधित प्रत्येक संकेतांक/इण्डिकेटर्स की प्रगति राज्य के औसत प्राप्तांक के अनुसार करना सुनिश्चित करें तथा इसका नियमित रूप से प्रभावी अनुश्रवण करते हुए शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें, ताकि जनपद का समग्र रूप से विकास हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रगति राज्य औसत से कम अथवा गुणात्मक प्रगति नहीं होती है तो इसे गम्भीरता से लिया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की वे पूर्ण मनोयोग के साथ समस्त इण्डीकेटर्स में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपायुक्त एनआरएलएम योगेन्द्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन सचान, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल चैबे सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# सेंसेक्स में 185 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के ऊपर पहुंच गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में l,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 33.70 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,700 अंक के ऊपर 22,713.10 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 496.85 अंक यानी 2.19 प्रतिशत लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 22,782.30 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को घरेलू फॉरवर्ड बाजारों से प्रतिबंधित करने के लिए उठाए गए कई उपायों के बाद रुपये में आई तेजी ने भी निवेशकों के भरोसे को बेहतर बनाने में मदद की। कारोबार के दौरान रुपया 188 पैसे बढ़कर डॉलर के मुकाबले 92 के स्तर पर पहुंच गया और अंत में 150 पैसे से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। आईटी शेयरों में लिवाली के कारण तेजी को समर्थन मिला। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर बंद हुए। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत नरम रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर अत्यंत कठोर हमले की नई धमकी ने पिछले सत्र में बनी उम्मीद को तुरंत खत्म कर दिया। इससे एशियाई बाजारों में व्यापक बिकवाली शुरू हो गई। आरबीआई के दोहरे नियामकीय कदमों...बैंकों की नेट ओपन पोजिशन (विदेशी मुद्रा में कुल खरीद और बिक्री के बीच का अंतर) पर सीमा लगाना और कॉरपोरेट्स को एनडीएफ (नॉन-डिलिवेरेबल डेरिवेटिव) पेशकश पर रोक लगाना...से डॉलर के मुकाबले रुपये में सार्थक सुधार हुआ। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद अपने पहले राष्ट्रीय संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, ईरान पर हमले जारी रखेगा। अमेरिका, ईरान में जल्द ही अपना काम पूरा कर लेगा क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने के करीब हैं और सैन्य अभियान जल्द ही समाप्त हो सकते हैं।

# रिजर्व बैंक के कदमों से रुपया 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कड़े कदमों के बाद बृहस्पतिवार को रुपये में कई वर्षों की सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी दर्ज की गई और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 188 पैसे चढ़कर 92.82 के उच्चस्तर तक पहुंच गया। हालांकि, सत्र के अंत में यह 156 पैसे यानी 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93.14 प्रति डॉलर पर रहा। इससे पहले, रुपया सोमवार को 95 के स्तर के पार चला गया था। शुक्रवार को यह 94.84 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि, उसके बाद आरबीआई की तरफ से उठाए गए कई कदमों ने इसे समर्थन दिया। आरबीआई ने 27 मार्च, 2026 को जारी परिपत्र के जरिये बैंकों के लिए रुपये में नेट ओपन पोजिशन की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी और 10 अप्रैल तक इसका अनुपालन अनिवार्य कर दिया। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने बैंकों को ऑनशोर फॉरवर्ड बाजार में गैर-वितरणीय डेरिवेटिव अनुबंध देने से भी रोक दिया है। साथ ही, आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी रद्द किए गए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध को दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं होगी। इन कदमों का उद्देश्य रुपये पर सट्टा दबाव को कम करना है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि इन नियामकीय कदमों के चलते बैंकों को अपनी ओपन पोजिशन कम करने के लिए डॉलर की बिक्री करनी पड़ी, जिससे रुपये को मजबूती मिली। यह 12 वर्षों के भीतर किसी एक कारोबारी सत्र में रुपये की सबसे बड़ी बढ़त है। इसके साथ 10 अप्रैल की समयसीमा तक बैंकों की ओर से डॉलर बिकवाली जारी रहने का अनुमान है। हालांकि, विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है। विदेशी मुद्रा बाजार मंगलवार को महावीर जयंती के कारण बंद रहे, जबकि बुधवार को बैंकों के वार्षिक लेखा समापन के चलते कारोबार नहीं हुआ।

## संक्षेप

### डेटॉल ने लॉन्च किया नया कैंपेन

नयी दिल्ली। डेटॉल भारत का प्रमुख जर्म प्रोटेक्शन ब्रांड, अपने आइकॉनिक डेटॉल एंटीसेप्टिक लिक्विड के लिए एक नया भावनात्मक कैंपेन लेकर आया है। यह कैंपेन भावनाओं पर आधारित कहानी के जरिए परिवारों के साथ ब्रांड के जुड़ाव को मजबूत करता है और इसकी बेजोड़ सुरक्षा को उजागर करता है। मां की सहज देखभाल की भावना पर आधारित यह कैंपेन एक सरल संदेश देता है मां और डेटॉल जैसी सुरक्षा कोई नहीं देता। रेकिट में हम मानते हैं कि हमारी जिम्मेदारी केवल उत्पाद उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है हम एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए यहां हैं जहां लोग सुरक्षित महसूस करें, संरक्षित रहें और एक-दूसरे की देखभाल करने के लिए सक्षम बनें। डेटॉल इस मिशन के केंद्र में है। इसकी विरासत कई पीढ़ियों तक फैली हुई है और यह भारत के घरों में एक शांत लेकिन भरोसेमंद साथी बन चुका है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो सिर्फ जरूरत के समय ही नहीं, बल्कि भावनात्मक पलों में भी साथ होता है जब मां का सहज भाव जाग उठता है, जब बच्चे के आंसू बहादुरी के पीछे छिपे होते हैं।

### हयात ने विकास के अगले चरण को दी रफ़्तार

नई दिल्ली। हयात होटल्स कॉर्पोरेशन ने आज भारत में अपने बिजनेस के विस्तार के अगले पड़ाव के तहत विकास चावला की नियुक्ति की घोषणा की है। उन्हें 'प्रेसिडेंट भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया' की नई और महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। यह नियुक्ति 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। यह नया पद हयात की भारत में तेजी से विस्तार करने और अपने ब्रांड की मजबूत मौजूदगी बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। भारत, हयात के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण विकसित हो रहे बाजारों में से एक है। यह नियुक्ति भारत में हयात की मजबूत प्रगति के बीच हुई है, जहाँ कंपनी प्रमुख शहरों और मशहूर पर्यटन स्थलों में अपने होटलों और आगामी प्रोजेक्ट्स (पाइपलाइन) का लगातार विस्तार कर रही है।

### जेके सीमेंट ने किया डीलर पार्टनरशिप को मजबूत

नई दिल्ली। डीलर्स के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करते हुए जेके सीमेंट ने अपने गठबंधन कार्यक्रम के नए संस्करण का आयोजन किया। इस मौके पर कंपनी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 डीलर्स को कारें भेंट कर सम्मानित किया। जेके सीमेंट के लिए गठबंधन पहल एक प्रमुख प्लेटफॉर्म के रूप में उभरी है, जहां डीलर नेटवर्क के योगदान को चिह्नित और सम्मानित किया जाता है। साथ ही उत्कृष्टता का जश्न मनाते हुए दीर्घकालिक साझेदारियों को मजबूत किया जाता है। पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को प्रतिष्ठित टाइटेनियम और लीजेंड श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान चैनल पार्टनर्स के साथ मिलकर आगे बढ़ने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे डीलर हमेशा से जेके सीमेंट की विकास यात्रा का अहम आधार रहे हैं। गठबंधन कार्यक्रम उनके समर्पण, विश्वास और उनके साथ मजबूत साझेदारी के प्रति आभार व्यक्त करने का हमारा प्रयास है।

### जी5 ने की सतरंगी बदले का खेल की घोषणा

नयी दिल्ली। हिंदी जी5 एक नई दमदार और भावनात्मक रूप से गहन प्रतिशोध पर आधारित ड्रामा सीरीज सतरंगी - बदले का खेल लेकर आ रहा है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश की मुश्किल और संवेदनशील पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहाँ परंपराओं का गहरा प्रभाव है, लोगों की पहचान बार-बार परखी जाती है, और हर शांत पल के भीतर बदले की आग सुलगती रहती है। इस शो में अंशुमान पुष्कर, महवश, कुमुद मिश्रा, उपेन चौहान, सद्दाम सोफिया हुसैन, अतुल कुसुम संजय, बी. शांतनु और आमिर खान सहित कई शानदार कलाकारों की मजबूत टीम नजर आएगी। सतरंगी - बदले का खेल की कहानी बाबलू महतो के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लौंडा डांसर का बेटा है और परिस्थितियों के चलते उसे अपने पिता का पेशा अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस मजबूरी के पीछे उसके मन में न्याय पाने की तीव्र इच्छा छिपी होती है, क्योंकि बाबलू चुपचाप ताकतवर सिंह परिवार से बदला लेने की योजना बनाता रहता है। यह सीरीज सम्मान, प्रेम और प्रतिशोध की एक गहराई से बुनी हुई कहानी को दर्शाती है।

# बीपीसीएल की योजना में 129 करोड़ के संदिग्ध रिचार्ज, सात पर मामला दर्ज

इंदौर (मध्यप्रदेश)। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की एक योजना में देश भर में 129.55 करोड़ रुपये के संदिग्ध रिचार्ज के मामले में इंदौर के सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी के अनुसार इन लोगों पर बिना वास्तविक भुगतान के उनके वॉलेट में आई राशि का दुरुपयोग करके सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी को करीब 5.73 करोड़ रुपये का चूना लगाने का आरोप है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उमाकांत चौधरी ने बताया कि बीपीसीएल के एक अधिकारी की शिकायत पर क्षिप्रा थाने में सात लोगों पर भारतीय दंड विधान की धारा 420 (धोखाधड़ी) और अन्य संबद्ध प्रावधानों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने शिकायत के हवाले से बताया कि बीपीसीएल को 31 मार्च, 2023 को मिली एक सूचना के बाद डेटा के विश्लेषण से पता चला कि उसकी स्मार्ट फ्लीट योजना के देश भर में फैले l,093 ग्राहकों के वॉलेट में कुल 129.55 करोड़ रुपये के रिचार्ज हुए, लेकिन कंपनी के बैंक खाते में यह राशि नहीं पहुंची। गड़बड़ी के खुलासे पर बीपीसीएल ने इन सभी ग्राहकों के स्मार्ट फ्लीट खातों को ब्लॉक कर दिया।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि चार साल के निचले स्तर



नयी दिल्ली। लागत के दबाव, कड़ी प्रतिस्पर्धा, बाजार में बढ़ती अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच मार्च में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि चार साल के निचले स्तर पर आ गई। एक मासिक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को कहा गया कि इस दौरान नए ऑर्डर और उत्पादन में मामूली वृद्धि हुई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी के 56.9 से गिरकर मार्च में 53.9 पर आ गया। यह लगभग चार साल में समग्र व्यावसायिक स्थितियों में सबसे कमजोर सुधार का संकेत है। पीएमआई की शब्दावली में 50 से ऊपर के अंक का अर्थ विस्तार है, जबकि 50 से नीचे का अंक गिरावट को दर्शाता है। भारत का विनिर्माण पीएमआई फरवरी के 56.9 से घटकर मार्च में 53.9 पर आ गया, जो जून, 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। पश्चिम एशिया के संघर्ष से जुड़े व्यवधान वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं और भारतीय विनिर्माताओं पर दबाव डाल रहे हैं। सर्वेक्षण में कहा गया कि पीएमआई के दो सबसे बड़े उप-घटक - नए ऑर्डर और उत्पादन - 2022 के मध्य के बाद से सबसे धीमी गति से बढ़े हैं। चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों, लागत के दबाव और पश्चिम एशिया में युद्ध ने इस वृद्धि को सीमित कर दिया है। भंडारी ने कहा, उत्पादन और नए ऑर्डर स्पष्ट रूप से धीमे हुए हैं, जो कमजोर मांग और अधिक अनिश्चितता का संकेत देते हैं। इस बीच एल्युमीनियम, रसायन और ईंधन सहित वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला में तेजी बढ़ी है। फिलहाल, कंपनियां इस वृद्धि का अधिकांश हिस्सा खुद वहन कर रही हैं और उत्पादन की कीमतों को अपेक्षाकृत नियंत्रित रख रही हैं। कंपनियों को लागत के दबाव का सामना करना पड़ा, जो अगस्त, 2022 के बाद सबसे तेज था।

# सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह 15.52 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के पार

नयी दिल्ली। सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में संशोधित अनुमान से मामूली रूप से अधिक रहा है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

संशोधित अनुमान के अनुसार, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 15.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें सीमा शुल्क 2.58 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क 3.38 लाख करोड़ रुपये और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) 9.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। अधिकारी ने वास्तविक आंकड़े दिए बिना बताया कि सीमा शुल्क राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित अनुमान का 102 प्रतिशत रहा, जबकि उत्पाद शुल्क के मामले में यह संशोधित अनुमान का 101 प्रतिशत रहा। केंद्रीय जीएसटी संग्रह संशोधित अनुमान का 100.8 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर, जीएसटी और गैर-जीएसटी संग्रह संशोधित अनुमान का 101.2 प्रतिशत रहा। हालांकि, पान मसाला उत्पादन पर लगने वाले स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर से प्राप्त संग्रह लक्ष्य से कम रहा है। संशोधित अनुमान के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर से 2,330 करोड़ रुपये संग्रह का अनुमान लगाया गया था।

# बिहार का जीएसटी, गैर-जीएसटी से राजस्व संग्रह 43324 करोड़ पर




पटना। बिहार के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी), मूल्य वर्धित कर (वैट) और अन्य स्रोतों से प्राप्त राजस्व को मिलाकर 43,324.79 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड संग्रह किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.09 प्रतिशत अधिक है।

कर भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में विभाग ने 41,623.96 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया था। इस प्रकार चालू वित्त वर्ष में राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस मौके पर वाणिज्य कर विभाग के सचिव-सह-आयुक्त संजय कुमार सिंह ने बताया कि 43,324.79 करोड़ रुपये के कुल राजस्व संग्रह में से विभाग ने अकेले जीएसटी मद में 32,801 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो वित्त वर्ष 2024-25 में एकत्र राजस्व से 11.7 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आईजीएसटी शेष में हुई कमी को पूरा करने के लिए 724 करोड़ रुपये की कटौती की, जिससे राज्य का जीएसटी संग्रह घटकर 32,077.22 करोड़ रुपये रह गया। उन्होंने कहा कि इस कटौती के बावजूद राज्य में जीएसटी संग्रह में 9.20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर जीएसटी वृद्धि लगभग छह प्रतिशत रही। इस आधार पर जीएसटी संग्रह वृद्धि में बिहार देश में चौथे स्थान पर है। मंत्री ने बताया कि उपभोक्ता वस्तुओं सहित कई वस्तुओं पर सितंबर, 2025 में जीएसटी दरों में कमी की गई थी। दरों में कमी के बावजूद विभाग ने उच्च सकल संग्रह हासिल किया। उन्होंने कहा कि राज्य ने वित्त वर्ष 2025-26 में 2024-25 की तुलना में सभी नकद संग्रह (एसजीएसटी, सीजीएसटी, आईजीएसटी और उपकर) में 10.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

# कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के कोयला उत्पादन में गिरावट



नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की प्रमुख अनुषंगी कंपनियों- भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के कोयला उत्पादन में हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में गिरावट दर्ज की गई है।

कोयला उत्पादन में यह गिरावट ऐसे समय में आई है जब पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर गैस और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे आयातित कोयले की कीमतें बढ़ी हैं और देश की कोयले पर निर्भरता काफी बढ़ गई है। कोल इंडिया के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में बीसीसीएल के उत्पादन में 12.3 प्रतिशत, सीसीएल में 6.1 प्रतिशत, डब्ल्यूसीएल में 8.8 प्रतिशत और एमसीएल के उत्पादन में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है। दूसरी ओर, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) और नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ही दो ऐसी अनुषंगी कंपनियां रहीं जिन्होंने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। एसईसीएल का उत्पादन 5.3 प्रतिशत और एनसीएल का उत्पादन 1.1 प्रतिशत बढ़ा। देश के कुल घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है। कुल मिलाकर, बीते वित्त वर्ष में कोल इंडिया का कुल उत्पादन 1.7 प्रतिशत घटकर 76.81 करोड़ टन रह गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 78.11 करोड़ टन था। इसी तरह कंपनी द्वारा कोयले का उठाव भी 2.4 प्रतिशत घटकर 74.48 करोड़ टन रह गया।

## पेज एक का शेष

### नागरिक प्रथम

कहा कि पुरानी व्यवस्था में अधिकारी होने पर अत्यधिक जोर दिया जाता था, जबकि आज देश का ध्यान पूरी तरह कर्तव्य भावना पर केंद्रित है। उन्होंने लोकसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, हर निर्णय से पहले यदि आप यह सोचें कि आपका कर्तव्य क्या मांगता है, तो आपके निर्णयों का प्रभाव खुद कई गुना बढ़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को लगातार अद्यतन करते रहना होगा। लोकसेवकों को यह याद दिलाते हुए कि आम नागरिक के लिए स्थानीय सरकारी दफ्तर ही पूरे शासन का चेहरा होता है, मोदी ने कहा कि अधिकारियों की कार्यशैली और व्यवहार लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को सीधे प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा, हम जो भी करें, जिस भी स्तर पर करें, हमें उस विश्वास की रक्षा करनी चाहिएअ यही हमारे लोकतंत्र की नींव है।

### पेट्रो रसायन

की बढ़ती कीमतों के असर से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया था। साथ ही डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। फिलहाल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर शून्य है। सरकार ने बुधवार को एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) इकाइयों को अपने निर्यात कारोबार का 30 प्रतिशत तक घरेलू बाजार में बेचने की अनुमति दी। वैश्विक व्यापार बाधाओं के कारण एसईजेड में मौजूदा इकाइयों पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए यह एक बारगी राहत के रूप कदम उठाया गया है।

### पुलिस में 81

दिए। मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में राजभवन, मुख्यमंत्री आवास एवं पुलिस मुख्यालय सहित महत्वपूर्ण स्थलों पर लंबे समय से तैनात पुलिस कार्मिकों के स्थानांतरण के निर्देश देते हुए कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और नई ऊर्जा बनाए रखने पर जोर दिया। अग्निशमन एवं आपात सेवा की समीक्षा में वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग 42,000 अग्निकांडों पर नियंत्रण, 10,000 से अधिक आपात घटनाओं में त्वरित कार्रवाई तथा लगभग 800 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाने की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद में कम से कम एक हाइड्रोलिक फायर टेंडर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने 'एक तहसील-एक फायर टेंडर' के लक्ष्य को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### समाज को

से आकाशवाणी लखनऊ में वंदे मातरम का गायन हो रहा है। आकाशवाणी देश की आजादी की लड़ाई को आगे बढ़ाने का मंच भी बना था। इसके साथ ही कला-साहित्य, कृषि, युवा, हस्तशिल्प समेत अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी विभूतियों के लिए व्यापक शोध किए जाते थे। उनकी बोली के अनुरूप कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते थे। किसान रेडियो पर ह्यकिसान दर्शनह्ण कार्यक्रम सुनते थे। सीएम योगी ने कहा कि आज हम लोग आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री जी के ह्यमन की बातह्ण सुनते हैं। यह कार्यक्रम 3 अक्टूबर 2014 से प्रारंभ हुआ। अब तक इसके 132 एपिसोड हो चुके हैं। देश के अलग-अलग क्षेत्रों में क्या विशिष्ट हो रहा है। विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने और समाज के लिए हम क्या विशिष्ट योगदान दे सकते हैं। इन सभी को ध्यान में रखकर पीएम मोदी के ह्यमन की बातह्ण में देश प्रथम का भाव प्रदर्शित होता है। देश के लिए योगदान करने वाले लोगों की सराहना, उनकी उपलब्धियों के बारे में प्रधानमंत्री के मुख से सुनना बड़ा सम्मान है। पीएम मोदी हर बार ह्यमन की बातह्ण में पांच-सात दृष्टांत प्रस्तुत करते हैं, जो हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। सीएम योगी ने कहा कि जब स्मार्टफोन, टेलीविजन, लैंडलाइन फोन की इतनी व्यवस्था नहीं थी, तब देश-दुनिया को जानने का माध्यम आकाशवाणी ही था। जहां सड़क-पगडंडी भी नहीं थी, वहां आकाशवाणी पहुंच चुका था। इसके कार्यक्रम लोगों को प्रेरित करते थे। आकाशवाणी ने लोकवाद्यों को भी प्रोत्साहित किया। जिन्होंने सड़क नहीं देखी, वे लोग भी अपने लोकवाद्य के साथ आकाशवाणी जाकर उसका वादन करते थे, तब देश को इन वाद्यों के बारे में जानकारी मिल पाती थी। आकाशवाणी किसानों, खिलाड़ियों के लिए प्लेटफॉर्म बना। आज हमारे पास जानकारी लेने के अनेक साधन हैं, लेकिन उस समय ऐसा कुछ भी नहीं था। हमने आकाशवाणी को आवाज से आगे बढ़कर जनविश्वास के प्रतीक के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ते देखा है। सीएम ने इसके वर्तमान स्वरूप पर भी अपनी बातें रखीं। कहा कि 88 वर्ष पश्चात यह चिंतन की आवश्यकता है कि समय के अनुरूप हम अपने आप को कितना तैयार कर पाए हैं और आज के अनुरूप कार्यक्रम को कैसे और लोकप्रिय-प्रभावी बना सकते हैं। सीएम ने आकाशवाणी के सीईओ से आज के परिप्रेक्ष्य में आकाशवाणी की भूमिका पर जोर दिया और विश्वास जताया कि आकाशवाणी साहित्यकारों, कलाकारों, युवाओं, किसानों, हस्तशिल्पियों समेत समाज के अलग-अलग तबके के लोगों के साथ ही पुराने लोगों के बारे में नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगा। सीएम ने अपने स्कूल के समय को भी याद किया और कहा कि उस समय हम लोगों में आपस में आकाशवाणी के कार्यक्रमों की भी चर्चा होती थी।

### मुख्यमंत्री योगी से

निवेश के विस्तार की दिशा में सक्रिय रूप से योजनाएं बना रही हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि आगामी महीनों में सिंगापुर के औद्योगिक जगत का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश का दौरा करेगा, जो राज्य में निवेश के विविध अवसरों का अवलोकन करते हुए बड़े निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने की दिशा में आगे बढ़ेगा। सिंगापुर द्वारा प्रदेश के युवाओं के लिए कौशल विकास (स्किलिंग) के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सांस्कृतिक सहयोग के संदर्भ में कुशीनगर, सारनाथ जैसे बौद्ध पर्यटन स्थलों की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए दोनों पक्षों ने पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं को आकार देने पर सहमति व्यक्त की। इससे प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा के साथ-साथ झांसी, वाराणसी सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे उत्तर प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास को और गति मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ देश की सबसे तीव्र गति से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी एवं उद्योग-अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर कानून-व्यवस्था, आधुनिक आधारभूत संरचना, सुदृढ़ कनेक्टिविटी तथा कुशल मानव संसाधन उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सर्वोत्तम गंतव्य बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क तथा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब निवेशकों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सिंगापुर को एक विश्वस्तरीय आर्थिक एवं तकनीकी साझेदार बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश, शहरी विकास, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेंट तथा पर्यटन के क्षेत्रों में सिंगापुर के साथ दीर्घकालिक और परिणामोन्मुखी सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी प्रतिनिधिमंडल का दौरा दोनों पक्षों के बीच निवेश एवं साझेदारी के नए आयाम स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सिंगापुर की तकनीकी दक्षता और उत्तर प्रदेश की विशाल संभावनाओं का समन्वय दोनों पक्षों के लिए पारस्परिक लाभ का मार्ग प्रशस्त करेगा और यह साझेदारी सतत विकास, नवाचार एवं रोजगार सृजन के नए मानक स्थापित करेगी।

### ईरान में

चाहिए। ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के इस संबोधन में हाल के हफ्तों में कही गई अपनी कई बातों को दोहराया। जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, कई अमेरिकी मानते हैं कि अमेरिका की सेना ने ईरान में जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप किया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गैस एवं तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। ट्रंप ने कहा, मुझे आज रात यह कहते हुए खुशी हो रही है कि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य लगभग पूरे होने वाले हैं। उन्होंने कहा, हम काम खत्म करने वाले हैं और हम इसे बहुत तेजी से पूरा करेंगे। हम बहुत करीब पहुंच चुके हैं।

### होर्मुज पर

आवाजाही हर देश का हक है। इससे कोई समझौता नहीं हो सकता। विदेश सचिव ने चिंता जताई कि इस पूरे संकट का सीधा असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा है। ब्रिटेन की ओर से बुलाई गई बैठक में सबसे महत्वपूर्ण बात जो भारत ने दुनिया के सामने रखी, वह थी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा।

### उत्तराखंड पुलिस

लेकिन इसके बावजूद पुलिस बल ने हर परिस्थिति में अपनी दक्षता साबित की है। विशेष रूप से केदारनाथ आपदा के दौरान राहत कार्यों में पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता उल्लेखनीय रही। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महाकुंभ, चारधाम यात्रा और कांवड़ यात्रा जैसे विशाल आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण में उत्तराखंड पुलिस की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है, जिसने उसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, पर्यटन क्षेत्रों की सुरक्षा और सामुदायिक पुलिसिंग में तकनीकी नवाचार के माध्यम से पुलिस ने एक आधुनिक और जनहितैषी मॉडल विकसित किया है, जिसे अन्य राज्य भी अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि राज्य के रजत जयंती वर्ष में इस सम्मान का मिलना उत्तराखंड के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण है, जो पिछले वर्षों में किए गए समर्पित प्रयासों और विकास यात्रा का प्रतीक है।

### रक्षा निर्यात में

वर्ष 2025-26 तक 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहा है। रक्षा निर्यातकों की संख्या भी बढ़कर 128 से 145 हो गई है, जो गत वित्त वर्ष की तुलना में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि है। इसमें कहा गया कि कारोबार सुगमता और रक्षा निर्यातकों को सुविधा देने के लिए सरकार के लगातार प्रयासों ने प्रदर्शन-उन्मुख और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

### लखनऊ के

दावा वैध नही माना जायेगा साथ ही उक्त मसले में अंतिम नोटिस 31 मार्च को जारी करते हुए कब्जाधरियो को स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था इसके बाद 31 मार्च 2026 को अंतिम नोटिस जारी कर कब्जाधारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था किंतु निर्धारित समयसीमा के भीतर कब्जा न हटाने पर प्रशासन ने खुद मोर्चा संभालते हुए भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर कार्यवाही सुनिश्चित की। मामले की गंभीरता को ध्यान रखते हुए शासन प्रशासन ने बेहद गंभीरता से अदालत के आदेश का कराया अनुपालन राजस्व से जुड़े अधिकारियो व एडीसीपी की मौजूदगी में पीएससी सहित कई थानों की पुलिस भी रही मौजूद जेसीबी सहित कई डंपरों से बनी मस्जिद की मिट्टी बाहर हटाई गई। इस दौरान ग्राम सभा की और सभी मार्ग पर बैरीकाटिंग कर दी गई थी।




# हैदराबाद ने कोलकाता को दिया 227 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : नीतीश और क्लासन ने 82 रन की पार्टनरशिप की; मुजरबानी को 4 विकेट

एजेंसी



कोलकाता। आईपीएल के 7वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 227 रन का टारगेट दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में केकेआर ने बॉलिंग चुनी। एसआरएच ने पावरप्ले में 84 रन बनाने के बाद 10 ओवर तक 4 विकेट गंवा दिए। हेनरिक क्लासन और नीतीश रेड्डी ने फिर 82 रन की पार्टनरशिप कर टीम को 226 तक पहुंचा दिया। कोलकाता के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 और वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट लिए। कार्तिक त्यागी और अनुकूल रॉय को 1-1 विकेट मिला। एसआरएच से क्लासन ने 52, नीतीश ने 39, अभिषेक शर्मा ने 48 और ट्रैविस हेड ने 46 रन बनाए। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर ब्लेसिंग मुजरबानी ने शिवांग कुमार को कैच करा दिया। यह उनका चौथा विकेट रहा।

उन्होंने हेनरिक क्लासन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को भी पवेलियन भेजा। आखिरी ओवर में हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने तीसरी गेंद पर स्क्वेयर लेग की दिशा में चौका लगाया और 34 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। अगली ही गेंद पर वे कैच भी हो गए। 19वें ओवर में वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहली गेंद पर नीतीश रेड्डी को वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच कराया। रेड्डी ने 39 रन बनाए। अगली ही गेंद पर वैभव ने सलिल अरोड़ा को बोल्ड भी कर दिया। 18 ओवर के बाद हैदराबाद ने 200 रन पूरे कर लिए। नीतीश रेड्डी ने कार्तिक त्यागी के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की डबल सेंचुरी पूरी करा दी। नीतीश रेड्डी और हेनरिक क्लासन ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। टीम ने 10वें ओवर में 118 रन के स्कोर पर चौथा विकेट गंवा दिया था। रेड्डी और क्लासन ने यहां से 15 ओवर में टीम का स्कोर 168 रन तक पहुंचा दिया। 14वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 150 रन पूरे कर लिए। टीम ने 9वें और 10वें ओवर में 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से हेनरिक क्लासन और नीतीश रेड्डी ने पारी संभाल ली। 8 ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर 110/1 था। 9वें ओवर में ब्लेसिंग मुजरबानी ने ईशान किशन और अभिषेक शर्मा को कैच कराया। 10वें ओवर में अनुकूल रॉय ने अनिकेत वर्मा को भी पवेलियन भेज दिया। 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर 123/4 हो गया। यहां टीम ने 7 गेंद के अंदर 8 रन बनाने में 3 विकेट गंवाए। 9वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल ब्लेसिंग मुजरबानी ने शॉर्ट पिच फेंकी। अभिषेक शर्मा ने पुल शॉट खेला, लेकिन डीप स्क्वेयर लेग पोजिशन पर वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच हो गए।

अभिषेक ने 21 गेंद पर 48 रन बनाए। 9वें ओवर में हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की दूसरी बॉल ब्लेसिंग मुजरबानी ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट पिच फेंकी। ईशान किशन बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। ईशान ने 9 गेंद पर 14 रन बनाए। 8वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने सेंचुरी पूरी कर ली। कप्तान ईशान किशन ने कार्तिक त्यागी के खिलाफ चौका लगाया और टीम के 100 रन पूरे करा दिए। पावरप्ले के आखिरी ओवर में हैदराबाद ने पहला विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बॉल कार्तिक त्यागी ने शॉर्ट पिच फेंकी। ट्रैविस हेड बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन मिड ऑन पोजिशन पर कैमरन ग्रीन के हाथों कैच हो गए। हेड ने 21 गेंद पर 46 रन बनाए। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ 82 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। हैदराबाद ने पावरप्ले में 84 रन बनाए। पावरप्ले के 5वें ओवर में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती बॉलिंग करने आए। उन्होंने 6 गेंद पर 25 रन खर्च कर दिए। अभिषेक शर्मा ने उनके ओवर में 2 छक्के और 3 चौके लगाए। चौथे ओवर में कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे से ट्रैविस हेड का कैच छूट गया। ओवर की पांचवीं बॉल सुनील नरेन ने गुड लेंथ पर ऑफ स्पिन फेंकी। हेड आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। रहाणे पीछे की ओर दौड़कर गेंद के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। अगली ही ओवर में हैदराबाद ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। पावरप्ले के तीसरे ओवर में वैभव अरोड़ा ने 21 रन खर्च कर दिए।

उनके खिलाफ ट्रैविस हेड ने 2 चौके और 2 छक्के लगाए। वैभव ने एक वाइड भी फेंकी। इससे पहले ओपनर्स ने दूसरे ओवर में 16 रन बनाए थे। यह ओवर ब्लेसिंग मुजरबानी ने फेंका था। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने वैभव अरोड़ा के खिलाफ पहले ओवर में 6 रन बना लिए। हैदराबाद ने मध्य प्रदेश से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले लेफ्ट आर्म चाइनामैन स्पिनर शिवांग कुमार को डेब्यू कैप सौंपी। हर्षल पटेल और ईशान मलिंगा को इम्पैक्ट प्लेयर लिस्ट में रखा गया। दोनों ने पिछला मैच खेला था। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे अपना 200वां कदछ मैच खेलने उतरे। वे ऐसा करने वाले 11वें ही प्लेयर बने। उनसे पहले एमएस धोनी, रोहित शर्मा, विराट कोहली और शिखर धवन जैसे भारतीय दिग्गज भी मैचों की डबल सेंचुरी पूरी कर चुके हैं। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। उन्होंने कहा कि यहां ओस रहती है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से यहां ओस कुछ खास नजर नहीं आई। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में योजना पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शीर्ष तीन में खेलने से यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है। पंत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए उतरे और केवल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। दिल्ली ने यह मैच छह विकेट से जीता। लखनऊकी हार के बाद पंत ने कहा था कि वह इस सत्र में शीर्ष क्रम में खेलने की योजना बना रहे हैं लेकिन पीटरसन ने कहा कि इससे वह अपने खेल का आनंद नहीं ले पाएंगे। पीटरसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, जब आप लखनऊकी टीम की बल्लेबाजी की ताकत और गहराई को देखते हैं।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करने की कोशिश करेगा चेन्नई सुपर किंग्स




चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा।

हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं।

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की।

उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनॉली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरुआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है। अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने टाइटंस के खिलाफ अपनी लाइन और गति में विविधता से प्रभावित किया। उन्होंने बीच के ओवरों में रन प्रवाह रोका और दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। उन्हें तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाक का अच्छा सहयोग मिला। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

टीम इस प्रकार हैः

पंजाब किंग्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।

## संक्षेप

### आदित्य एशियाई चैंपियनशिप में जीते

उलानबटोर (मंगोलिया)। भारतीय मुक्केबाज आदित्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहौसाव के खिलाफ पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की।

आदित्य ने इस साल जनवरी में नौवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। आदित्य को अगले दौर में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस प्रतियोगिता में पूरे महाद्वीप के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### टाइगर वुड्स ने राइडर कप कप्तान का पद ठुकराया

न्यूयॉर्क। पिछले कुछ समय से गोल्फ से जुड़ी गतिविधियों से दूर रहने वाले टाइगर वुड्स ने बुधवार को औपचारिक रूप से राइडर कप की कप्तानी ठुकरा दी क्योंकि वह विदेश में अपना इलाज कराएंगे। फ्लोरिडा के एक न्यायाधीश ने इलाज के लिए देश छोड़ने के उनके आवेदन को मंजूरी दे दी है। वुड्स को को पिछले सप्ताह नशे में गाड़ी चलाने के संदेह के कारण गिरफ्तार किया गया था लेकिन कुछ घंटे बाद ही उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। वुड्स ने एक बयान जारी कर कहा कि वह इलाज कराने और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अनिश्चित काल के लिए खेल से दूर जा रहे हैं। उनके वकील डगलस डंकन ने बुधवार को दायर एक याचिका में न्यायाधीश से वुड्स को उपचार के लिए विदेश जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि वुड्स को इलाज के लिए विदेश इसलिए जाना पड़ रहा है क्योंकि अमेरिका में उन्हें अपनी निजता से बार-बार समझौता करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वुड्स को इलाज के लिए विदेश इसलिए जाना पड़ रहा है।

## सोमाया ने अखिल भारतीय शतरंज में पलाश को हराया

एजेंसी



मुंबई। श्रेयांश सोमाया ने बृहस्पतिवार को यहां अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स टूर्नामेंट के छठे दौर में शीर्ष पर चल रहे पलाश मपारा को हराकर उनके अजेय अभियान पर विराम लगाया। सोमाया इस फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट में 5.5 अंक जुटाकर श्रीराम महासने और एजीएम राजवीर नाहर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं।

शीर्ष बोर्ड पर खेलते हुए पलाश को श्रेयांश की रणनीतिक दक्षता के सामने टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा ने साइप्रस में जारी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के दौरान अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के सख्त एंटी-चीटिंग (धोखाधड़ी रोधी व्यवस्था) उपायों की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हे पूरी तरह बेतुकौ करार दिया है। विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में लागू एंटी-चीटिंग उपायों के बारे में पूछे जाने पर नाराजगी जाहिर की। यह टूर्नामेंट इस साल होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए डी गुकेश को चुनौती देने वाले खिलाड़ी का फैसला करेगा। नाकामुरा ने कहा कि खेल क्षेत्र के आसपास लगाए गए स्कैनर और मशीनों के कारण खिलाड़ियों को ऐसा महसूस हो रहा है मानो वे ईरान के भीतर काम कर रहे मोसाद (इजराइल की खुफिया एजेंसी) के एजेंट हों। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर जॉन लुडविग हैमर और लक्जमबर्ग की विम फियोना स्टील-एंटोनी के साथ बातचीत में कहा, खेल में देरी, बोर्ड पर धोखाधड़ी जैसी बातों के बारे में मेरा सामान्य विचार यही है कि मैं इसे पूरी तरह बकवास मानता हूं।

### रासी वान डेर डुसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने इस साल केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिलने के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, लेकिन कहा कि वह अपनी घरेलू टीम लायंस की तरफ से खेलते रहेंगे। जोहानिसबर्ग के 37 वर्षीय खिलाड़ी वान डेर डुसेन ने पिछले साल मार्च से दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने 2018 में 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा 18 टेस्ट, 71 वनडे और 57 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वान डेर डुसेन ने एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा मैं अत्यंत गर्व और कृतज्ञता के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं।

## शमी की वापसी तो बस शुरुआत : पुजारा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अच्छी गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज की वापसी की राह में यह तो बस शुरुआत है।

भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी को लखनऊ ने 10 करोड रुपए में खरीदा। शमी ने लखनऊकी तरफ से पदार्पण करते हुए अपनी पहली गेंद पर ही केएल राहुल को आउट कर दिया था और इस तरह से वह आईपीएल इतिहास में पांच बार पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। पुजारा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शमी के प्रदर्शन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से कहा, आईपीएल का यह सत्र मोहम्मद शमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और जिस तरह से उन्होंने दिल्ली के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा, शमी ने भले ही 28 रन देकर एक विकेट लिया लेकिन उन्होंने पावर प्ले में अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पहली गेंद पर ही केएल राहुल को आउट किया और इसका पूरा श्रेय शमी को जाता है। लखनऊकी टीम इस मैच में हार गई लेकिन शमी ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

पुजारा ने कहा, शमी को पता था कि राहुल को इनसाइड आउट शॉट खेलना पसंद है, इसलिए उन्होंने गेंद ऑफ स्टंप से बाहर फेंकी। राहुल ने इनसाइड आउट शॉट खेला लेकिन गेंद सीधे डीप प्वाइंट पर खड़े फील्डर के हाथों में चली गई। इसके बाद भी उन्होंने कसी गेंदबाजी की। पुजारा ने कहा, शमी पिछले एक साल से घरेलू क्रिकेट में सभी प्रारूपों में खेल रहे हैं और उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। वह अपने घरेलू फॉर्म को आईपीएल में भी बरकरार रख रहे हैं। दिल्ली के खिलाफ यह प्रदर्शन मोहम्मद शमी की वापसी की राह में केवल शुरुआत है।

### आईपीएल खेलने के लिए अदालत का हस्तक्षेप चाहते हैं तुषारा

कोलंबो। श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में खेलने के लिए गुरुवार को अदालत से हस्तक्षेप करने की मांग की क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड ने फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार कर दिया था। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने खरीदा था। उन्होंने कोलंबो जिला न्यायालय में मामला दायर कर श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को एनओसी जारी करने का आदेश देने की मांग की है। इस मामले की सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।

### हर क्रिकेटर को बचपन से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए : युवराज

नयी दिल्ली। विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रिकेटरों को अपने मुख्य पेशे के तनाव से निपटने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए। युवराज क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते हैं। उन्हें दूसरे इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) का ब्रांड दूत बनाया गया है। युवराज ने आईजीपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के अनावरण के मौके पर कहा, क्रिकेटरों को क्रिकेट के साथ-साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए। मुझे भी पहले गोल्फ खेलना चाहिए था।

## हॉकी : गोवा, बंगाल, चंडीगढ़, उत्तराखंड जीते

एजेंसी



रांची। गोवा, बंगाल, चंडीगढ़ और उत्तराखंड ने बृहस्पतिवार को यहां सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने-अपने मैच जीते। गोवा ने डिवीजन सी पूल ए के मैच में तेलंगाना को 6-3 से, बंगाल ने डिवीजन बी पूल ए के मैच में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव को 1-0 से हराया, जबकि चंडीगढ़ ने डिवीजन बी पूल बी के मैच में गुजरात को 12-1 से करारी शिकस्त दी।

डिवीजन बी पूल बी मैच के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने कर्नाटक को 6-। से हराया। गोवा की कप्तान डेलिना मेंडेस (40वें और 41वें मिनट) और बर्टिला केरकेट्टा (48वें और 52वें मिनट) ने दो-दो गोल किए, जबकि सीमा तिर्की (तीसरे मिनट) और विद्या कुमारी (16वें मिनट) ने भी गोल दागे। तेलंगाना की ओर से आनंदी महानंद (30वें और 36वें मिनट) और नव्याश्री अकुला (15वें मिनट) ने गोल दागे। बंगाल के लिए कप्तान पूजा कुमारी साव (21वें मिनट) ने दूसरे क्वार्टर में विजयी गोल दागा। चंडीगढ़ की तरफ से कप्तान काफी (38वें, 46वें, 55वें और 60वें मिनट), अनु (नौवें और 30वें मिनट), आंचल (12वें और 14वें मिनट), नैन्सी कश्यप (13वें और 18वें मिनट), भावना (10वें मिनट) और यास्मीन शर्मा (20वें मिनट) ने गोल दागे।

गुजरात के लिए कप्तान नियति परमार (23वें मिनट) ने एकमात्र गोल दागा। उत्तराखंड की ओर से करीना (10वें, 12वें और 17वें मिनट) ने शुरुआती हैट्रिक बनाई, जबकि कप्तान मीनाक्षी (सातवें मिनट), देवयानी जोशी (53वें मिनट) और दीया (60वें मिनट) ने भी गोल दागे। कर्नाटक की ओर से प्रीति नीलाराड्डी (31वें मिनट) एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। वहीं दूसरी ओर आंध्र प्रदेश, मिजोरम और दिल्ली ने बृहस्पतिवा को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में 16वीं सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में डिवीजन सी के पूल ए में आंध्र प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इसी डिवीजन में मिजोरम ने असम को 6-0 से हराया। डिवीजन बी के पूल ए में दिल्ली ने एकतरफा मुकाबले में बंगाल के खिलाफ 9-1 से जीत दर्ज की।

### कोचर इंटरनेशनल सीरीज गोल्फ के पहले दिन शीर्ष 10 में

चीबा (जापान)। भारतीय गोल्फर करनदीप कोचर ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता इंटरनेशनल सीरीज जापान के पहले दौर में बृहस्पतिवार को यहां चार-अंडर 67 का स्कोर कर शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफलता हासिल की। कोचर तालिका में शीर्ष पर काबिज कोरिया के होंगटेक किम से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने पहले दिन सात-अंडर 64 का बेहतरीन स्कोर बनाकर बढ़त बनाई। कोचर ने बिना बोगी किए पहले, चौथे, छठे और आठवें होल पर चार बर्डी लगाईं। भारतीय दिग्गज जीव मिल्खा सिंह (संयुक्त-85वें स्थान पर) और गगनजीत भुल्लर (संयुक्त-103वें स्थान पर) ने क्रमशः एक-ओवर 72 और दो-ओवर 73 का स्कोर बनाया। इन खिलाड़ियों को मुकाबले में बने रहने के लिए शुक्रवार को कड़ी मेहनत करनी होगी। इंटरनेशनल सीरीज का महत्व इसलिए भी है क्योंकि सत्र के अंत में शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी एलआईवी गोल्फ लीग में जगह बनाते हैं।

## आर्सेनल व बायर्न चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

एजेंसी



लंदन। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल दूसरे चरण में चेल्सी से1-0 से हारने के बावजूद महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-1 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से वह 3-2 के कुल स्कोर के आधार पर अंतिम चार में पहुंच गया है। अब उसका सामना वोल्फ्सबर्ग या लियोनेस में से किसी एक से होगा। स्टैमफोर्ड ब्रिज में खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में स्जोके नुस्केन ने चेल्सी के लिए गोल दागा।

इससे पहले बायर्न म्यूनिख ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया और कुल मिलाकर 5-3 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अन्य दो क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना का सामना रियाल मैड्रिड से जबकि वोल्फ्सबर्ग का लियोन से होगा। पहले चरण के बाद बार्सिलोना 6-2 से जबकि वोल्फ्सबर्ग 1-0 से आगे है। वहीं दूसरी ओर डाइमंड हार्बर एफसी ने ह्यूगो डियाज और स्थानापन्न खिलाड़ी संडे कोलावोल के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां इंडियन फुटबॉल लीग में रीयल कश्मीर एफसी को 2-1 से हराया। डियाज ने 55वें मिनट में डाइमंड हार्बर की टीम को बढ़त दिलाई लेकिन जूनियर तराओरे ने 67वें मिनट में मेजबान टीम को बराबरी दिलाते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। कोलावोल ने हालांकि 83वें मिनट में हैडर से गोल दागकर डाइमंड हार्बर की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से डाइमंड हार्बर एफसी की टीम छह मैच में 13 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

रीयल कश्मीर की टीम दो अंक के साथ अंतिम पायदान पर है। वहीं दूसरी ओर इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवतः इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालीफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुँचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

# अमेरिका में तरजीही बाजार पहुंच चाहता है भारत

## अमेरिका के साथ व्यापार बढ़ाने के मामले में भारत बेहद अनुकूल स्थिति में: गोयल


एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अपने उत्पादों के लिए अमेरिका में तरजीही बाजार पहुंच चाहता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ भारत के संबंध बहुत मजबूत हैं और प्रौद्योगिकी, रक्षा, व्यापार तथा निवेश जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरी रणनीतिक साझेदारी है।

गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे संबंध बहुत मजबूत हैं। प्रौद्योगिकी, रक्षा, व्यापार व निवेश सहित कई क्षेत्रों में हमारी गहरी रणनीतिक साझेदारी है। हमारा मानना है कि भारत को तरजीही बाजार पहुंच मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ भारत का व्यापार समझौता बेहतर स्थिति में है। अमेरिका के साथ व्यापार बढ़ाने के मामले में भारत बेहद अनुकूल स्थिति में है। मंत्री ने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के कारण भारत निवेशकों के लिए बड़े अवसर प्रदान करता है और भविष्य में अधिक संख्या में एवं अधिक मूल्य के साथ निवेशक भारत की ओर आकर्षित होंगे। गोयल ने 27 मार्च को कैमरून की राजधानी याउंडे में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के साथ बैठक की थी, जिसमें भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत के अगले चरणों पर चर्चा हुई। यह बैठक विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) के दौरान हुई। फरवरी में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी, हालांकि इस पर अभी हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। भारत और अमेरिका ने दो फरवरी को व्यापार समझौते पर सहमति बनने की घोषणा की थी और सात फरवरी को इसके लिए संयुक्त बयान जारी किया गया था। रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क 18 प्रतिशत तक घटाने पर सहमति जताई थी। हालांकि, बाद में अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक शुल्क के खिलाफ फैसला आने के बाद अमेरिका की शुल्क संरचना में बदलाव हुआ। इसके बाद ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लागू कर दिया। इन बदलावों के कारण भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों की प्रस्तावित बैठक को स्थगित कर दिया गया। यह बैठक समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए फरवरी में होने वाली थी। एक अधिकारी ने पहले बताया था कि भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर अमेरिका की नई वैश्विक शुल्क संरचना पूरी तरह लागू होने पर ही किए जाएंगे।



# देश में ईंधन या गैस की कोई कमी नहीं है : राजनाथ सिंह



तिरुवनंतपुरम। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में ईंधन या गैस की कोई कमी नहीं है और भारत पश्चिम एशिया संघर्ष के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाले किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तैयार है।

चुनावी राज्य केरल में एक सैनिक सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाज समुद्री व्यापार के एक महत्वपूर्ण मार्ग और ईरानी क्षेत्र होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले देश के टैंकरों की सुरक्षा कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खाड़ी क्षेत्र में भारतीय हितों की रक्षा के लिए अपने कूटनीतिक कौशल का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम पश्चिम एशिया की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में रहने वाले अपने नागरिकों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि यदि पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से कोई दुस्साहस किया गया, तो भारत की प्रतिक्रिया अभूतपूर्व और निर्णायक होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के आने के बाद से आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई है और सरकार के रवैये तथा कार्वाई के तरीके में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यह बात अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान देश में आतंकी हमले लगातार होते थे और उनके खिलाफ कोई ठोस कार्वाई नहीं की जाती थी। हालांकि, राजग सरकार ने आतंकी हमलों पर काबू पाया है और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए हैं।

## संक्षेप

### आप ने राघव को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता के पद से हटाने का आग्रह किया

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर अपने सांसद राघव चड्ढा को सदन में पार्टी के उप-नेता के पद से हटाने का आग्रह किया और उनके स्थान पर पंजाब के सांसद अशोक मित्तल का नाम प्रस्तावित किया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, पत्र में कहा गया है कि चड्ढा को सदन में बोलने के लिए आप के निर्धारित कोटे से समय आवंटित नहीं किया जाना चाहिए। चड्ढा, पंजाब से राज्यसभा सांसद भी हैं। यह कदम आप से जुड़े मामलों पर चड्ढा की लंबे समय से चली आ रही चुप्पी और पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के कई सार्वजनिक कार्यक्रमों से उनकी अनुपस्थिति के बीच उठाया गया है। कभी केजरीवाल के करीबी विश्वासपात्र और देश के सबसे युवा सांसदों में से एक माने जाने वाले चड्ढा ने पार्टी के कार्यों में अहम भूमिका निभाई थी। इसमें खासकर पंजाब और दिल्ली में आप के कार्यकाल के दौरान उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। हालांकि, हाल के महीनों में हालात बदल गए हैं। आबकारी नीति मामले से जुड़े होने के आरोप में मार्च 2024 में दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय चड्ढा मेडिकल कारणों से विदेश में थे।

# न्यायिक अधिकारियों पर हमला निदंनीय, भाजपा अशांति फैलाने की साजिश रच रही: ममता

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल में अशांति फैलाने और अंततः विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी और सुति में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने सधे हुए शब्दों में भाजपा पर तीखा हमला किया और लोगों से भाजपा के दंगों के जाल में नहीं फंसने का आग्रह किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर न्यायिक अधिकारियों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया तथा जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक शक्तियां छीन लिए जाने के बावजूद वह राजनीतिक रूप से लड़ाई लड़ रही हैं। मतदाता सूची से नाम हटाने के विरोध में प्रदर्शनकारियों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण में शामिल सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव किए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी सारी शक्तियां छीन ली गई हैं और बंगाल को बदनाम किया जा रहा है।

# लोगों में ईरान के साथ युद्ध को जारी रखने का धैर्य है या नहीं : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता है कि अमेरिका के लोगों में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को जारी रखने का धैर्य है या नहीं।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में ईस्टर से संबंधित दोपहर के भोजन के दौरान उनकी निजी टिप्पणियां इस बात का संकेत देती हैं कि राष्ट्रपति पर युद्ध को समाप्त करने के लिए घरेलू दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका बहुत आसानी से ईरान का तेल अपने नियंत्रण में ले सकता है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिकी जनता में इसके लिए धैर्य नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा, लोग इस युद्ध को खत्म होते देखना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि वह ईरान के तेल पर कब्जा करना चाहते हैं, लेकिन देश के लोग कहते हैं- बस जीत हासिल करो। तुम बहुत बड़ी जीत के करीब हो। बस जीतकर घर लौट आओ। उन्होंने कहा, मुझे इससे भी कोई दिक्कत नहीं है। उनके इस भाषण का वीडियो बिजनेस इनसाइडर के एक रिपोर्टर ने ऑनलाइन पोस्ट किया। रिपोर्टर के अनुसार, व्हाइट हाउस ने बंद कमरे में हुए इस



कार्यक्रम का वीडियो अपलोड किया था, जिसे उन्होंने बाद में निजी कर दिए जाने से पहले डाउनलोड कर लिया। इस वीडियो को हटाने के कारण पर व्हाइट हाउस ने एसोसिएटेड प्रेस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। इस निजी भोज कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन, जापान और दक्षिण कोरिया को हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने में शामिल होना चाहिए। इससे पहले भी ट्रंप ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगियों पर नाराजगी जताई थी, क्योंकि वे ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की कार्वाई पूरी होने तक इस जलडमरूमध्य की सुरक्षा में शामिल होने को लेकर हिचकिचा रहे थे। बुधवार को व्हाइट हाउस में आयोजित इस निजी भोज कार्यक्रम में ट्रंप ने कुछ एशियाई देशों पर भी नाराजगी जतायी, जो अमेरिका की तुलना में खाड़ी देशों के तेल पर अधिक निर्भर हैं। ट्रंप ने इस दौरान नाटो को बहुत खराब सहयोगी और कागज़ी शेर भी बताया। उन्होंने कहा, नाटो ने हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया है और इसे याद रखना चाहिए, क्योंकि अगर हमें कभी उनकी जरूरत पड़ी तो वे फिर ऐसा ही करेंगे। उम्मीद है कि हमें उनकी जरूरत कभी नहीं पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि वे बहुत कुछ कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अगर कभी कोई बड़ा युद्ध हुआ, तो नाटो हमारे साथ नहीं होगा।

# पेंशन मंच के साथ एकीकरण के लिए एक सप्ताह का दिया समय

नयी दिल्ली। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग को दूरसंचार विभाग के मंच संपन्न के साथ अपनी पेंशन सेवाओं को जोड़ने के लिए बृहस्पतिवार को एक सप्ताह का समय दिया। राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में सिंधिया ने दोनों विभागों के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मौजूदा चर्चाओं को समाप्त करें और इससे जुड़ने के काम को तुरंत अंतिम रूप दें। सिंधिया ने कहा, डाक विभाग संपन्न मंच का उपयोग क्यों नहीं कर रहा है? मैं चाहता हूं कि इस कार्यक्रम के तुरंत बाद (अधिकारी) मिलें। उन्होंने कहा कि आंतरिक चर्चाएं लंबी खिंच रही हैं... बातचीत का सिलसिला कभी खत्म नहीं होता। इसलिए, मैं चाहता हूं कि अगले सप्ताह के अंत तक यह मामला सुलझ जाए। मंत्री ने सहारनपुर स्थित डाक प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम



में यह बात कही। इस कार्यक्रम में सिंधिया ने पीटीसी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। इसी कार्यक्रम में गोवा सरकार और कोचीन बंदरगाह प्राधिकरण ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) के डिजिटल मंच संपन्न से जुड़ने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। संचार लेखा नियंत्रक जनरल कार्यालय (सीजीसीए) द्वारा विकसित एवं संचालित तथा उसके स्वामित्व वाला मंच संपन्न (पेंशन के लेखांकन व प्रबंधन प्रणाली) पेंशनभोगियों के लिए एक एकीकृत, ऑनलाइन पेंशन प्रबंधन प्रणाली है। यह पेंशन की प्रक्रिया, स्वीकृति एवं पेंशनभोगियों के बैंक खाते में सीधे पेंशन वितरण की सुविधा मुहैया कराता है। इस मंच के माध्यम से वर्तमान में दूरसंचार विभाग, बीएसएनएल, एमटीएनएल और वीएसएनएल से जुड़े लगभग 4.8 लाख दूरसंचार पेंशनभोगियों के खातों में पेंशन सीधे जमा की जाती है। दूरसंचार विभाग अब संपन्न को प्लेटफॉर्म ऐज ए सर्विस (पीएएएस) के रूप में अन्य विभागों, राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को भी उपलब्ध करा रहा है।

# प. बंगाल कोयला घोटाला मामले में ईडी ने आई-पैक के अधिकारियों, विजय नायर के परिसरों पर छापे मारे

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाला मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर बृहस्पतिवार को नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ज्‍ षि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी। सिंह और जैन को हाल में ईडी ने बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया था। उन्होंने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जारी चुनाव कार्यों का हवाला देते हुए उन्हें जारी किए गए नोटिस को रद्द करने का अनुरोध करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। ईडी का मामला सीबीआई की नवंबर 2020 की प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें पश्चिम बंगाल के आसनसोल और उसके आसपास के कुनुस्तोरिया और काजोरा क्षेत्रों में स्थित ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों से संबंधित कई करोड़ रुपये के कोयले की चोरी के घोटाले का आरोप लगाया गया था। इस कथित कोयला तस्करी गिरोह से जुड़े एक हवाला ऑपरेटर ने आई-पैक की पंजीकृत कंपनी इंडियन पीएसी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को करोड़ों रुपये के लेनदेन में सहायता प्रदान की थी।

## इंटरटेनमेंट...

# 'धुरंधर 2' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1466.47 करोड़

मुंबई। फिल्म धुरंधर 2 में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी (असली नाम जसकिरत सिंह रंगी) का किरदार निभाया है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 का दुनिया भर में कलेक्शन करीब 1,466.47 करोड़ हो गया है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, रिलीज के चौदहवें दिन (बुधवार)

**14वें दिन भारत में फिल्म ने 20.10 करोड़ कमाए**

फिल्म ने भारत में 20.10 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। बता दें कि फिल्म पहले से ही दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी भारतीय फिल्म बन चुकी है। अब फिल्म के आगे दंगल, बाहुबली 2 और पुष्पा 2 हैं। धुरंधर 2 का भारत में कुल नेट कलेक्शन 920.02 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 1,101.47 करोड़ रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। ओवरसीज में फिल्म ने 365.00 करोड़ रुपए कमाए, जिससे वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1,466.47 करोड़ रुपए पहुंच गया। चौदहवें दिन फिल्म के हिंदी वर्जन ने 18.75 करोड़ रुपए की सबसे ज्यादा कमाई की। वहीं, तेलुगु में 85 लाख रुपए, तमिल में 30 लाख रुपए, कन्नड़ में 15 लाख रुपए और मलयालम में 5 लाख रुपए का कलेक्शन हुआ। धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। वहीं, 894.49 करोड़ रुपए की कमाई के साथ ही यह हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए। अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा। दिलचस्प बात यह थी कि फिल्म को खाड़ी देशों में रिलीज की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद शानदार सफलता मिली। साथ ही यह भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 'अ' रेटेड फिल्म बनी। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' यानी धुरंधर 2 पहले पार्ट की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद बड़े स्केल पर लौटी है। इस बार फिल्म सिर्फ गैंगवार या बदले की




# जन्मदिन पर फैंस से मिले अजय देवगन

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन आज यानी 2 अप्रैल को अपना 57वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उन्होंने अपने घर से बाहर निकलकर फैंस से मुलाकात की। बर्थडे के दिन सुबह से ही कई फैंस अजय देवगन के घर के बाहर इकट्ठा हो गए थे। इन लोगों में कुछ अजय देवगन के हमशक्ल भी शामिल थे। फैंस ने अजय देवगन के हमशक्ल के साथ भी खूब तस्वीरें लीं। वहीं अजय के जन्मदिन पर उनके करीबी दोस्त और डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने सोशल मीडिया पर एक खास वीडियो शेयर कर उन्हें विश किया है। इस वीडियो में रोहित और अजय के तीन दशक पुराने प्रोफेशनल और पर्सनल रिश्ते की झलक दिखाई गई है। रोहित शेट्टी ने जो वीडियो शेयर किया है, वह दो हिस्सों में है। वीडियो के पहले हिस्से में साल 2000 में आई फिल्म 'राजू चाचा' के सेट की क्लिप है।

# हनी सिंह-बादशाह को अश्लील गाने पर हाई कोर्ट की फटकार

मुंबई। दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को सिंगर हनी सिंह और बादशाह के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने उनके करीब दो दशक पुराने विवादित गाने 'माफिया मुंडीर' वॉल्यूम 1 को इंटरनेट के सभी प्लेटफॉर्म से तुरंत हटाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने इस गाने के बोल को 'बेहद अश्लील' और महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया है। जस्टिस पुरुशेंद्र कौरव की अदालत ने हनी सिंह और बादशाह को नोटिस जारी कर कड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि गाने का टाइटल और बोल इतने आपत्तिजनक हैं कि उन्हें



आधिकारिक आदेश में लिखना भी संभव नहीं है। अदालत ने निर्देश दिया कि गूगल, यूट्यूब और स्पॉटिफाई जैसे सभी म्यूजिक और वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म से इस गाने के ओरिजिनल वर्जन, रीमिक्स और यूआरएल को तुरंत ब्लॉक किया जाए। जस्टिस

# 'क्वीन 2' में कंगना रनोट आएंगी नजर

मुंबई। कंगना रनोट की फिल्म 'क्वीन' के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि कंगना और डायरेक्टर विकास बहल 'क्वीन 2' की शूटिंग अप्रैल के अंत तक शुरू करेंगे। मिड डे की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि फिल्म की कहानी पहली फिल्म का सीधा सीक्वल नहीं होगी, बल्कि यह खुद को खोजने

**अप्रैल के आखिर तक शुरू होगी शूटिंग, जानिए कैसी होगी कहानी**

और आत्मनिर्भरता के विषयों को दिखाएगी। इस बार कंगना का किरदार रानी छोटे शहर की नहीं, बल्कि शहर में रहने वाली लड़की होगी। कहानी में रानी एक ऐसी स्थिति का सामना करेगी, जो उसे खुद को खोजने के सफर पर ले जाएगी। फिल्म में दिखाया जाएगा कि वह अपनी पहचान, समझ और हिम्मत से जिंदगी की मुश्किलों का सामना कैसे करती है। इस बार उसका सफर



उसे भारत के अलग-अलग शहरों में ले जाएगा। फिल्म में कंगना के अलावा पहली फिल्म के कलाकार जैसे राजकुमार राव और लीजा हेडन नजर नहीं आएंगे। बताया जा रहा है कि सपोर्टिंग रोल्स के लिए थिएटर कलाकारों को चुना गया है। शूटिंग की शुरूआत मुंबई के एक स्टूडियो में होगी, जहां उत्तर भारतीय शहर और रानी के घर के सेट तैयार किए जाएंगे। इसके बाद टीम अन्य मेट्रो शहरों में शूटिंग करेगी। फिल्म की शूटिंग लगभग तीन महीने में पूरी की जाएगी। 'क्वीन' (2014) को फैंटम फिल्म्स और वायकॉम18 मोशन पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया था। फैंटम फिल्म्स के 2018 में बंद होने के बाद, 'क्वीन 2' को विकास बहल अपने बैनर तले बना रहे हैं। वे फिल्म के राइटर भी हैं। इस फिल्म के बाद कंगना रनौत 'तनु वेड्स मनु 3' की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसका डायरेक्शन आनंद एल राय करेंगे।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com